www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:50 सूर्यास्त 6:18

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 0.0 न्यू | 10.06 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 18.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73142.80 |
| निफ्टी | 22212.70 |
| सोना 62,950 | चांदी 73,000 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | रविवार, 25 फरवरी 2024 | 13 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 68 कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए |

जायसवाल एक सीरीज में 600 रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बने ... पेज 14

## 16वें दिन बाबा भूतनाथ बन गए बिलेश्वर महादेव पोरबंदर



**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर मंडी में धृत श्रृंगार के 16वें दिन स्वयंभू शिवलिंग पर बिलेश्वर महादेव पोरबंदर गुजरात का स्वरूप उकेरा गया। बता दें कि पोरबंदर के धार्मिक स्थलों में से एक बिलेश्वर शिव मंदिर रब्रिस और चरण के पड़ोसी समुदाओं के लिए पूजनीय स्थल है। बिलेश्वर शिव मंदिर भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति के लिए जाना जाता है।

# पीएम मोदी ने विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना की लांच

## श्रीअन्न ब्रांड को दुनिया के हर डाइनिंग टेबल तक पहुंचाने का किया आह्वान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहकार के समृद्धि कार्यक्रम के तहत दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी अनाज भंडारण योजना के पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस स्कीम के तहत देशभर में अनाज स्टोरेज बनाए गए हैं। इसे 11 राज्यों की 11 प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसायटी (पीएसीएस) में संचालित किया जा रहा है। इस पहल के तहत प्रधानमंत्री ने गोदामों और कृषि से जुड़ी अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए देशभर में अतिरिक्त 500 पीएसीएस की आधारशिला भी रखी।

यह कार्यक्रम दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित किया गया। पीएम ने सहकारी समितियों से खाद्य तेल जैसी कृषि वस्तुओं पर भारत की आयात निर्भरता कम करने और श्रीअन्न (मोटे अनाज) ब्रांड को दुनिया के हर डाइनिंग टेबल तक पहुंचाने का आह्वान किया।



### लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने में सहायक है सहकारी क्षेत्र

**प्रधानमंत्री** मोदी ने सहकारिता को भारत की प्राचीन अवधारणा बताते हुए कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है।

### देश के हर कोने में बनेंगे वेयरहाउस व गोदाम

**पीएसीएस** का मकसद गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से एकीकृत करना और खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाना है।

केंद्र ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 2,500 करोड़ रुपए के बजट की मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर कोने में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे। इसके अलावा आज 18000 पैक्स के कंप्यूटराइजेशन का काम भी पूरा हुआ है। इससे देश के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव आएगा और कृषि क्षेत्र से आधुनिक तकनीक जुड़ेगी।

### समय के साथ सहकारी क्षेत्र में बदलाव जरूरी : शाह

**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद से सहकारी क्षेत्र के कर्मचारियों की ओर से अलग सहकारिता मंत्रालय की मांग की जा रही थी। समय के साथ सहकारी क्षेत्र में बदलाव, इसे प्रासंगिक बनाए रखने और इसे आधुनिक बनाने के लिए यह महत्वपूर्ण था। पिछली सरकारों ने इस जरूरत को पूरा नहीं किया, लेकिन पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद इस मांग को पूरा किया और एक पूर्ण सहकारिता मंत्रालय का गठन किया।

# किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला 29 तक टाला

- सिंघु और टिक्कर बॉर्डर से हटाए जा रहे बैरिकेड्स
- हरियाणा के सात जिलों में इंटरनेट पर रोक बढ़ाई



**एजेंसी, अंबाला**

**किसान** आंदोलन के 12वें दिन भी पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे रहे। किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक टाल दिया है। इस फैसले के बाद पुलिस ने दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर पर सर्विस लेन पर रखे सीमेंट के बैरिकेड हटाने शुरू कर दिए हैं।

किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि 29 फरवरी को ही फैसला लेंगे। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर कैंडल मार्च भी निकाला गया और बठिंडा के किसान शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, हरियाणा के सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर रोक बढ़ा दी है।

### किसान नेताओं पर अटैक की साजिश : पंधेर

**शंभू** बॉर्डर पर किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि हरियाणा की सीआईडी के 200 से ज्यादा आदमी जो शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन में घुसे हुए हैं, ये लोग किसान नेताओं को टारगेट बनाने की फिराक में हैं। वे नेताओं का एक्सीडेंट व उन पर अटैक भी कर सकते हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं की प्रोत्साहन राशि को मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सितंबर-अक्तूबर में चीन के हांगझू में आयोजित 19वें एशियाई खेलों और चौथे एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन को मंजूरी दे दी है। एशियाई खेलों के साथ-साथ एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं को 25 लाख, रजत पदक विजेताओं को 15 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 10 लाख रुपए का नकद इनाम मिलेगा।

### पीएम 28 को जारी करेंगे पीएम किसान योजना की 16वीं किस्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पीएम किसान योजना की 16वीं किस्त की तारीख का ऐलान कर दिया है। आठ करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी पीएम किसान योजना की 16वीं किस्त जारी करेंगे। जो किसान इस योजना के लाभ के लिए केवाइसी के साथ बैंक खाता आधार से लिंक और भूमि सत्यापन नहीं करवाया है, उन लोगों के खाते में पीएम किसान योजना की 16वीं किस्त नहीं आएगी।

### हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक दिल्ली में अरेस्ट

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को पुलिस ने दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया है। आठ फरवरी को मदरसा ढहाने के बाद हिंसा फैल गई थी। भीड़ ने बनभूलपुरा थाने को घेरकर, पुलिस कर्मियों पर पथराव करके आग लगा दी थी। हालात काबू पाने के लिए दंगा करने वालों को गोली मारने के आदेश जारी किए गए थे। हालांकि, अब्दुल मलिक ने गिरफ्तारी के बाद सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई है। इस पर 27 फरवरी को सुनवाई होगी।

### इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना का शुभारंभ आज

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रविवार को मुख्यमंत्री 25 फरवरी को लाहौल के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान केलांग में शरद उत्सव व इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1500-1500 रुपए मिलेंगे। सीएम 70.11 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

## टॉप स्टोरीज

प्रतिष्ठा की पहली चुनावी परीक्षा के लिए सुक्खू तैयार ...पेज 3

रामपुर के दतनगर में 21 करोड़ से बनेगा कोल्ड स्टोर ...पेज 3

कर्नाटक में मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में लटका ...पेज 14

# बंबर ठाकुर की सुरक्षा में दो पीएसओ तैनात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- डीजीपी ने गठित की एसआईटी
- गिरफ्तार आरोपियों को 27 तक पुलिस रिमांड पर भेजा

**पूर्व** विधायक बंबर ठाकुर पर हुए हमले के बाद डीजीपी संजय कुंडू बिलासपुर पहुंचे और उन्होंने जिला अस्पताल में जाकर बंबर ठाकुर से बातचीत की। इसके बाद नगर के सर्किट हाउस में जाकर उपायुक्त सहित पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक भी की। डीजीपी ने पुलिस प्रशासन को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस हादसे के बाद बंबर ठाकुर की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने दो पुलिस सुरक्षागार्ड (पीएसओ) तैनात किए हैं। कुंडू ने कहा कि इस सारे मामले को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से एसआईटी गठित कर दी है। बिलासपुर डीएसपी को बतौर एसआईटी इंचार्ज बनाया गया है। इस सारे मामले को लेकर रेलवे कार्यालय का भी विजिट किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सारे मामले में अभी तक सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य छह लोग जल्द गिरफ्त में होंगे। सात आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जिन्हें 27 फरवरी तक पुलिस रिमांड में भेज दिया है।



पूर्व विधायक बंबर से मिलते डीजीपी कुंडू।

# यूपी के कासगंज में ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलटने से आठ बच्चों समेत 24 लोगों की मौत

**एजेंसी, कासगंज**

- गंगा स्नान के लिए जा रहे थे 54 लोग

**उत्तर** प्रदेश के कासगंज में शनिवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के तालाब में पलटने से 24 लोगों की मौत हो गई। इनमें आठ बच्चे शामिल हैं। ट्रॉली में 54 लोग सवार थे। 30 घायलों में से आठ की हालत गंभीर है, जिन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। बाकी 22 लोगों की इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी हो गई है।

ये सभी लोग एटा के जैथरा के रहने वाले हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा ज्यादा स्पीड की वजह से हुआ। ड्राइवर के कंट्रोल खोने से ट्रैक्टर सड़क से उतरकर तालाब में जा गिरा। ये लोग माघी पूर्णिमा पर कासगंज स्थित कादरगंज घाट पर गंगा स्नान करने जा रहे थे, तभी रियावगंज पटियाली मार्ग पर गढ़ई गांव के पास हादसा हो गया।





- 30 घायलों में से आठ की हालत गंभीर
- स्पीड ज्यादा होने से चालक के नियंत्रण खोने से हुआ हादसा

### पीएम ने कासगंज हादसे पर जताया दु:ख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के कासगंज में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली के तालाब में गिरने से 22 लोगों की मौत पर दुःख जताया है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इमैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पीएम ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

# विधायक सुधीर को मिली जान से मारने की धमकी

**शिमला।** हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। विधायक के पर्सनल स्टाफ को दो बार धमकी भरे फोन कॉल आए हैं। यह कॉल कनाडा में छिपे एक गैंगस्टर का नाम लेकर आई है, लेकिन यह कॉल लोकल बताई जा रही है। इसकी पुष्टि विधायक सुधीर शर्मा ने खुद की है। विधायक ने धमकी की जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू को दी है। सुधीर शर्मा ने बताया कि उन्हें शक है कि कांग्रेस के ही किसी नेता के इशारे पर उन्हें व्यक्तिगत दुश्मनी की वजह से जान से मारने की धमकी मिली है। सुधीर ने बताया कि धमकी देने वाले व्यक्ति ने उस नेता का भी नाम बता दिया है, जिसके इशारे पर उन्हें धमकी दी है। कॉल करने वाले शख्स ने कांग्रेस के ही एक युवा नेता के इशारे पर सुपारी देने का दावा किया है। विधायक सुधीर शर्मा ने सीएम सुक्खू से संबंधित नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है और पुलिस ने उस धमकी देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग की है।



- दावा- कांग्रेस के ही किसी नेता के इशारे पर मिली धमकी

# दिल्ली में चार सीटों पर 'आप' तीन पर कांग्रेस लड़ेगी चुनाव

- हरियाणा-गुजरात गोवा और चंडीगढ़ में भी गठबंधन
- पंजाब में दोनों पार्टियां के बीच नहीं बन पाई सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- गठबंधन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ 'आप' : आतिशी

**लोकसभा** चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन हो गया है। दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर 'आप' चुनाव लड़ेगी। वहीं, कांग्रेस को तीन सीटें दी गई हैं।

पंजाब पर दोनों के बीच सहमति नहीं बनी। हरियाणा में 'आप' को एक सीट दी है, जबकि नौ सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली में सात लोकसभा सीटें हैं। इनमें से 'आप' चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस और 'आप' के बीच गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में सीट बंटवारे की घोषणा हुई। कांग्रेस और 'आप' के बीच पंजाब और चंडीगढ़ को लेकर सहमति नहीं बन पाई। दोनों पार्टियां अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगी। हरियाणा में नौ सीटों पर कांग्रेस और एक सीट पर आप लड़ेगी। गुजरात में 26 लोकसभा सीटों में से 24 पर कांग्रेस, तो दो सीटों पर 'आप' चुनाव लड़ेगी। गोवा में भी दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार ही चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि 'आप' शुरू से ही विपक्षी गठबंधन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। हम विपक्षी गठबंधन का हिस्सा हैं और हम साथ में चुनाव लड़ेंगे।

# देशभक्त नफरत की नहीं, मोहब्बत की दुकान चलाते हैं : राहुल गांधी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण शनिवार को मुरादाबाद से शुभारंभ हुआ। राहुल के साथ उनकी बहन एवं पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी यात्रा में शामिल हुईं। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देशभक्त नफरत की नहीं, मोहब्बत की दुकान चलाते हैं। नफरत हमेशा मोहब्बत से कटती है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि इस देश में हम नफरत को नहीं फैलने देंगे। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत लोगों की सभी जगह भागीदारी हो, उसके लिए प्रथम चरण में जातिगत जनगणना आवश्यक है।



### सिर्फ उद्योगपतियों के माफ होते कर्ज : प्रियंका

**प्रियंका** गांधी वाड्रा ने कहा कि जब तक आप बदलाव नहीं लाएंगे, तब तक आपकी स्थिति नहीं बदलेगी। बदलाव तब आएगा, जब आप अपनी परिस्थिति को समझ कर वोट करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में किसानों के कर्ज माफ नहीं होते हैं, सिर्फ बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज ही माफ होते हैं।

# ईरानी सेना ने पाक में घुसकर फिर की सर्जिकल स्ट्राइक

## जैश-अल-अदल के कमांडर सहित कई आतंकी ढेर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ईरान** ने पाकिस्तान में घुसकर एक बार फिर हमला किया है। इस बार ईरान ने जमीनी हमला किया है और आतंकी संगठन जैश-अल-अदल के शीर्ष कमांडर सहित कई आतंकी मारे गए हैं। गौर रहे कि ईरान ने कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान की सीमा में हवाई हमला किया था, जिसके बाद पाकिस्तान ने भी ईरान के खिलाफ जवाबी हमला किया था। इससे दोनों देशों में तनाव बढ़ गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरानी सेना ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर सुनियोजित तरीके से आतंकी संगठन जैश-अल-अदल के शीर्ष कमांडर इस्माइल शाह बख्श और उसके कई अन्य सहयोगियों को ढेर कर दिया।



### जैश-अल-अदल सुन्नी संगठन

**जैश**-अल-अदल का गठन साल 2012 में हुआ था, यह एक सुन्नी संगठन है, जो ईरान के दक्षिण पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान से संचालित होता है। इस संगठन को ईरान की सरकार आतंकी संगठन मानती है। ईरान में हुए कई हमलों में इस संगठन का हाथ माना जाता है। बीते साल दिसंबर में सिस्तान बलूचिस्तान प्रांत में एक पुलिस स्टेशन पर हमला हुआ था और 11 पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी। इस हमले के पीछे भी जैश अल अदल का हाथ बताया गया था।

# कुल्लू और लाहौल-स्पीति में ताजा हिमपात



कुल्लू जिले के सोलंगनाला में शनिवार को हुई ताजा बर्फबारी के बीच मौज-मस्ती करते पर्यटक।

**अनंत ज्ञान टीम, केलांग/शिमला**

**लाहौल**-स्पीति व कुल्लू जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। दोनों जिलों में शनिवार को बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। वहीं, बर्फबारी के बीच पर्यटकों ने खूब मौज-मस्ती की। बर्फबारी के बाद से लगातार पर्यटकों का यहां पहुंचने का सिलसिला जारी है। प्रशासन ने पर्यटकों से सतर्क रहने की अपील की है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक, 26 और 27 फरवरी को भी चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक डॉ. सुरेंद्र पॉल ने बताया कि 28 को मौसम साफ रहने के बाद 29 फरवरी से एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ेगा।

**कानून** एक जुलाई, 2024 से लागू होंगे तीन नए क्रिमिनल लॉ, केंद्र ने जारी की अधिसूचना

# मॉब लिंचिंग, नाबालिग से गैंगरेप पर होगी फांसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- अंग्रेजों के जमाने के कानूनों से मिलेगा छुटकारा

**केंद्र** सरकार की ओर से तीनों नए आपराधिक कानूनों को आगामी एक जुलाई, 2024 से लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। तीनों नए आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। अब मॉब लिंचिंग, नाबालिग से गैंगरेप पर फांसी की सजा मिलेगी।

तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर 2023 को संसद की मंजूरी मिली थी। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर 2023 को मंजूरी दी थी। अब इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जैसे हत्या के लिए लगाई जाने वाली आईपीसी की धारा 302, अब धारा 101 कहलाएगी। ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या के प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब धारा 109 कहलाएगी।

वहीं, दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। इन तीनों कानूनों का मुख्य उद्देश्य देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलना है, जोकि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानूनों पर चल रही थी, इससे छुटकारा मिल सकेगा।



**पहला**

1860 में बने इंडियन पीनल कोड की जगह अब भारतीय न्याय संहिता 2023

**दूसरा**

1898 में बने सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

**तीसरा**

1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड की जगह अब भारतीय साक्ष्य संहिता 2023

### कई धाराएं और प्रावधान बदले

**कई** धाराएं और प्रावधान बदल गए हैं। आईपीसी में 511 धाराएं थीं, अब 356 बची हैं। 175 धाराएं बदली हैं। आठ नई जोड़ी गईं। 22 धाराएं खत्म हो गई हैं। सीआरपीसी में 533 में से 160 धाराएं बदली गई हैं, नौ नई जुड़ी हैं व नौ खत्म हुई हैं। पूछताछ से ट्रायल तक सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करने का प्रावधान है।

### बड़े बदलाव

- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में 20 नए अपराध जोड़े गए हैं।
- ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, हिट एंड रन, मॉब लिंचिंग पर सजा का प्रावधान।
- डॉक्यूमेंट में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड शामिल हैं।
- आईपीसी में मौजूद 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है।
- 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है।
- 83 अपराधों में जुर्माने की सजा बढ़ा दी गई है।
- छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 70 सहकारी सचिवों को दिया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण शिविर के दौरान सहकारी सचिव सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के बैनर तले मंडी में करीब 70 सहकारी सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में बतौर स्रोत व्यक्ति राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के राष्ट्रीय निदेशक भूपेंद्र भंडारी ने सहकारी सचिवों को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि वे सहकारी आंदोलन को गांव से घर-घर तक लेकर जाए। उन्होंने सचिवों से उनकी सहकारिता सभा के सदस्य संख्या, एक्टिव मेंबर, निष्क्रिय मेंबर, सामान्य वर्ग से कितने सदस्य, एससी एसटी के कितने और उनकी सहकारी सभा लाभांश में है या फिर बैंक के ऋण पर चल रही है पूरी डिटेल ली। उन्होंने कहा कि यदि सहकारी सभा अपने स्तर पर कोई मिल्क प्लांट, पेट्रोल पंप, लघु उद्योग या कोई मल्टी पर्पस उद्योग लगाना चाहती है तो उसके लिए सरकार उसकी हरसंभव मदद करेगी।

### राजयोग मेडिटेशन रिट्रीट कल से

**मंडी।** छोटी काशी मंडी में 26 से 28 फरवरी तक साइंस ऑफ हैप्पीनेस विषय पर तीन दिवसीय राजयोग मेडिटेशन रिट्रीट का आयोजन किया जा रहा है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मंडी जोन प्रभारी राजयोगिनी बीके शीला ने बताया कि इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ट्रेनर बीके प्रो. ईवी गिरीश लोगों को खुशनुमा जीवन जीने की कला के साथ मेडिटेशन की बारीकियों से अवगत करवाएंगे।

### मंडी के दर्जियों का प्रशिक्षण शुरू



कार्यक्रम में उपस्थित महापौर, पार्षद व दर्जी।

**मंडी।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत देशभर में दर्जियों को नए कौशलों का प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू हो गया है। इस उपक्रम का एक हिस्सा बनकर मंडी जिले में भी इसकी शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत दर्जियों को सिलाई, डिजाइन और व्यापार के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जा रहा है। मंडी जिले के दर्जी समुदाय को इस योजना से अच्छा लाभ मिल रहा है, जो उन्हें नए और प्रगतिशील रोजगार के अवसरों का परिचय करा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने प्रमुख भूमिका निभाई है। नगर निगम के पार्षद कृष्ण भानु भी उपस्थित रहे। संस्थान के अध्यक्ष सरवन कुमार ने बताया कि योजना के प्रशिक्षण में शामिल होने वाले लोगों को रोजाना 500 रुपए का भत्ता दिया जाएगा। साथ ही सरकार द्वारा 15 हजार रुपए की किट भी प्रशिक्षुओं को प्रदान की जाएगी।

# लाहौर में पढ़ कर आई गायत्री देवी थी मंडी नगर की पहली शिक्षिका

अनंत ज्ञान स्पैशल

**अनिल शर्मा, मंडी**

आजादी से पहले छोटी काशी मंडी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से समृद्ध रियासत रही है। मंडी देश के लोग परिवर्तन के ताने बाने को अपनी समृद्ध संस्कृति से बुनते हुए आगे बढ़े और विश्वभर में क्षेत्र का नाम रोशन किया।

मंडी पीडिया से साभार स्वरूप अनंत ज्ञान अनछुए पहलुओं की दूसरी कड़ी को पाठकों के समक्ष रख रहा है। मंडी नगर की पहली महिला शिक्षिका गायत्री देवी ने लाहौर में गायत्री देवी ने दो साल लाहौर में पढ़कर वहां से मैट्रिक पास की तत्पश्चात दो साल लुधियाना में जेबीटी-एसबी का कोर्स किया। रानी अमृत कौर स्कूल में गायत्री देवी की प्रथम नियुक्ति बतौर अध्यापिका हुई।



गायत्री देवी।

सीनियर होने के नाते बहुत ही प्रसिद्ध तथा सख्त किस्म की शिक्षिका के रूप में मशहूर रही। गायत्री देवी ऐसे समय लाहौर में पढ़ी जब लोग अपनी लड़कियों को घर से बाहर नहीं जाने देते थे। मंडी नगर के लोगों की यह सोच आज इतिहास के पन्नों पर अमिट छाप बन चुकी है।

मंडी रियासत के राजा जोगिंद्र सेन की दूसरी पत्नी रानी कुसुम कुमारी ने शादी के बाद मंडी के रीति रिवाज, जीवन शैली व मंडयाली भाषा को जानने की इच्छा व्यक्त की, तो गायत्री देवी को लाने के लिए शाम के समय कार उनके आंगन में पहुंचती और छोड़ती भी। गायत्री देवी के ससुर चेतराम का भी समाज में बड़ा रुतबा रहा है। गायत्री देवी की तीन लड़कियां दुर्गा देवी, जया शर्मा एवं दिनेश शर्मा हुई। (अनंत ज्ञान)

### भाग दो
### राजा जोगिंद्र सेन ने भेंट की थी शाही चादर

थनेहड़ा मोहल्ला में वर्ष 1905 में गिरधारी लाल व माता दुर्गा देवी के घर गायत्री बालिका का जन्म हुआ। इनके एक भाई मुरारी लाल वन विभाग में फॉरेस्ट रेंजर के पद पर कार्यरत रहे। गायत्री देवी की शादी मंडी के प्रसिद्ध वैद्य दुर्गा दत्त के साथ संपन्न हुई। गायत्री देवी की सास अष्टमु देवी भी अपने समय की प्रतिष्ठित महिला थी। राजा जोगिंद्र सेन अष्टमु देवी से मिलने स्वयं आए और उन्हें शाही चादर भेंट की, वर्ष 1977 में 110 वर्ष की आयु में अष्टमु देवी का देहांत हुआ था।

### तीन मीटर चादर ओढ़ कर जाना पड़ता था बाजार

छोटी बेटी दिनेश शर्मा ने कई संस्मरण अपनी माता के बारे में सुनाए। वह कहती हैं कि जब माताजी लाहौर में अन्य लड़कियों के साथ हॉस्टल में रहती थी तो कभी-कभी लाहौर के बाजार में जाकर खरीददारी करनी पड़ती थी, तो उन्हें तीन मीटर की चादर ओढ़ने के लिए दी जाती थी। पर्दा प्रथा थी और टीचर मुसलमान था। उस समय लाहौर के लेडीज बाजार में कभी कभार शॉपिंग करने जा पाती थी।



पुत्री दिनेश शर्मा।

### हमेशा अनुशासन को रही समर्पित

गायत्री देवी स्कूल में हिस्ट्री, ज्योग्राफी, मैथ व हाइजीन पढ़ाती थी। रानी अमृत कौर कन्या पाठशाला में ही अपनी सेवाएं देती रही, जहां से वह वर्ष 1960 में सेवानिवृत्त हुई थी। गायत्री देवी ने सेवानिवृत्ति के बाद बतौर हेड टीचर आर्य समाज स्कूल मंडी में अपनी सेवाएं दीं। इन्होंने मंडी नगर के कई परिवारों की तीन पीढ़ियों तक को विभिन्न अंतराल पर इसी स्कूल में पढ़ाया था। मंडयाली कवयित्री व शिक्षाविद लीला हांडा, कृष्णा टाकीज के मालिक दिवंगत रमेश चंद्र की पुत्री मीना भल्ला तथा आशा हांडा ने बताया कि वह अनुशासन को समर्पित थी। बिना दुपट्टे के स्कूल नहीं जा सकते थे।

# मंडी के प्रवेश द्वार के रूप में हो संधोल की पहचान

## सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान बोले सीपीएस संजय अवस्थी

**दीक्षित धलारिया, संधोल**

सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में जनसमस्याओं के समाधान का मंच शनिवार को संधोल के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में सजा, जिसमें सरकार के नुमाइंदे के रूप में मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी पहुंचे।

इस दौरान विधायक चंद्रशेखर, जिलाधिकारी मंडी अपूर्व देवगन व तमाम विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि संधोल क्षेत्र वॉलीबाल का हब रहा है। हमारी सरकार ने खेल छात्रावास की भेंट संधोल को दी है। अवस्थी ने मौके पर जन समस्याओं की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि संधोल को मंडी का आखिरी पड़ाव कहा जाता है, लेकिन मैं हमीरपुर से होकर आया तो मेरे लिए तो यह पहला पड़ाव था क्यों न संधोल को मंडी के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं व अस्पताल के लिए जल्द धनराशि सरकार से मुहैया करवाएंगे, महिला रोगी विशेषज्ञ की जल्द तैनाती हमारी सरकार संधोल में करेगी। संधोल क्षेत्र की 16 पंचायतों की समस्याओं का समाधान कार्यक्रम में किया गया। इनमें संधोल के साथ नेरी, सोहर, दतवाड़, घनाला, गवैला, टोरखोला, देवगढ़, भदेहड़, बैरी, कोठुवां, धलारा, भूर, विंगा, सकलाणा ग्राम पंचायतें शामिल थीं।



डीसी मंडी अपूर्व देवगन मुख्य संसदीय सचिव को सम्मानित करते हुए।

### विभागों ने स्टॉल लगाकर बताई योजनाएं

कार्यक्रम में सभी विभागों में स्टॉल लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य और आयुष विभाग ने विशेष कैंप लगाकर लोगों का स्वास्थ्य जांचा। मुख्य संसदीय सचिव ने इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में लगभग 40 समस्याएं और 105 के करीब मांग प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्य संसदीय सचिव ने सभी समस्याओं का मौके पर निपटारा करने के साथ मांग प्रस्तावों पर उपयुक्त कार्रवाई का भरोसा दिया। (अनंत ज्ञान)

### लड़भडोल में खुलेगा डीएवी पब्लिक स्कूल

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के लड़भडोल क्षेत्र में डीएवी पब्लिक स्कूल खुलने जा रहा है। इस विषय में शनिवार को डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने लडभड़ोल का दौरा किया, जिसमें उन्होंने स्कूल बिल्डिंग के लिए भूमि का निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने बताया कि मार्च में नर्सरी से लेकर पांचवी कक्षा तक लड़भडोल में एडमिशन शुरू हो जाएंगी। शनिवार को डीएवी स्कूल लड़भडोल के लिए पंजालग के पास जगह का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां से लडभड़ोल, धर्मपुर, बैजनाथ के बच्चों के लिए नजदीक रहेगा और बच्चों को अच्छी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य संजीव शर्मा मौजूद रहे।

### हाटेश्वरी मंदिर में सजा भंडारा



मां हाटेश्वरी के मंदिर में भंडारे के दौरान मां के दर्शन करते श्रद्धालु।

**नेरचौक।** मंडी जिला के प्रसिद्ध मां हाटेश्वरी के मंदिर में शनिवार को आठवां विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में दूर-दूर से आकर मां के भक्तों ने शीश नवा कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के प्रधान नंद लाल ठाकुर ने कहा कि हर वर्ष मंदिर कमेटी जनता के सहयोग से भंडारे का आयोजन करती है। पांडवों के समय की सिद्धपीठ माता हाटेश्वरी मंदिर के प्रति लोगों की आस्था है।

### सरकाघाट कॉलेज में वार्षिक समारोह आज

**सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट का 38वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 25 फरवरी को महाविद्यालय परिसर में मनाया जाएगा। इस समारोह में धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने दी।

### कांग्रेस ने पूरी नहीं की चुनावी गारंटी : चंदन

**पधर।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार को बने हुए एक वर्ष हो गया है, लेकिन अभी तक कांग्रेस अपनी एक भी चुनावी गारंटी को पूरा नहीं कर पाई है, इस कारण हर वर्ग में कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारी रोष है। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश का प्रत्येक वर्ग खुद को उपेक्षित व ठगा हुआ महसूस कर रहा है। चंदन पंडित ने कहा कि जब हिमाचल प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव हो रहे थे तो कांग्रेस और उनके नेताओं ने चुनावी गारंटियों का एक पिटारा प्रदेश की जनता के मध्य रखा था। उनमें से अधिकतर गारंटियों को उन्होंने पहली कैबिनेट में पूरा करने का वादा प्रदेश की जनता से किया था, परंतु आज एक वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी वो सब केवल कागजों में ही सिमट कर रह गई हैं।

# सांस्कृतिक संध्याओं के लिए 146 कलाकारों ने किया आवेदन

- कलाकार निर्धारित शेड्यूल के दिन भी कर सकते हैं आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने के लिए 146 नवोदित कलाकारों ने आवेदन किया है। इन कलाकारों के ऑडिशन 26 फरवरी से लेकर दो मार्च तक होंगे। मंडी जिला के कलाकारों के ऑडिशन 26 से 28 फरवरी तक होंगे जबकि 29 फरवरी और पहली मार्च को अन्य जिलों के कलाकारों के ऑडिशन होंगे। दो मार्च का दिन रिजर्व रखा गया है। ऑडिशन में सफल रहने वाले कलाकारों को कार्यक्रम देने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

अब तक जिला मंडी से गायन में 66 और नृत्य में 16 कलाकार आवेदन कर चुके हैं। अन्य जिलों से भी 57 कलाकार गायन में और सात कलाकार नृत्य प्रस्तुत करने के लिए आवेदन कर चुके हैं। कलाकार निर्धारित शेड्यूल के दिन भी ऑडिशन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

शेड्यूल के मुताबिक 26 फरवरी को मंडी जिला के सदर, कोटली, पधर और धर्मपुर उपमंडल, 27 को सुंदरनगर, बल्ह, बालीचौकी और जोगिंद्रनगर उपमंडल और 28 को करसोग, गोहर, सराज, सरकाघाट उपमंडल के कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। वहीं 29 फरवरी को चंबा, ऊना, हमीरपुर, शिमला व बिलासपुर जिलों के जबकि पहली मार्च को कुल्लू, किन्नौर, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, सिरमौर व सोलन जिलों के कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। ऑडिशन 26 फरवरी से रोजाना 10.30 बजे से पड्डल मैदान स्थित टेनिस हॉल में होंगे।

### चार से सात मार्च तक होंगे कलाकारों के ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर की सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचली कलाकारों को अधिमान देने के साथ स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि 22 से 28 मार्च तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर की पांच सांस्कृतिक संध्याओं के लिए नवोदित व अन्य कलाकारों के चार से सात मार्च तक ऑडिशन करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान ऑडिशन सुबह 11 बजे से शाम तक सामुदायिक भवन नजदीक जवाहर पार्क में होंगे। जिला के कलाकारों की सुविधा के लिए उपमंडलवार चार मार्च को सुंदरनगर, बल्ह, गोहर, बालीचौकी, थुनाग और करसोग तथा पांच मार्च को सदर, कोटली, पधर, जोगिंद्रनगर, धर्मपुर और सरकाघाट के कलाकारों के ऑडिशन होंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों के लिए छह मार्च को बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा और चंबा तथा सात मार्च को कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला, सोलन और सिरमौर जिला के कलाकारों के ऑडिशन होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाली संस्थाओं व कलाकारों को ऑडिशन में छूट दी गई है।

# सामुदायिक भवन को दिए दो लाख

- गुरु रविदास की शिक्षाओं को करें आत्मसात : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर के गांव मंगलवाणा ग्राम पंचायत चमुखा में आयोजित रविदास जयंती के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। राकेश जम्वाल ने गुरु रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए दो लाख की राशि भी दी। उन्होंने गुरु रविदास की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मासात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर दिनेश भाटिया प्रदेश सचिव एससी मोर्चा, कर्म चंद चोपड़ा जिला परिषद, अमरु राम बीडीसी अध्यक्ष सुंदरनगर मंडल एससी मोर्चा, दीनानाथ एससी मोर्चा जिला महामंत्री, कैलाश एससी मोर्चा मंडल महामंत्री, मंडल राज उपप्रधान बायला पंचायत, पिंकी देवी मंडल सचिव महिला मोर्चा, शेर सिंह बूथ अध्यक्ष, कमल सिंघानिया, पवन, शालू और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर शिमला जाएंगी एनटीटी महिलाएं



एनटीटी महिलाओं के साथ वीर सिंह भारद्वाज।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एनटीटी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक मंडी में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता नर्सरी प्रशिक्षित संघ हिमाचल प्रदेश की अध्यक्ष बंदना गौतम ने की। बैठक में विशेष तौर पर भारतीय जनता मजदूर संघ के महामंत्री व ओबीसी मोर्चा सराज भाजपा मंडल अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज उपस्थित रहे। बैठक में तय किया गया कि संघ की अध्यक्षता में 1000 एनटीटी महिलाएं शिमला में अपनी मांगों को लेकर जाएंगी। इस मौके पर एनटीटी संघ की प्रदेश अध्यक्ष संतोष शर्मा, सीमा ठाकुर, मीरा देवी, पूनम गौतम, नीरज शर्मा, कौशल्या देवी, सरला, कमलेश, माया देवी, सीमा ठाकुर, सरोज, विजय, सीमा सहित दर्जनों एनटीटी महिलाएं उपस्थिति रही।

# राइसा इलेवन ने जीता क्रिकेट मैच

## क्रिकेट अकादमी सुंदरनगर में हुआ मुकाबला, अर्नव इलेवन को दी शिकस्त

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

क्रिकेट अकादमी सुंदरनगर में शनिवार को राइसा इलेवन और अर्नव इलेवन के बीच मैच खेला गया। इसमें अर्नव इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। इसमें बाशु ने 23, आदित्य ने 15, अनिरुद्ध ने 15 और अहान ने 20 रन का योगदान दिया। राइसा इलेवन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए विष्णु प्रिया ने तीन, राइसा ने दो, सुनिधि व भूमिका ने दो-दो विकेट ली। वहीं मैच में एक खिलाड़ी रनआउट हुआ। इसके जवाब में राइसा इलेवन ने सात विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाकर जीत दर्ज की। इसमें परनवी ने 24, राइसा ने 23, जहान्वी ने 10, भूमिका ने 12 और भूमि ने 10 रन का योगदान दिया। अर्नव इलेवन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अनिरुद्ध ने तीन, वशु और अर्नव ने एक विकेट लिया। इसके अलावा दो खिलाड़ी रनआउट हुए। इस प्रकार से राइसा इलेवन ने तीन विकेट से मैच जीत लिया। मैच में आनंद द्रोच ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसमें बेस्ट बॉलर विष्णु प्रिया, बेस्ट बल्लेबाज परनवी व प्लेयर ऑफ द मैच राइसा व बेस्ट फील्डर बासु को घोषित किया।



विजेता टीम मोमेंटो के साथ सामूहिक चित्र में।

### नौनिहालों ने खेलकूद में दिखाए जौहर

**मंडी।** डीएवी सेनेटरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी द्वारा एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों की यह खेलकूद प्रतियोगिता पड्डल मैदान में आयोजित की गई। इस में 250 नौनिहालों ने भाग लेकर, विभिन्न खेलों में अपना प्रदर्शन किया। इस मौके पर डीएवी स्कूल के प्राधानाचार्य केएस गुलेरिया ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समापन

**बालीचौकी।** नेहरू युवा केंद्र मंडी व युवा सेवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से विकास खंड बालीचौकी (सराज) में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वयंसेवी सीता देवी व मीना देवी ने स्वयंसेवी किशोरी लाल व बालीचौकी के विभिन्न महिला मंडल व युवा मंडल के साथ मिलकर किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्यातिथि अर्पित आनंद प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र थलौट व अध्यापिका प्रेमलता, रामा देवी व विशेष स्रोत व्यक्ति दुष्यंत कुमार उपस्थित रहे।

### सात दिन में 800 युवाओं ने किया आवेदन

**सुंदरनगर।** प्रदेशभर में इस समय जल शक्ति विभाग में मंडल स्तर पर पैरा पंप ऑपरेटर, पैराफिटर तथा बहुउद्देशीय कार्यकर्ताओं के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। सुंदरनगर डिवीजन में भी गत सप्ताह से इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसके लिए सात मार्च तक तक का समय निर्धारित किया गया है। मात्र सात दिन में जल शक्ति विभाग मंडल कार्यालय सुंदरनगर में आवेदन करने वाले युवाओं का आंकड़ा 800 को भी पार कर गया है। जल शक्ति विभाग मंडल कार्यालय सुंदरनगर के अधिशाषी अभियंता रजत गर्ग ने बताया कि युवाओं में काफी क्रेज है।

**कार्यशाला** किसान संघों ने माउंटेन फार्मर्स प्रोड्यूसर फेडरेशन का किया गठन

# एफपीओ 'पहाड़ी रत्न' ब्रांड से बेचेगा उत्पाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला में नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की मदद से गठित 15 किसान उत्पादक संघों (एफपीओ) की दो दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला शनिवार को संपन्न हुई। इन सभी संघों ने मिलकर एक जिला स्तरीय फेडरेशन का गठन किया, जिसके माध्यम से ये सब आपस में मिलकर किसान उत्पादों को आपस में बिक्री करने के लिए मिलजुल कर काम करेंगे।

गौरतलब है कि ये समूह जो अभी अपने-अपने स्तर पर काम कर रहे थे, लेकिन अब मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति ने इन्हें एक मंच पर इकट्ठा करने की पहल की है। इनकी क्षमता विकास के अलावा उन्हें अपने-अपने उत्पादों की मार्केटिंग के लिए मंच प्रदान करने की योजना तैयार करके प्रशासन और विभागों से मदद लेने बारे समन्वय स्थापित किया जाएगा। साक्षरता समिति के महासचिव भीम सिंह ने बताया कि मंडी जिला के एफपीओ द्वारा जो अलग-अलग उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं उन्हें बिक्री के लिए जिला व खंड स्तर भंडार स्थापित किए जाएंगे। इस एफपीओ ने अपना ब्रांड नाम पहाड़ी रत्न तय किया है और उसे शनिवार को उन्होंने औपचारिक तौर पर लांच किया। ये एफपीओ हल्दी, कोदरे का आटा, चाय, लड्डू और मौसमी फलों का आचार बना रहा है जो अब पहाड़ी रत्न ब्रांड नाम से मार्केट में बिक्री किया जाएगा। एफपीओ फेडरेशन का नाम माउंटेन फार्मर्स प्रोड्यूसर फेडरेशन रखा गया जिसमें 15 एफपीओ के 45 सदस्यों को शामिल किया गया। जोगिंद्र वालिया को संयोजक और भूपेंद्र सिंह और रीना को सह संयोजक चुना गया।



क्षमता विकास कार्यशाला में उत्पाद सर्टीफिकेट देकर सम्मानित करते हुए।

# एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह की धूम



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह मनाया गया। इस दौरान स्कूल के निदेशक सुरेंद्र कुमार राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

समारोह के दौरान जमा एक के बच्चों ने अपने सीनियर्स जमा दो के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में मिस फेयरवेल का खिताब पलक ठाकुर के नाम रहा, जबकि मिस्टर फेयरवेल सचिन पटियाल बने। मिस पर्सनेलिटी का खिताब वंशिका राणा तथा मिस्टर पर्सनेलिटी का खिताब अभय ठाकुर के नाम रहा। कार्तिक शर्मा को मिस्टर कूल तथा जिया ठाकुर को मिस कूल के खिताब से नवाजा गया।

## लाइट... कैमरा.. एक्शन.



**शिमला में शूटिंग** रिज पर पंजाबी म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के दौरान शॉट देती कलाकार।

# किन्नौर की बेटी तारा को प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में उनके कर कमलों द्वारा बनारस में स्थित प्रत्येक विश्वविद्यालयों के अव्वल छात्र एवं छात्राओं को पारितोषिक के रूप में चेक भेंट किए गए। इनमें हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के पूह उपमंडल के रुशकलंग गांव की संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के शास्त्री तृतीय वर्ष की छात्रा तारा देवी को पुरस्कृत किया। तारा देवी स्वर्गीय कलजंख डंडुप की छोटी बेटी है। एक मात्र किन्नौर की छात्रा को पुरस्कार मिलना किन्नौरवासियों के साथ हिमाचल के लिए गौराव की बात है। पूर्व अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष एवं कंसल्टेंट शिक्षा विभाग ओपी नेगी ने तारा देवी को इस उपलब्धि के लिए मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा कि किन्नौर की बेटी ने दूसरे राज्य में न केवल प्रदेश का नाम बल्कि एक जनजातीय गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता अगर जीवित होते तो यह उनके लिए बहुत ही गौरव का पल होता।




विश्वविद्यालय में अव्वल आने पर किन्नौर की बेटी तारा देवी को वाराणसी में सम्मानित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ।

## पहले परीक्षा फिर होगा भर्ती का ग्राउंड टेस्ट

# अग्निवीर भर्ती के लिए 22 मार्च तक करें ऑनलाइन पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



अग्निवीर भर्ती के लिए युवा ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। 22 मार्च तक युवा ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। पहले अग्निवीर भर्ती में ग्राउंड टेस्ट पास करना होता था, लेकिन इस बार पहले लिखित परीक्षा पास करनी होगी।

हिमाचल प्रदेश के शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर के युवाओं की भर्ती इसमें की जाएगी। फॉर्म भरने के लिए www.joinindianarmy.nic.in वेबसाइट का प्रयोग करना होगा। सुविधा के लिए वेबसाइट पर वीडियो लिंक उपलब्ध करवाया गया है, जिसमें पंजीकरण और ऑनलाइन परीक्षा की पूरी जानकारी दी गई है। यह पंजीकरण अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/ स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेडसमैन, अग्निवीर टेक्निकल आदि ट्रेडस के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार का पहले टायपिंग टेस्ट लिया जाएगा। यदि फॉर्म में कोई गलती हो जाए तो जतोग आर्मी शिमला मे करेक्शन किया जाएंगे।

# रामपुर के दत्तनगर में 21 करोड़ से बनेगा कोल्ड स्टोर

## बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने रखी आधारशिला, बागवानों को मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रामपुर**

शिमला जिले के रामपुर बुशहर के समीप दत्तनगर में राजस्व, बागवानी एवं जनजाति विकास मंत्री जगत सिंह नेगी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने 21 करोड़ की लागत से दत्तनगर में निर्मित होने वाले कोल्ड स्टोर की आधारशिला रखी। इस दौरान दत्तनगर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के साइंस ब्लॉक की भी आधारशिला रखी, जिस पर अढ़ाई करोड़ की लागत आएगी।

दत्तनगर में उद्यान विभाग की आठ बीघा भूमि पर पहले चरण में एकीकृत शीत वातावरण भंडारण निर्मित किया जाएगा। इस कोल्ड स्टोर में एक लाख 25 हजार पेटी, यानी 2500 मीट्रिक टन फलों को रखने की क्षमता होगी। इस कोल्ड स्टोर के निर्माण से जहां आसपास के इलाकों के लोगों को रोजगार मिलेगा, वहीं बागवानों को अपने फलों को भंडारण करने की सुविधा भी प्राप्त होगी। एकीकृत शीत वातावरण भंडारण के निर्माण से पांच जिलों के बागवानों को अपने फलों को रखने की सुविधा मिलेगी, जिसमें किन्नौर, लाहौल-स्पीति का स्पीति क्षेत्र, शिमला का रामपुर क्षेत्र, कुल्लू का आनी व निरमंड, मंडी जिले के करसोग का ऊपरी क्षेत्र इसका लाभ उठा सकते हैं। इस कोल्ड स्टोर के निर्माण से किसान बागवान अपने फसलों को मंडी में दाम गिरने की सूरत में भंडारण करके ऑफ सीजन में निकाल कर बेच सकते हैं। इसमें लोगों को फल भंडारण के लिए सरकारी सामान्य दरे रहेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में कुल 21 सीए स्टोर हैं, जिनमें 65 हजार 912 मीट्रिक टन फल भंडारण किया जा सकता है। इनमें से 14 सीए स्टोर शिमला जिले में स्थापित हैं। बागवानों को घरद्वार पर फल भंडारण व्यवस्था न होने से अपने फलों को औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता था। अब धीरे-धीरे सरकार द्वारा शीत वातावरण भंडारण व्यवस्था किए जाने से आने वाले समय में बागवान इसका लाभ उठा सकेंगे।



दत्तनगर में 21 करोड़ से बनने वाले कोल्ड स्टोर की आधारशिला राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने रखी। इस दौरान उनके साथ मंत्री रोहित ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।

### 2500 मीट्रिक टन फलों को रखने की होगी सुविधा

### होनहार नवाजे

**राजस्व** बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस दौरान दत्तनगर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक समारोह में हिस्सा लिया व मेधावी छात्रों को पुरस्कार बांटे। इस दौरान रामपुर के विधायक नंदलाल भी उपस्थित रहे। शिलान्यास समारोह के दौरान दोनों मंत्रियों ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। राजस्व बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कांग्रेस सरकार बनते ही पहले बजट में आठ सीए स्टोर बनाने का प्रावधान किया गया था।

### एचआरटीसी के सरेंडर 23 रूटों सहित 57 रूटों पर दौड़ेंगी निजी बसें

**शिमला।** हिमाचल में सुक्खू सरकार यात्रियों का सफर सरल बनाने की तैयारी में जुटी है। इसे लेकर सरकार प्रदेश के 57 रूटों पर बस चलाएगी। सरकार ने प्राइवेट बस संचालकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसे लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया गई है। अप्लाई करने की लास्ट डेट 21 मार्च निर्धारित की गई है। इनमें छह रूटों पर 18 सीटर ट्रैवलर चलेगी, जबकि 17 रूटों पर विभिन्न सिटिंग कैपेसिटी की बसें चलेंगी। परिवहन विभाग ने अधिसूचना जारी कर इसके लिए आवेदन मांगे हैं। चयनित मार्गों की सूची विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक लोग 21 मार्च आवेदन कर सकते हैं। परिवहन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त नरेश ठाकुर ने कहा कि इसके लिए आवेदन ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पहले आवेदनकर्ता संबंधित रूट का अच्छे से निरीक्षण कर लें व प्रकाशित रूटों की शर्तों में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए संबंधित क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।



## हमीरपुर में केंद्रीय मंत्री बोले- यूपी में कांग्रेस का होगा बुरा हाल

# अनुराग ठाकुर का दावा, हिमाचल में चारों लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर/ बंगाणा**



हमीरपुर मंडल भाजपा व थाना कला में कुटलैहड़ भाजपा मंडल का त्रिदेव सम्मेलन शनिवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में बूथ पालक बूथ अध्यक्ष और बीएलए मौजूद रहे।

अनुराग ने संत रविदास की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। हमीरपुर में पुरुषोत्तम गुलरिया, नरेंद्र अत्रि, देशराज शर्मा, आदर्श कांत, कुटलैहड़ में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, मदन राणा, कृष्ण पाल शर्मा, चरणजीत शर्मा, रमेश शर्मा, राजेंद्र रिंकू, देवराज शर्मा, राज कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पार्टी के लिए त्रिदेव चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्र की मोदी सरकार ने धारा 370 को हटाने का काम किया था। उसी तर्ज पर भाजपा हर बूथ पर ज्यादा मत हासिल करने का लक्ष्य लेकर विपक्ष को ध्वस्त करेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जीत के दावे पर पलटवार करते हुए कहा कि दो प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद भाजपा ने जीत का परचम लहराया था और इस बार भी पार्टी चारों सीटें जीतेगी। कांग्रेस के झूठ को अब जनता जान चुकी है।

राहुल गांधी द्वारा यूपी के युवाओं पर दिए गए नशे के बयान पर अनुराग ने कहा कि राहुल गांधी खुद अपने होश खो बैठे हैं। केरल से चुनाव जीतने के बाद भी राहुल ने अमेठी की जनता के बारे में जो कुछ कहा था, वह सब जानते हैं। कांग्रेस का हाल इस बार यूपी में बुरा होने वाला है और एक भी सीट कांग्रेस नहीं जीतेगी।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### हैप्पी बर्थडे



मंडी (शाला) के निश्चल धवन और नियति धवन को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# बंजार में पांच किलो चरस बरामद, मामला दर्ज

## नाके के दौरान पुलिस ने 65 वर्षीय आरोपी से पकड़ी नशे की खेप

**अनंत ज्ञान, बंजार**

कुल्लू जिले के बंजार में एक 65 वर्षीय व्यक्ति को पांच किलो पांच ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार बंजार पुलिस की टीम थाना प्रभारी रामलाल के नेतृत्व में बठाहड़ से करीब दो किलोमीटर आगे टीला पुल के तार स्पेन के पास सड़क में रात 12:10 बजे से गश्त पर थी।

इस दौरान सुबह करीब पौने चार बजे एक स्थानीय 65 वर्षीय व्यक्ति को शक के आधार पर तलाशी के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से पांच किलो पांच ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने नूप राम पुत्र खिमे राम गांव घलियाड़ (टेचा) डा. मशियार बंजार जिला कुल्लू को चरस सहित गिरफ्तार कर व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



बंजार में बठाहड़ के समीप चरस की खेप के साथ गिरफ्तार व्यक्ति।

### चिट्टे के साथ दबोचा

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के नग्गर में पुलिस ने एक युवक को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस थाना पतलीकूहल के अंतर्गत शुक्रवार मध्य रात्रि को बाजार में गश्त के दौरान टैक्सी यूनियन कार्यालय नग्गर के समीप हैप्पी कुमार पुत्र सुरेश कुमार गांव झंमाच, खुणाची तहसील थुनाग जिला मंडी के कब्जे से चार ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी युवक को कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।

# सरकार हर मोर्चे पर फेल, केंद्र के सहारे चल रहा प्रदेश : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश सिर्फ केंद्र की योजनाओं के सहारे आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में विकास के जो भी काम चल रहे हैं, वे केंद्र द्वारा ही चलाए जा रहे हैं। राज्य सरकार हर मोर्चे पर नाकाम हो गई है।

यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि आज हवा-हवाई बातों के अलावा सुक्खू सरकार कुछ नहीं कर रही है। केंद्र सरकार एक तरफ मातृशक्ति को विधायिका में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन कानून लेकर आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार की योजनाओं को महिला केंद्रित करके देश की करोड़ों महिलाओं को लाभ दे रही है। वहीं हिमाचल की सुक्खू सरकार नारी सम्मान निधि न देने के बहाने खोज रही है।

ऐसी जगहों से योजना की शुरुआत करने की घोषणा कर रही है, जहां पर महिलाओं की संख्या अंगुलियों पर गिनी जा सके, जबकि वादा 23 लाख महिलाओं को देने का था। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार किसी भी विषय को लेकर गंभीर नहीं हैं। अब सरकार के भीतर से लेकर जनता के अंदर से एक ही आवज आ रही है कि इस सरकार के बस का कुछ नहीं हैं। हर तरफ निराशा का माहौल है।

# प्रतिष्ठा की पहली चुनावी परीक्षा के लिए सुक्खू तैयार

## 68 सदस्यीय सदन में कांग्रेस के पास 40, भाजपा के पास 25 और तीन निर्दलीय सीटें

**अरविंद शर्मा, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 27 फरवरी को प्रतिष्ठा की पहली चुनावी परीक्षा का सामना करने के लिए तैयार हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने कोर कमेटी के सदस्य हर्ष-महाजन को कांग्रेस उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के वकील अभिषेक मनु सिंघवी के खिलाफ मैदान में उतारा है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ही जरूरी संख्या जुटाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं।

वर्तमान में 68 सदस्यीय सदन में कांग्रेस के पास 68 में से 40 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत है, भाजपा के पास 25 सीटें हैं और तीन निर्दलीय हैं, लेकिन उसे चुनाव में क्रॉस वोटिंग का डर है। कांग्रेस के संकटमोचक अपनी सरकार के कामकाज से नाखुश अपने विधायकों के साथ-साथ होशियार सिंह, आशीष शर्मा और केएल ठाकुर सहित तीन निर्दलीय विधायकों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क में हैं। विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई, बैठक में कांग्रेस के अलावा तीनों निर्दलीय उम्मीदवार मौजूद रहे, जबकि अपनी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले सुजानपुर से कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा बैठक से अनुपस्थित रहे। सुक्खू ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग से इनकार करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक, विधायकों को वोट डालने से पहले अपना मतपत्र दिखाना होगा। यदि कोई विधायक अपना मतपत्र नहीं दिखाता है तो अधिकृत एजेंट उसके वोट को अवैध घोषित कर सकता है। पार्टी एकजुट है। क्रॉस वोटिंग की कोई संभावना नहीं है, यह सिर्फ विरोधियों द्वारा प्रचारित किया जा रहा है। सरकार में वरिष्ठ मंत्री उद्योग और संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान कहते हैं। कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को 27 तारीख को विधानसभा परिसर के पास स्थित पांच सितारा सेसिल होटल में होने वाली कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा है। बैठक में प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी के अलावा हिमाचल मामलों के प्रभारी एआईसीसी महासचिव राजीव शुक्ला मौजूद रहेंगे। राज्यसभा चुनाव को सुक्खू के लिए अग्निपरीक्षा के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि पार्टी अब लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। सिंघवी के पक्ष में मतदान करने के लिए पार्टी ने सभी विधायकों को व्हिप भी जारी कर दिया है। 27 फरवरी को सभी कांग्रेस विधायकों को मतदान के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है। उधर, 26 फरवरी को शाम सात बजे होटल सिसिल शिमला में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस ने बनाए पोलिंग एजेंट

कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी को पार्टी का अधिकृत पोलिंग एजेंट नियुक्त किया है। 27 फरवरी को विधानसभा परिसर में राज्यसभा सदस्य के चयन के लिए मतदान होना है। कांग्रेस के सभी विधायकों को इन एजेंटों को अपना वोट दिखाना अनिवार्य रहेगा। एक समय में दो एजेंट अंदर और दो बाहर रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस की गारंटियां गुल, एजेंडा बदलने का प्रयासः डॉ. बिंदल



**शिमला।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के लिए जो गारंटियां लोगों को दी थीं। प्रदेश की जनता को जिस तरह से कैमोफ्लैज किया था। पिछले दो बजट के अंदर उसमें से एक पैसे का काम भी जनता के लिए नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की तरफ से अखबारों में एक विज्ञापन लगा है और उस विज्ञापन को देखने से स्वयं स्पष्ट हो जाता है कि जो यह विज्ञापन है वह सेल्फ स्पीकिंग है। इसके अंदर 22,00,000 बहनों को 1500 रुपए महीना मिलना था। उसका कोई जिक्र नहीं है। एक भी बहन को एक भी पैसा इसके अंदर नहीं मिला। कांग्रेस सरकार ने इस विज्ञापन में अपनी दो साल की उपलब्धियां लिखी हैं। कांग्रेस सरकार ने कहा था कि हम 100 रुपए लीटर दूध लेंगे, उसका कोई जिक्र नहीं है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा था कि 1,00,000 बेरोजगार युवकों को पहली कैबिनेट के अंदर हम सरकारी नौकरी देंगे, उसका कोई जिक्र नहीं। उन्होंने कहा कि कोई वादा वर्तमान सरकार ने पूरा नहीं किया, न ही उस वादे की दिशा में बढ़ते हुए कांग्रेस पार्टी के कदम दिखाई देते हैं।

### पूर्व मूख्यमंत्री शांता कुमार बोले- योग के कारण अभी तक जीवित हूं



**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश चंद्रचूड़ ने सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयुष विभाग के स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा वह शाकाहारी हैं। प्रातः काल उठ कर योग करते हैं। आयुर्वेद पर उनका भरोसा है। यह सब पढ़ कर प्रसन्नता हुई। शांता कुमार ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत के ऋषि मुनियों ने विश्व को योग का एक बहुत बड़ा वरदान दिया है। योग केवल आसन या व्यायाम नहीं, योग जीवन जीने की एक कला है। स्वामी रामदेव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयत्न से 16 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है और पूरा विश्व योग मय हो जाता है। शांता कुमार ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि पिछले 50 वर्षों से योग उनके जीवन का आवष्यक हिस्सा है। योग के कारण वह आज 90 वर्ष की आयु में भी स्वस्थ और प्रसन्न जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीवन के लंबे 70 वर्ष राजनीति में लगाए। 19 वर्ष की आयु में जेल चला गया। तीन बार लगभग तीन वर्ष जेलों में काटे। कठिन संघर्षमय 70 वर्ष राजनीति में लगाए। इतना ही नहीं इस व्यस्त और संघर्षमय जीवन में हिंदी में 20 पुस्तकें लिखीं। योग का इतना लाभ हुआ इसीलिए कायाकल्प की स्थापना की। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि योग को जीवन का हिस्सा बनाएं।

### प्रदेश में तीन मार्च को पिलाई जाएगी 'दो बूंद जिंदगी की'

**शिमला।** स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी ने शुक्रवार को शिमला में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में तीन मार्च 2024 को आयोजित किए जाने वाले टीकाकरण की तैयारी संबंधी बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीन मार्च को पांच वर्ष तक के सभी शिशुओं को स्वास्थ्य केंद्रों, बूथों और मोबाइल टीमों द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। प्रदेश के 5,870 बूथों तथा 257 मोबाइल टीमों के माध्यम से 59 लाख, 65 हजार 170 शिशुओं को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। प्रवासी श्रमिकों के बच्चों को पोलियो की खुराक देने पर विशेष बल दिया जाएगा। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित व्यस्कों का एडल्ट बीसीजी टीकाकरण शीघ्र आरंभ कर दिया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रदेश के छह जिलों में 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का एडल्ट बीसीजी टीकाकरण करवाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत बिलासपुर, कांगड़ा, किन्नौर, मंडी, सिरमौर और ऊना जिला के 2,64,426 लोगों का बीसीजी टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। डॉ. संजय रनौत ने प्लस पोलियो टीकाकरण और डॉ. रविंद्र ने एडल्ट बीसीजी पर अपनी प्रस्तुति दी। निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. गोपाल बेरी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक प्रियंका वर्मा तथा अन्य सम्बद्ध अधिकारी उपस्थित थे।

**चुनावी तैयारी** भाजपा संगठनात्मक ढांचे के बूते मैदान में; कांग्रेस का कुनबा खामोश, सोशल मीडिया पर भी सक्रिय नहीं

# संगठन और सत्ता के संघर्ष में फंसी है कांग्रेस

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



लोकसभा चुनावों की तैयारी को लेकर भाजपा के तमाम बड़े नेता संगठनात्मक ढांचे की सवारी के अलावा विरोधी पार्टी कांग्रेस पर जोरदार हमलों के जरिए माहौल को गरमाने में लगे हुए हैं। जेपी नड्डा और अनुराग ठाकुर के अलावा पार्टी का प्रदेश स्तरीय कुनबा सभी जिलों में पिछले कुछ समय से जोरदार तरीके से गतिविधियां बढ़ाए हुए है।

नेताओं के दौरे पार्टी के भीतर तो जोरदार हलचल किए हुए हैं, चुनावों से पहले विरोधियों को मानसिक तौर पर प्रभावित करने में भी जुट गए हैं। उधर, कांग्रेस के संगठन में चुनावी हालात के मद्देनजर पेनापन दिखाई नहीं दे रहा है। पार्टी के भीतर नेताओं की बयानबाजी और तालमेल का अभाव वर्कर्स में मायूसी पैदा किए हुए है। कांगड़ा जिले से ताल्लुक रखने वाले सुधीर शर्मा और हमीरपुर के सुजानपुर से विधायक राजेंद्र राणा की जुगलबंदी भी पार्टी के भीतर हलचल मचाए हुए है। अपनी ही सत्तारूढ़ पार्टी को कई मोर्चों पर घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। चुनावों से ठीक पहले यदि सत्ता और संगठन में बेहतर तालमेल की कमी झलक रही है, जबकि भाजपा के बड़े नेता विधानसभा के भीतर और बाहर सभी लोकसभा क्षेत्र में धमाल मचाने पर आमादा हैं, लेकिन कांग्रेस के प्रवक्ता और अन्य महत्वपूर्ण नेता किसके इंतजार में हैं। उनकी खामोशी उस स्तर पर टूटने का नाम क्यों नहीं ले रही, जिसकी जरूरत वर्कर्स को अखर रही है। (अनंत ज्ञान)



### सुधीर और राणा की अनदेखी





**सुधीर** और राणा की अनदेखी को लेकर पार्टी में ऊहापोह की स्थिति बरकरार है। बजट में नई सोच को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भले ही कई चीजों पर बेहतरीन करने की ओर इशारा कर रहे हों, लेकिन कांग्रेस के दूसरे नेता जनता के बीच में इन चीजों को भुनाने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे । गारांटियों को लेकर कांग्रेस अंदरूनी तौर पर बैकफुट पर दिख रही है। भाजपा में एकजुटता का 'तामझाम' नजर आ रहा है। कांग्रेस के नेता पत्र लिख रहे हैं। फेसबुक पर अपने अंदाज में टिप्पणियां कर रहे हैं। प्रतिभा सिंह के बयान सत्ता और संगठन के बीच की दूरियों को जग जाहिर कर रहे हैं। लगातार चर्चा वाले बयान होने से कांग्रेस के भीतर वर्कर्स में 'खामोशी' की मुद्रा यदि टूटने की स्थिति में नहीं आई, तो फिर 'चुनावी मोड' पर जाने से पहले पार्टी के लिए कई समस्याएं मुंह फूला कर खड़ी हो सकती हैं।

### भाजपा उठा रही फायदा

**कांग्रेस** के भीतर दो दर्जन से ज्यादा प्रदेश प्रवक्ता हैं, लेकिन इक्का-दुक्का को छोड़कर बाकी भाजपा नेताओं के बयानों पर अटैक नहीं करते। जो करते भी हैं, वे प्रभावशाली नहीं दिखते। इसका फायदा भी बीजेपी उठा रही है। मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल के भाजपा नेताओं पर अटैक बीच-बीच में तीखी शैली दिखते हैं। कई बार ऐसा लगता है कि सबसे ज्यादा सक्रिय भी वही हैं, लेकिन इसके अलावा दूसरी प्रवक्ताओं की मौजूदगी असरदार साबित नहीं हो रही। प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की मौजूदगी तो पार्टी के अंदर जग जाहिर हो चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### 66 केवी समोली-हाटकोटी लाइन बनकर तैयार

**रोहड़ू।** 66 केवी लाइन समोली से हाटकोटी बनकर तैयार हो चुकी है। उक्त जानकारी देते हुए एसडीपीओ रोहड़ू रविन्द्र नेगी ने बताया है कि रोहड़ू से हाटकोटी और इसके आसपास के लोगों को सूचित किया जाता है इस लाइन में 23 फरवरी के बाद कभी भी विद्युत प्रवाह शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ समय के बाद 26.3 एमबीए सब स्टेशन से हाटकोटी व इसके आसपास के इलाकों को इसका लाभ मिलना आरंभ हो जाएगा। सहायक अभियंता विद्युत प्रणाली उप-मंडल नोगली ई. अरुण शर्मा ने रोहड़ू से लेकर हाटकोटी व इसके आसपास के निवासियों से अपील की है कि सुरक्षा कारणों से इस लाइन से उचित दूरी बनाए रखें।

### तीन मार्च से शुरू होगी एशियाई राफ्टिंग चैंपियनशिप

**सुन्नी।** सुन्नी के पंदोआ में एशियाई राफ्टिंग प्रतियोगिता 3 मार्च से 9 मार्च 2024 तक आयोजित की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता के आयोजन से शिमला जिला के साहसिक खेलों के पर्यटन स्थल अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपना विशेष स्थान तय करने के साथ राज्य की सकल घरेलू उत्पाद में इजाफा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस संदर्भ में उपायुक्त शिमला कार्यालय में बैठक का आयोजन भी किया गया और उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### स्ट्रीट लाइट व एंबुलेंस रोड न होने से लोग परेशान

**शिमला।** शहर में नगर निगम द्वारा निगम आपके द्वार मुहिम चलाई जा रही है। इसमे एमसी के महापौर और अधिकारी शहर के वार्डों में स्वयं जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। जनता द्वारा सारी समस्या महापौर को बताई जा रही है। इसमे कई समस्याओं का समाधान वार्डों में कर दिया जाता है। रविवार को महापौर शहर के कग्नाधार वार्ड में जाकर निरीक्षण करेंगे। कंगनाधार के पार्षद राम रत्न वर्मा अपने वार्ड के काफी कार्य कर चुके हैं, लेकिन कोई काम ऐसे है जिसमें काफी समय लग रहा है। यहां पर अभी भी स्ट्रीट लाइट्स, एंबुलेंस रोड और अन्य कई समस्याएं हैं। पार्षद ने कई बार हाउस में भी प्रश्न किए हैं। ऐसे में कंगनाधार वार्ड के लोगों ने अब पार्षद राम रतन वर्मा को मेयर के दौरे की मांग की है। राम रतन वर्मा ने सुरेंद्र चौहान से आग्रह किया वह सभी विभागों के अधिकारियों के साथ उनके वार्ड का दौरा करें। इसके चलते ही मेयर सुरेंद्र चौहान ने रविवार को अपने सभी अधिकारियों के साथ कंगनाधार वार्ड का दौरा करने का निर्णय ले लिया है। दावा है कि अधिकतर शिकायतों का निवारण मौके पर ही किया जाना है।

### संकटमोचन मंदिर के बाहर पार्किंग बनकर तैयार

**शिमला।** राजधानी शिमला में स्थित संकटमोचन मंदिर के बाहर पार्किंग बन चुकी है। इससे लोगों को अब राहत मिलने वाली है। काफी समय से यहां पर पार्किंग की मांग की जा रही थी, अब वाहनों को पार्क करने के लिए दो मंजिला पार्किंग का निर्माण कर दिया गया है। शिमला शहर में अक्सर देखा जाता है कि लोगों को वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं मिल रही होती है, शहर की सड़कों पर वाहनों की कतारें नजर आती हैं। अब इससे थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। संकटमोचन स्थित पार्किंग का कार्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत किया गया है। वर्ष 2019 में इस पार्किंग के लिए टेंडर आवंटित किया गया था। इसके लिए कूल पांच करोड़ की राशि दी गई थी। उसके बाद उसे बढ़ाकर सात करोड़ कर दिया गया। यह पार्किंग पिछले वर्ष बनकर तैयार होनी थी लेकिन बीते वर्ष भारी बारिश के कारण काम पूरा नहीं हो पाया। अब यह पार्किंग पूरी तरह तैयार हो चुकी है। इस पार्किंग में 100 गाड़िया एक साथ पार्क हो सकेंगी। उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रवीण वर्मा का कहना कि बीते वर्ष यह पार्किंग बनकर तैयार होनी थी लेकिन बारिश के कारण काम को रोकना पड़ा। जल्द ही इसका उद्घाटन कर लोकार्पण किया जाएगा।

# आईजीएमसी में निजी लैब में करवाने पड़ रहे महंगे टेस्ट

## मरीज व तीमारदार परेशान, हो उचित कार्रवाई, सरकारी व क्रस्ना लैब में हो रहे सिर्फ सस्ते टेस्ट




**रविंद्र जस्टा, शिमला**

आईजीएमसी में मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए दर दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। हैरानी की बात है कि आईजीएमसी में महंगे टेस्ट नहीं होते। ऐसे में महंगे टेस्ट करवाने के लिए मरीजों को निजी लैब में भेजा जा रहा है। आईजीएमसी की अपनी सरकारी लैब व क्रस्ना लैब में सस्ते ही टेस्ट हो रहे हैं। सरकार ने क्रस्ना लैब को अस्पताल में टेस्ट करने के लिए त्वजों दिया है, लेकिन इस लैब को लेकर पहले भी कई आरोप लग चुके हैं। वहीं जो आईजीएमसी की अपनी सरकारी लैब है उसमें तो सिर्फ बल्ड टेस्ट के अलावा नार्मल टेस्ट होते हैं। अब यहां पर सवाल तो यह उठ रहा है कि आईजीएमसी में दो लैब होने के बावजूद महंगे टेस्ट के लिए निजी लैब भेजा जा रहा है। इसके पीछे कहीं कमीशन का धंधा तो नहीं चल रहा है। लोगों का कहना है कि इसको लेकर जांच करवानी चाहिए, ताकि दूध का दूध पानी का पानी सामने आए। वहीं गरीब मरीज भी अपने टेस्ट सस्ते में करवा पाए।

**सवाल, महंगे टेस्ट न होने के पीछे कहीं कमीशन का धंधा तो नहीं?**

### सरकारी लैब में टेस्ट की सुविधा 12 बजे तक ही क्यों?

आईजीएमसी की सरकारी लैब में सिर्फ 12 बजे तक टेस्ट होते हैं, लेकिन ऐसा क्यों? लोगों के इसको लेकर यह सवाल उठ रहे हैं कि प्रशसन व सरकार निजी लैब को त्वाजों दे रही है। सरकारी लैब में ही सारे टेस्ट करवाने की सुविधा होनी चाहिए थी। यहां जब मरीज लाइनों में खड़े हो जाते हैं तो अन्य लोगों को गुजरने तक की भी जगह नहीं होती है।

### रोजाना तीन हजार से अधिक ओपीडी

आईजीएमसी प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल होने के नाते यहां रोजना तीन हजार से अधिक ओपीडी रहती है। जहां चिकित्सक मरीजों की जांच के बाद उन्हें टेस्ट करने के लिए कहते हैं। प्रशासन द्वारा अगर समय से कोई कदम नहीं उठाए गए तो मरीजों को इससे भी ज्यादा दिक्कतें आ सकती है। सैकडों मरीजों को यहां पर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सरकारी लैब में समय से नहीं मिलती रिपोर्ट

**आईजीएमसी** के सरकारी लैब में तो कभी भी समय से मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिलती है। टेस्ट करवाने में मरीजों के सप्ताह ही बीत जाता है। यहां स्थिति कुछ इस तरह की बन चुकी है कि जब मरीज अपना उपचार करवाने आते हैं तो वे चिकित्सक से एक बार चैकअप तो जैसे-तैसे करवा लेते हैं, लेकिन जब चिकित्सक टेस्ट लिखते हैं तो काफी समय लगता है। अगर कोई मरीज अपना ठीक से चेकअप करवा है तो उन्हें 15 के दिन लग जाते हैं। अगर तो मरीज का ऑपरेशन होता है तो मरीज दो या तीन महीने से पहले घर नहीं जा पता है।

### यदोपति व प्रदीप को लोकसभा चुनाव के लिए दी जिम्मेदारी

**शिमला।** आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर एक आधिकारिक सूचना के माध्यम से हिमाचल युवा कांग्रेस अध्यक्ष निगम भंडारी और हिमाचल युवा कांग्रेस प्रभारी विनीत कंबोज ने कार्यकारी अध्यक्ष यदोपति ठाकुर और प्रदीप सूर्या को युवा कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए की जा रही तैयारियों और कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में समंवय स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी।

जहां एक तरफ यदोपति को मंडी और कांगड़ा लोकसभा में पार्टी गतिविधियों पर नजर रखने और जमीनी कार्यों को करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं दूसरी तरफ प्रदीप सूर्या को हमीरपुर और शिमला लोकसभा में युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे कार्यों को गति देने का कार्य दिया गया है। ये जानकारी युवा कांग्रेस राजीव भवन कार्यालय से दी गई।

# शहर में शौचालय के सुधरेंगे हालात

## सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं करेंगी देखरेख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर के शौचालय की हालत बहुत दयनीय है। इसके सुधार के लिए नगर निगम ने सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को सुलभ शौचालय की सफाई व देखरेख करने के आदेश जारी किए हैं। नगर निगम शहर में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को आजीविका देने के लिए शौचालयों की देखरेख का जिम्मा महिलाओं को देने वाला है। इसके लिए नगर निगम शिमला प्रस्ताव तैयार कर रहा है। कई वार्डों से शहर में सुलभ शौचालयों की देखरेख करने की मांग की गई है। आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने शौचालयों की देखरेख करने के लिए महिलाओं को रोजगार देने का आश्वासन दिया है।

नगर निगम शिमला ने कुछ समय पहले सेल्फ हेल्प की महिलाओं को शहर के शौचालयों का सर्वे करने के लिए कहा था। शहर में शौचालयों की हालत जैसे पानी की कमी या ना होना, शौचालय टूटा होना, किसी शौचालय में कर्मचारी है या नहीं इन सभी चीजों का सर्वे करवाया गया, जिसकी रिपोर्ट नगर निगम को मिल गई है। ऐसे में नगर निगम शहर के कोर एरिया के बाहर वाले क्षेत्रों में बने शौचालयों को स्थानीय महिलाओं को देने की तैयारी में है।

### बजट में भी महिलाओं को आजीविका देने की बात

**शिमला** शहर में 33 सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं, जिनमें सैंकड़ों महिलाएं काम कर रही हैं। सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को उनके वार्डों में ही शौचालयों की देखरेख करने का जिम्मा दिया जाएगा। इससे शहर के विभिन्न वार्डों में बने शौचालयों की सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहेगी। इसके अलावा नगर निगम ने बजट में भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका देने की बात कही है, जिस पर अमल किया जा रहा है।

> **शहर** के वार्डों में बने शौचालयों की देखरेख का जिम्मा हेल्प ग्रुप की महिलाओं को दिया जाएगा। फिलहाल इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। अगर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं शौचालयों की सफाई का जिम्मा लेती हैं तो इससे उन्हें आजीविका मिलेगी और शौचालयों में समय पर सफाई हो सकेगी।
>
> **-भूपेंद्र अत्री, आयुक्त, नगर निगम शिमला**

# किन्नौर के मध्यम व ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने से तापमान में आई गिरावट

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

जनजातीय जिला किन्नौर के मध्यम व ऊंचाई वाले इलाकों में शुक्रवार रात से बर्फबारी का दौर जारी रहा, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हो रही है। बर्फबारी व बारिश के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है।

किन्नौर के पर्यटन स्थल कल्पा, छितकुल, सांगला, रोपा वेली, नाको आदि क्षेत्रों में तापमान माइनस में चल रहा है। इन क्षेत्रों में जारी बर्फबारी के कारण ठंड बढ़ गई है बर्फबारी के चलते स्थानीय ग्रामीण घरों में लकड़ी जला कर ताप ले रहे हैं। बता दें कि कई संपर्क मार्गों पर बर्फ पड़ने से मार्ग फिसलन भरी हो गई है, जिस कारण सफर जोखिम भरा हो गया है। वहीं रिकांगपिओ डिपो की एक बस सापनी गांव में फंसी है। इस्पेक्टर गोपाल नेगी ने कहा कि शुक्रवार को सभी रूटों पर बसें भेजी गई थी। शनिवार को असरंग व चारंग दिन की रूट की बस स्पिलो तक गई, जबकि सुमरा के पास मार्ग अवरुद्ध होने से काजा की ओर जाने वाली बस सुमरा तक ही गई।





जनजातीय जिला किन्नौर के ऊंचाई वाले इलाकों में हुई बर्फबारी का दृश्य।

# मीराबाई ने गुरु रविदास जी को किया अपना गुरु धारण : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने भाजपा मुख्यालय दीप कमल चक्कर में आयोजित रविदास जयंती के कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि गुरु रविदास का विलक्षण जीवन और वह व्यक्ति जो जूते बनाने वाले के परिवार में पैदा होते हैं और उसी व्यवसाय को करते हैं। काशी की पवित्र नगरी के अंदर इस कार्य को करते हुए वो अद्वितीय गुणों से युक्त रहते हुए केवल भारत नहीं विश्व के मार्गदर्शक बने।

डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि मीराबाई ने गुरु रविदास को अपना गुरु धारण किया और उनके सभी भजन के अंदर संत गुरु रविदास जी महाराज का जिक्र किया है। यह जो काशी का विशिष्ट है, काशी की जो महानता है उस महानता के अंदर संत गुरु रविदास अपना जो चरित्र है व्यक्तित्व है वह प्रभु के सामान का जीवन है, वो उनकी महानता में शामिल है। डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि ऐसे संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के श्री चरणों में नमन करते हुए आज हम अपने आप को सौभाग्यशाली महसूस करते हैं और आज हिमाचल प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों में प्रति विधानसभा क्षेत्र के 20 बस्तियों में ये कार्यक्रम होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज भारत के उस कालखंड के अंदर पैदा हुए जब हम गुलामी के कालखंड के अंदर थे, उस गुलामी के कालखंड के अंदर भारत की संस्कृति, भारत के विचार की चेतना, भारत की आत्मा और उसका पुनर्जागरण करने का कार्य करने वाले संत शिरोमणि श्री रविदासजी महाराज के श्री चरणों में नमन करते हुए हमें आनंद की अनुभूति हुई।



शिमला के कृष्णा नगर में गुरु रविदास जयंती के अवसर पर झंडा चढ़ाते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल व स्थानीय लोग।

# सीपीएस मोहन ने भलून कैंची-मुलूंड सड़क का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने ग्राम पंचायत भलून का दौरा किया। कांग्रेस मंडल रोहड़ू के मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि शनिवार को भलून कैंची से मुलूंड गांव तक बनी सड़क का लोकार्पण किया गया।

इस सड़क की लंबाई 3.460 किलोमीटर है। इस सड़क को बनाने की मांग काफी लंबे समय से स्थानीय लोगों की ओर से की गई थी। सड़क के निर्माण से लोगों को अपनी नगदी फसल को मंडियों तक ले जाने में सुविधा मिलेगी। विधायक मोहन लाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे भलून पंचायत के विकास के प्रति वचनबद्ध है और पूर्व समय में भी कांग्रेस पार्टी व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के नेतृत्व में रोहड़ू में अभूतपुर विकास हुआ है। इस मौके पर ग्राम पंचायत भलून प्रधान रोशन लाल, उपप्रधान नरेश नेगी, सभी वार्ड सदस्य, महिला मंडल भलून की प्रधान व सदस्य, महिला मंडल दोगरी, महिला मंडल नागाधार, नवयुवक मंडल भलून, महासचिव कांग्रेस मंडल रोहड़ू राम चरण मेहता व लवलेश चौहान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजा राम आदि मौजूद रहे।




सड़क का लोकार्पण करते मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा

# हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने सुना गणपति महिमा का गुणगान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुन्नी**

सुन्नी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में गणेश एवं पंचमुखी हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शनिवार को आरंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा वाचक सौरभ शास्त्री द्वारा गणपति की महिमा का गुणगान भी सुना।

बता दें कि चार दिन तक चलने वाले इस अनुष्ठान के अंतिम दिन गणपति मूर्ति की स्थापना की जाएगी। 25 फरवरी रविवार को आयोजकों द्वारा रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। बहरहाल कथा श्रवण करने आ रहे श्रद्धालुओं ने भंडारे का भी भरपूर आनंद लिया। बता दें की इस अनुष्ठान में गुरू देव महंत प्रेम गिरी महराज अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पंचदशनाम जूना अखाड़ा के कृपा पात्र शिष्य थानापति महंत दीपेश्वर गिरी तथा पंचदशनाम जूना अखाड़ा के सानिध्य में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न करवाया जा रहा है।

स्थानीय युवा कपिल गुप्ता,अनीश गुप्ता, सुधीर गुप्ता, गौरव गुप्ता, दीपक शर्मा, योगराज, अभिषेक गुप्ता, अक्षय चौहान, सौरव चौहान सहित आदर्श कीर्तन मंडली तथा गृह रक्षा तृतीय वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र सुन्नी के जवान अनुष्ठान में भरपूर सहयोग कर रहे हैं।



मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं को कथा सुनाते कथा वाचक।

**मुहिम** 2023 में नशे पर शिकंजा कसने व हादसों के ग्राफ में कमी लाने में कामयाब रही चौपाल पुलिस

# एनडीपीएस के 37 मामलों में 47 को भेजा जेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, नेरवा/चौपाल**

साल 2023 में चौपाल पुलिस नशे के खिलाफ छेड़ी गई एक विशेष मुहिम के तहत नशे पर शिकंजा कसने और हादसों के ग्राफ में कमी लाने में कामयाब रही है। एसडीपीओ चौपाल राज कुमार के कुशल नेतृत्व में गत वर्ष चौपाल पुलिस उपमंडल के तीनों थानों चौपाल, नेरवा और कुपवी में जहां नशा तस्करी के रिकॉर्ड मामले दर्ज हुए हैं, वहीं हर साल होने वाले सड़क हादसों में भी करीब साठ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। इसके अलावा चोरी और सेंधमारी के मामलों में भी लगभग सौ फीसदी सफलता के साथ 75 लाख रुपए से अधिक के सामान और नकदी की रिकवरी की गई है। 2022 में चौपाल के तीनों थानों में एनडी एंड पीएस के कुल 12 मामले दर्ज हुए थे जबकि 2023 में पुलिस की लगातार सक्रियता के चलते तीन गुना से भी अधिक 37 मामले दर्ज हो चुके हैं। इन में चिट्टे के 11, कोरेक्स के 11, चरस के छह, अफीम का एक, भुक्की का एक, भांग की अवैध खेती के तीन एवं अफीम की खेती के चार मामले इस साल तीनों थानों में दर्ज हुए हैं। इसके अलावा चोरी के मामलों में 98 फीसदी सफलता के साथ नेरवा थाना में 50 हजार, चौपाल थाना में 19 लाख 46 हजार एवं कुपवी थाना में 40 हजार रुपए के सामान और नकदी की बरामदगी की गई है, जबकि सौ फीसदी सफलता के साथ सेंधमारी के मामलों में चौपाल थाना में 54 लाख, नेरवा थाना में एक लाख चालीस हजार एवं कुपवी थाना में बीस हजार रुपए के सामान और नकदी की बरामदगी की गई है। इनमे 54 लाख की सेंधमारी के मामले को चौपाल पुलिस ने महज 12 घंटे में सुलझा कर दो दिन के भीतर पूरा सामान बरामद कर लिया था। नौ दिसंबर की रात स्कूली छात्रों ने बीडीओ ऑफिस चौपाल के समीप बने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भवन में सेंधमारी की वारदात को अंजाम देते हुए 27 लैपटॉप व अन्य सामान उड़ा लिया था। पुलिस टीम ने यह सारा सामान रिकॉर्ड समय में बरामद कर सराहनीय कार्य किया। इसीके साथ पुलिस उपमंडल चौपाल में गुमशुदा सामान की भी सौ फीसदी बरामदगी हुई है।

### चोरी-सेंधमारी के मामलों में 75 लाख से अधिक रिकवरी



राज कुमार वर्मा,एसडीपीओ चौपाल।

### सड़क हादसों में आई साठ फीसदी गिरावट

**एसडीपीओ** राज कुमार की कार्यकुशलता के साथ-साथ पुलिस टीम की सक्रियता का सबसे सुखद पहलु यह है कि इस साल सड़क हादसों में पिछले साल के मुकाबले करीब साठ फीसदी गिरावट आई है। 2022 में हुए 29 सड़क हादसों में जहां 33 लोगों की जान गई थी एवं 35 लोग घायल हुए थे, वहीं 2023 में साठ फीसदी गिरावट के साथ 13 सड़क हादसे पेश आए, जिनमे 14 लोगों की जान गई एवं नौ लोग घायल हुए।

# मुख्यमंत्री ने पेश किया प्रदेश की आर्थिकी को मजबूती देने वाला बजट : नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में बीते 17 फरवरी को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वर्तमान कांग्रेस सरकार का दूसरा बजट पेश किया। अब इसको लेकर मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने इस बजट को प्रदेश की आर्थिकी मजबूत करने वाला और प्रदेश के हर वर्ग को स्पर्श करने वाला बजट बताया है। इस दौरान नरेश चौहान ने विपक्ष पर भी निशाना साधा।

नरेश चौहान ने कहा की विपक्ष के पास बजट का विरोध करने के लिए कोई कारण नहीं है। ऐसे में विपक्ष का इस बजट का विरोध करना उनकी केवल राजनीतिक मजबूरी है। नरेश चौहान ने कहा कि 17 फरवरी को कांग्रेस सरकार ने अपना दूसरा बजट पेश किया। उन्होंने इस बजट को ऐतिहासिक बजट करार दिया है। नरेश कहा कि बजट के माध्यम से प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत करने वाले कदमों को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने कहा कि बजट में सबसे खास बात यह है कि इसमें हर वर्ग को जोड़ा गया है और इसलिए यह एक शानदार बजट है। नरेश चौहान ने कहा कि इस बजट के माध्यम से ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने का काम किया गया है। प्रदेश की 80 प्रतिशत जनसंख्या गांव में रहती है।

मुख्यमंत्री की सोच है कि प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत किया जाए। ऐसे में ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने की सोच इस बजट में नजर आती है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हिमाचल प्रदेश देश में प्राकृतिक खेती के मामले में देश का नेतृत्व करने वाला प्रदेश होगा। नरेश चौहान ने कहा कि पूर्व जयराम सरकार में जो कर्मचारियों की देनदारियां थी, उसे भी वर्तमान सरकार ने देने का काम किया है जो अपने आप में एक बड़ा फैसला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन्हें चरणबद्ध तरीके से देने का एक व्यवहारिक निर्णय लिया है, जबकि पूर्व सरकार के समय में यह देनदारियां खड़ी हुई। विपक्ष पर हमला साधते हुए कहा कि न जाने विपक्ष की ऐसी कौन सी मजबूरी है जिसके चलते विपक्षी नेताओं को इस बजट का विरोध करना पड़ रहा है।

### विपक्ष का विरोध केवल राजनीतिक मजबूरी



## न्यूज ब्रीफ

### नाहन में आज नहीं लगेगा पावर कट

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन और आसपास के क्षेत्रों में 25 फरवरी को जो पावर कट लगना था, जो किन्ही प्रशासनिक कारणों के चलते रद्द कर दिया गया है। यह जानकारी बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-2 ने दी है।उन्होंने बताया कि नाहन शहर, गुन्नूघाट, चौगान, कच्चा टैंक, शंभुवाला, बनकला, सतीवाला, बोहलियों, मातरभेडों, कटासन, उत्तमवाला, नेहरला, चासी, सुरला, महीधार, धारक्यारी, जाब्बल का बाग, जमटा, रामाधोण, पंजाहल, धगेड़ा, आमवाला, सैनवाला, बोगरिया इत्यादि समस्त क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

### मरम्मत कार्य के चलते आज बिजली बाधित रहेगी

**अर्की।** विद्युत उपमंडल अर्की के एसडीओ नीरज कतना ने बताया कि विद्युत उपमंडल अर्की के तहत आने वाले बातल फीडर के गांव बातल मंजयाट पाटी काटल मांजू खनलग रौड़ी व आसपास के क्षेत्रों में 11 केवी एचटी लाइन बातल फीडर के रखरखाव व पेड़ों तथा झाड़ियां, जो कि बिजली की तारों से टच हैं या संपर्क में हैं, उन्हें काटने-छांटने के लिए 25 फरवरी को साढ़े नौ से सायं पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। उन्होंने उक्त सभी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सैंज में धूमधाम से मनाई गुरु रविदास जयंती



सैंज में गुरु रविदास जयंती प्रकाश उत्सव में उपस्थित लोग।

**अर्की।** उपमंडल अर्की के सैंज गांव में गुरु रविदास जयंती के 647वां प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पंजाब के रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी प्रस्तुत की गई तथा गुरु रविदास के द्वारा बताए गए मार्ग व पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर उपप्रधान चमयावल सीडी पंवर, एडवोकेट पार्वती, वाल्मीकि सभा, गुरु रविदास समाज सुधार सभा व महिला मंडल के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### पीतांबरा पीठ में पांच दिवसीय बगलामुखी महायज्ञ


संत सम्मेलन के दौरान सन्यास आश्रम रेणुका के महंत भीम पुरी।

**रेणुका जी।** सन्यास आश्रम रेणुका के महंत भीम पुरी ने पिहोवा धनीरामपुरा के पीतांबरा पीठ में पांच दिवसीय बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया। महंत भीम पुरी ने बताया कि यह उनका 27वां यज्ञ है। साधु समाज के प्रदेश अध्यक्ष महंत बंसी पुरी व रेणुका आश्रम के व्यवस्थापक दीनदयाल पुरी ने बताया कि इस यज्ञ में 7.50 लाख आहुतियां डाली गईं। इस कार्य को संपन्न करने के लिए 65 ब्राह्मणों ने भाग लिया, जबकि यज्ञ के 75 यजमान नित्य प्रति पूजा व हवन यज्ञ में भाग लेते रहे। महंत भीम पुरी ने बताया कि पूर्णाहुति के दिन विशाल भंडारे के साथ-साथ संत सम्मेलन व 1008 कन्याओं का पूजन भी किया गया, जिन्हें वस्त्र के साथ-साथ दक्षिणा व भोजन भी कराया गया। धनीरामपुरा के सरपंच विकल चौबे ने बताया कि इस यज्ञ में लगभग 5000 लोगों ने भाग लिया। यज्ञ को अगले वर्ष अधिक बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। यज्ञ में रेणुका से भी बड़े संख्या में श्रद्धालुओं

### एवीएन स्कूल में लगा जागरूकता शिविर

**नाहन।** स्थानीय एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में समाज में नशे के विरुद्ध एक जागरूकता शिविर का आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के माता-पिता को नशे के रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य केके चंदोला के अनुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और उनके विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 40 अभिभावकों और 35 शिक्षकों ने भाग लिया। अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य केके चंदोला ने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है, जिसको आपसी सद्भाव और सहयोग से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने नशे के विरुद्ध एक समग्र अभियान चलाने और अभिभावकों से उनके सकारात्मक संदेश का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक अर्जुन सिंह ने किया। इस अवसर पर अनेक अभिभावकों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### उद्योग में बताए आग से बचने के गुर


फायर डिपार्टमेंट की टीम उद्योग में जागरूकता अभियान चलाती हुई।

**बीबीएन।** अग्निशमन केंद्र नालागढ़ ने शनिवार को जय भवानी इंडस्ट्री गुरु माजरा में आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया। अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन, स्टाफ व कामगारों को आग जैसी स्थिति से बचने के लिए जागरूक किया, ताकि आपात स्थिति में खुद को कैसे बचाया जा सके। बद्दी के झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग में हुए भीषण अग्निकांड को देखते हुए फायर डिपार्टमेंट अब विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में मॉकड्रिल करवा रहा है, ताकि कामगारों को जागरूक किया जा सके। फायर ऑफिसर नालागढ़ जयपाल ने बताया कि स्टाफ व कामगारों को आग से बचने व तुरंत कार्रवाई करते हुए किस यंत्र से आग को बुझाया जा सकता है, उसके बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विभाग समय-समय पर अभियान चलाता रहता है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में तुरंत 101 पर सूचना दी जानी चाहिए ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके।

### महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर चर्चा

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के प्राचीन पातालेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में मंदिर कमेटी की बैठक दाताराम चौहान की अध्यक्षता में हुई। इसमें महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर चर्चा की गई कि आठ मार्च को महादेव मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के प्रधान दाताराम चौहान ने कहा कि आठ मार्च को मंदिर में प्राचीन महादेव मंदिर के दर्शन होंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसके साथ ही नौ मार्च को मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि के महापर्व को मनाने के लिए कई श्रद्धालु व लोग भी सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि को धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष मंदिर समिति का और अच्छा प्रयास रहेगा।

### शैलेंद्र गुप्ता की माता के देहांत पर शोक व्यक्त

**सोलन।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने जिला सोलन प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता की माता के देहांत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सुधा गुप्ता हम सब को छोड़कर अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर पंचतत्व में विलीन हो गई हैं। उन्होंने शैलेंद्र गुप्ता, उनके भाई सुधीर गुप्ता के प्रति संवेदना व्यक्त की। शर्मा ने कहा कि भाजपा परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है शैलेंद्र गुप्ता, उनके भाई-बहनों परिवार के सभी सदस्यों को इस दुख की घड़ी में सहनशीलता दे। वह दिवंगत आत्मा को प्रभु चरणों में स्थान दें। भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल, उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सैजल, रश्मि सूद, प्रदेश सचिव डेजी ठाकुर, प्रदेश मीडिया विभाग प्रभारी रणधीर शर्मा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा, सोलन जिला मीडिया प्रभारी संजीव मोहन समस्त भाजपा परिवार ने शोक प्रकट किया है।

# मोटा अनाज संतुलित आहार का मुख्य स्रोत : डॉ. शांडिल

## सोलन में राज्य स्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेला-2024 की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित आहार आवश्यक है और भारत तथा हिमाचल प्रदेश में पाए जाने वाले मोटे अनाज संतुलित आहार का मुख्य स्रोत हैं। डॉ. शांडिल आज सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेला की अध्यक्षता कर रहे थे। मेले का आयोजन स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियमन निदेशालय सोलन की ओर से किया गया।

डॉ. शांडिल ने कहा कि हमारे देश और प्रदेश की जलवायु ज्वार, बाजरा, रागी, कोदा, मडुआ, सावां जैसे मोटे अनाजों के उत्पादन के


राज्य स्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेले का शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शांडिल।

लिए सर्वथा उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज न केवल भरपूर ऊर्जा का स्रोत हैं, अपितु इनके उत्पादन में भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है।

उन्होंने कहा कि मोटे अनाजों के उत्पादन में जल का उपयोग भी काफी कम होता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मोटे अनाज हमारी लगभग सभी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं, इसलिए इन्हें 'सुपर फूड' के नाम से भी जाना जाता है। मोटा अनाज मानव शरीर की पाचन प्रणाली के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि इन अनाजों के प्रयोग से हम वर्तमान समय के अनेक रोगों से बचे रह सकते हैं। डॉ. शांडिल ने कहा कि विश्व के अनेक देश धीरे-धीरे मोटे अनाजों की उपयोगिता समझ रहे हैं और इनका उत्पादन समय के साथ आर्थिक रूप से भी बेहतर बनेगा। सभी मोटे अनाजों को लंबे समय तक बिना किसी रसायन के उपयोग के ठीक रखा जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा मोटे अनाज की उपयोगिता विषय पर स्थापित प्रदर्शनियों का शुभारंभ एवं अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शित उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर ईट राइट मिलेट्स मेला हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर भी किए। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित बेबी शो प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया, ताकि सभी सही खान-पान की उपयोगिता समझ सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी इस दिशा में सघन प्रयास कर रही है।

राज्य स्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेला-2024 के अवसर पर वॉकाथॉन, स्लो साइकिलिंग, प्रश्नोत्तरी, चित्रकारी, रस्साकशी, नारा लेखन और शेफ रेसिपी इत्यादि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबंध कलाकारों ने लोगों को प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी और मोटे अनाज की उपयोगिता विषय पर प्रकाश डाला।

### जंक फूड से बढ़ रहे बीमारियों की ओर

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुर्वेद हमें ऋतु चक्र के अनुसार भोजन का परामर्श देता है और मोटे अनाज इस आवश्यकता को पूर्ण करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के भागदौड़ के जीवन और जंक फूड पर निर्भरता से हम विभिन्न बीमारियों की ओर बढ़ रहे हैं। इनसे बचाव के लिए स्वस्थ जीवन शैली और संतुलित आहार-विहार आवश्यक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि देश व प्रदेश में पारंपरिक रूप से उगाए जा रहे मोटे अनाजों को नियमित रूप से अपने भोजन में सम्मिलित करें। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य एवं भावी पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए मोटे अनाज का उपयोग जरूरी है।

# विधायक ठाकुर ने सड़क के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार तेजी से हो रहे हैं। शनिवार को नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर ने आठ किलोमीटर सड़क का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस मार्ग को 16 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा। इससे बेहड़ी पंचायत के गांव कफलेड़, बेपड़, जाड़, तनसोग व बरोग को लाभ मिलेगा।

ग्रामीणों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस मार्ग की समस्या काफी लंबे समय से थी जिसका कार्य शुरू हो चुका है। विधायक ने कहा कि ब्लैहड़ गांव के लिए 10 दिन के अंदर नया ट्रांसफार्मर लगवाया जाएगा और गंबर नदी पर छोटे-छोटे चेक डैम भी जल्द लगेंगे। इस अवसर पर विधायक ने


विधायक केएल ठाकुर सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

गांववासियों की समस्याओं को सुना और जल्द से जल्द उनका निपटारा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पंचायत प्रधान सतपाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलदेव ठाकुर, पंडित हेम शंकर, इंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सुंदर सिंह, बजीरू, सोढी राम, पूनम, बीडीसी नंद लाल समेत कई मौजूद रहे।

### पौष्टिक आहार अपनाने के संदेश को लेकर दौड़े बच्चे और बुजुर्ग

**सोलन।** सोलन में शनिवार को मिलेट वाल्कथॉन का आयोजन किया गया। वाल्कथॉन मोहन पार्क से शुरू होकर मॉल रोड होते हुए सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में संपन्न हुई। इस वाल्कथॉन में स्कूली छात्रों सहित नेहरू युवा केंद्र ,सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों एवं सीनियर सिटीजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व लोगों को पौष्टिक आहार अपनाने का संदेश दिया।

नगर निगम सोलन में फूड सेफ्टी के असिस्टेंट कमिश्नर डॉ. अतुल ने बताया कि लोग गलत खाना खाने वी गलत दिनचर्या की वजह से बीमारियों से ग्रसित होते जा रहे हैं। लोगों को पौष्टिक आहार के बारे में वह मैसेज जैसी कुरीतियों से दूर रखने के लिए आज इस वाल्कथॉन का आयोजन किया गया।


मिलेट वाल्कथॉन को रवाना करते निगम के अधिकारी।

### ददाहू कॉलेज के ऊर्जा क्लब ने करवाईं प्रतियोगिताएं



ददाहू कॉलेज के ऊर्जा क्लब के छात्र, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

**रेणुका जी।** रेणुका जी राजकीय महाविद्यालय ददाहू के ऊर्जा क्लब ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ऊर्जा क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजना, द्वितीय लविश, तृतीय स्थान पर रेखा देवी, नारा लेखन में प्रथम स्थान अंजना, द्वितीय मनीषा तथा तृतीय स्थान पर साक्षी, लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता, द्वितीय साक्षी तथा तृतीय स्थान लता एवं मनीष ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रो. रमेश कुमार, प्रो. सुरम्या गुसाईं तथा प्रो. बबीता मेहता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और ऊर्जा क्लब द्वारा की गई प्रतियोगिताओं की सराहना की।

### अग्नि सुरक्षा पर दी जानकारी

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की तहसील नाहन के अंतर्गत मेट्रो डेकोरेटिव प्राइवेट लिमिटेड कालाअंब उद्योग में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिरमौर एवं चतुर्थ वाहिनी गृहरक्षक विभाग सिरमौर, अग्निशमन विभाग, नाहन के संयुक्त तत्वाधान में आज अग्नि सुरक्षा एवं बचाव अभियान पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। गृह रक्षक चतुर्थ वाहिनी, सिरमौर के आदेशक तोताराम शर्मा ने बताया कि इस मॉक अभ्यास को करवाने का उद्देश्य उद्योगों में लगातार बढ़ रही अग्निकांड की घटनाओं के मद्देनजर करवाए जा रहे हैं।

### देशराज सोलन, गुरमीत नालागढ़ के प्रभारी


सोलन मंडल के प्रभारी देशराज ठाकुर

**बीबीएन।** लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया को और ज्यादा प्रभावशाली बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया विभाग ने पांचों मंडलों में प्रभारी व सह प्रभारियों की जिम्मेदारियां सौंपी है। भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला सोलन के जिला संयोजक आसिफ चौधरी ने ये नियुक्तियां की हैं। इसमें दून विधानसभा के बद्दी से ताल्लुक रखने वाले देशराज ठाकुर को सोलन मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया है, वहीं दलीप कुमार सह प्रभारी होंगे। इसी प्रकार बरोटीवाला के गुरमीत चौधरी को नालागढ़ मंडल प्रभारी की कमान सौंपी गई है, जबकि हरजिंदर ठाकुर सहप्रभारी होंगे। इसी प्रकार अर्की मंडल में देवराज चंदेल प्रभारी तो रितु शर्मा सहप्रभारी होंगे। कसौली मंडल में अभिषेक कौंडल प्रभारी तो बलमा शर्मा सहप्रभारी होंगी तो दून मंडल में गौरव साहनी प्रभारी, वहीं प्रज्जवल पराशर सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिला संयोजक आसिफ चौधरी ने बताया कि ये नियुक्तियां तत्काली प्रभाव से लागू हो गई हैं और लोकसभा चुनावों में अहम भूमिका निभाएंगे।

### पांवटा में 26 को निकाला जाएगा ट्रैक्टर मार्च

**पांवटा साहिब।** किसान यूनियन के सदस्यों ने एसडीएम कार्यालय पांवटा साहिब के बाहर केंद्र सरकार का पुतला जलाया। हिमाचल प्रभारी किसान आंदोलन के नेता जगतार सिंह बाजवा व हिमाचल के अध्यक्ष अनिंद्र सिंह नौटी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाए और आंदोलन में मारे गए किसानों को शहीद घोषित किया जाए। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भी भेजा। मौके पर किसानों ने ये भी निर्णय लिया कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पांवटा साहिब के अध्यक्ष जसविन्द्र सिंह के नेतृत्व में 26 फरवरी को पांवटा में ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा, जिसमें किसान केंद्र सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त करेंगे।

### भाजपा युवा मोर्चा करेगा युवा चौपालों का आयोजन

**पांवटा साहिब।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल पांवटा साहिब की विशेष बैठक युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चरणजीत चौधरी ने कहा कि युवा मोर्चा मंडल पांवटा साहिब 25 फरवरी से पांच मार्च तक पांवटा साहिब विधानसभा में युवा चौपालों का आयोजन कर रहा है। चरणजीत चौधरी ने बताया कि विधानसभा में सभी बूथों को 29 ग्राम केंद्रों में विभाजित किया गया है। सभी ग्रामे द्रों पर युवा मोर्चा के विस्तारक नियुक्त किए गए हैं। सभी ग्राम केंद्रों में युवा चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इन युवा चौपालों में कम से कम 50 युवा शामिल होंगे। युवा चौपालों में प्रदेश या मंडल के वरिष्ठ नेतृत्व वक्ता के रूप में आएंगे। उन्होंने कहा कि इन युवा चौपालो का प्रमुख उद्देश्य युवाओं से संपर्क, मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां व प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करना है।


भाजयुमो मंडल पांवटा साहिब की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

# पिंजौर-नालागढ़ एनएच की हालत खस्ता

## बीबीएन इंडस्ट्री ने एनएचएआई को लिखा पत्र, कहा-जल्द हो सुधार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पिंजौर-नालागढ़ नेशनल हाई-वे की हालत एक बार फिर से बिगड़ चुकी है। 31 किलोमीटर मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे पड़ चुके हैं, जिससे लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सबसे ज्यादा समस्या रोजाना बीबीएन की विभिन्न इकाइयों में आने वाले उद्योगपति व स्टाफ को झेलनी पड़ रही है।

नेशनल हाई-वे की खस्ता हालत का मामला बीबीएन इंडस्ट्री ने उठाया है। हरियाणा से बद्दी को जोड़ने वाले मार्ग व बद्दी से नालागढ़ नेशनल हाई-वे की खस्ता हालत को लेकर बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने नाराजगी जताई है। इंडस्ट्री का कहना है कि बीबीएन की सड़कों को प्रमुखता के आधार पर नहीं सुधारा जा रहा है जिससे इंडस्ट्री प्रभावित हो रही हैं। बीते साल भारी बरसात में बालद नदी पर बना पुल


पिंजौर-बद्दी एनएच का दृश्य।

गिरा था, जिसके बाद कॉज-वे का निर्माण किया लेकिन उस कॉज-वे पर आज तक टारिंग नहीं की गई है। हालांकि नेशनल हाई-वे पर फोरलेन का काम भी चला हुआ है जिस कारण धूल, मिट्टी से मार्ग की हालत काफी बिगड़ चुकी है।

बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल का कहना है कि नेशनल हाई-वे पिंजौर-नालागढ़ व कॉज-वे की खस्ता हालत को लेकर एनएचएआई शिमला प्रोजेक्ट डायरेक्टर व दिल्ली एनएचएआई कार्यालय को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। अब राज्य सरकार से भी गुहार लगाई है कि हरियाणा व पंजाब से हिमाचल को जोड़ने वाले मार्गों की हालत को जल्द से जल्द सुधारा जाए ताकि इंडस्ट्री की मूवमेंट प्रभावित न हो सके।

### बद्दी प्रवेश पर रोजाना लग रहा जाम

बालद नदी पर बने अस्थाई पुल (कॉज-वे) पर टारिंग न होने से बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके है। रोजाना सुबह व शाम के समय बद्दी के प्रवेश मार्ग पर भारी जाम की समस्या पैदा हो रही है। जाम के कारण इंडस्ट्री की आवाजाही प्रभावित होने से स्टाफ समय पर नही पहुंच पा रहा है जिससे कहीं न कहीं उद्योगों के उत्पादन पर भी असर पड़ रहा है।

### डॉक्टरों की पेन डाउन हड़ताल से रोगी परेशान

**अर्की।** एनपीए सहित अन्य मांगें पूरी न होने पर सिविल अस्पताल अर्की में पांचवें दिन डॉक्टरों की पेन डाउन हड़ताल रही। इससे अस्पताल में मरीज ओपीडी के बाहर भटकते रहे। डॉक्टर सुबह साढ़े नौ बजे से 12 बजे तक ओपीडी में नहीं बैठे। हालांकि 12 बजे के बाद रोगियों का इलाज शुरू कर दिया गया, जबकि आपातकालीन सेवाएं जारी रहीं।

एमओ अर्की डॉ. हितेंद्र शर्मा ने कहा कि पेन डाउन स्ट्राइक से पहले चिकित्सक अस्पतालों में काले बिल्ले लगाकर सेवाएं दे रहे थे, लेकिन 13 फरवरी को सरकार के साथ हुई बैठक का एजेंडा न मिलने पर अब उन्होंने पेन डाउन स्ट्राइक करने का निर्णय लिया है। चिकित्सकों ने मांगें नहीं मानने पर सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दी है।

### सोलन भाजपा ने मनाई गुरु रविदास की जयंती


गुरु रविदास को श्रद्धांजलि देते पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप।

**सोलन।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सोलन मंडल ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की 647वीं जयंती पार्टी कार्यालय कमलम् में मनाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप रहे। उन्होंने संत रविदास के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. राजेश कश्यप, मदन ठाकुर मंडलाध्यक्ष, मीरा आनंद उपमहापौर नगर निगम सोलन, कुमारी शीला पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष, अजय धीमान, महामंत्री महेंद्र सिंह और मोर्चे के अध्यक्ष अनिल कुमार ने भी संबोधित किया।

### झंडारोहण कर मनाई गुरु रविदास जयंती


कार्यक्रम में अजय सोलंकी लोगों से मिलते हुए ।

**नाहन।** गुरु रविदास जयंती हर वर्ष नाहन में धूमधाम के साथ मनाई जाती है। विधायक अजय सोलंकी ने गुरु रविदास मंदिर में झंडारोहण की रस्म अदा कर लोगों को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती की बधाई दी। अजय सोलंकी ने कहा कि समाज को एकजुट करने में गुरु रविदास जी का अहम योगदान रहा है।

### चूड़ेश्वर सेवा समिति का महाधिवेशन आज

**पांवटा साहिब।** चूड़ेश्वर सेवा समिति चूड़धार का वार्षिक महाधिवेशन 25 फरवरी को 10 बजे प्रातः आंजभोज के भरली कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। बता दें कि यह आयोजन चूड़ेश्वर सेवा समिति आंजभोज इकाई की ओर से किया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों ने महत्वपूर्ण बैठक की। बता दें कि समस्त शिरगुल भक्त क्षेत्रवासी इस ऐतिहासिक पर्व के साक्षी बनेंगे। सेवा समिति के पिछले 23- 24 वर्षों की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं से भी अवगत करवाया जाएगा। वातावरण को देवमय बनाने के लिए शिरगुल देवता के जन्म स्थान शाया (राजगढ़) से बजंतरियों की टीम द्वारा देव पूजन व विधाओं की पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों व तालो का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अधिवेशन में क्षेत्र और बाहर से 3000 से अधिक शिरगुल भक्तों के पहुंचने की संभावना है। पूड़े बनाने की जिम्मेदारी आगरों, भरली और नघेता गांवों को सौंपी गई है। मेहमानों को ठहरने के लिए अकोमोडेशन और लॉजिंग उप समिति की जिम्मेदारी संतराम ठंडू और प्रताप लाला बनौर को सौंपी है। दोनों दिन भोजन वितरण की व्यवस्था सुनोग और भैला गांवों को सौंपी है। पंडाल में पैक्ड रिफ्रेशमेंट और चाय वितरण की व्यवस्था टारू और कलाथा गांवों को सौंपी है।

**संकट** प्रदेश के पर्यटन कारोबार पर किसान आंदोलन की मार, सैलानियों की संख्या घटी

# कसौली, चायल के होटलों में एडवांस बुकिंग रद्द

**आर मोहन चौहान, सोलन**

देश की राजधानी की सीमाएं किसान आंदोलन के चलते सील हैं। इसका सीधा सा असर प्रदेश के पर्यटन कारोबार पर पड़ रहा है। किसान आंदोलन के चलते पिछले कुछ दिनों से जिला सोलन के पर्यटन स्थल कसौली और चायल के होटलों में सैलानियों की संख्या में कमी आई है। आगामी सप्ताह के लिए भी कई पर्यटक एडवांस बुकिंग रद्द कर रहे हैं। होटल संघ कसौली के पदाधिकारियों की मानें तो किसान आंदोलन के बाद यहां पर्यटकों से संख्या में कमी आई है। वहीं, इन दिनों एडवांस बुकिंग भी रद्द हो रही है। होटल कारोबारियों को रोजाना एडवांस बुकिंग रद्द करने को लेकर फोन आ रहे हैं। पर्यटकों ने पूर्व में एडवांस बुकिंग तो कर ली, लेकिन अब किसान आंदोलन के चलते


सोलन जिले के चायल स्थित पैलेस होटल।

बाहरी राज्यों की सीमा पर तनाव को देखते हुए आने से घबरा रहे हैं।

**सिर्फ 20 प्रतिशत रह गई ऑक्यूपेंसी :** इस सप्ताहांत पर पर्यटन नगरी कसौली व चायल में पर्यटन कारोबार मंदा रहा। होटल कारोबारियों का कहना है कि कसौली में सप्ताहांत पर करीब 20 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रही, जबकि चायल में तो पर्यटन कारोबार न के बराबर ही है। बाहरी राज्यों से कम संख्या में पर्यटक आने से जिला के पर्यटन स्थल इस सप्ताहांत पर रविवार को सुनसान नजर आए। पर्यटकों के न आने से होटल कारोबारियों सहित स्थानीय दुकानदारों व टैक्सी संचालकों की परेशानियां बढ़ गई हैं। मौसम विभाग ने भी आगामी दिनों के लिए बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि पर्यटकों की संख्या बढ़ती है या नहीं। (अनंत ज्ञान)

> इस सप्ताहांत पर कसौली के होटलों में करीब 20 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी है। किसान आंदोलन के बाद आगामी सप्ताह की एडवांस बुकिंग भी रद्द हो गई है। उन्हें बुकिंग रद्द करने के संबंध में पर्यटकों के फोन आ रहे हैं।
> **-राजेंद्र चोपड़ा, अध्यक्ष होटल संघ कसौली।**

### बर्फबारी के बाद बढ़ा था कारोबार

**फरवरी** माह के शुरुआत में प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद चायल और कसौली में पर्यटन कारोबार में बढ़ोतरी हुई थी, जबकि 15 जनवरी के बाद से कसौली व चायल में पर्यटन कारोबार मंदा हो गया था। कसौली में सप्ताहांत के अलावा बाकी दिनों में कारोबार न के बराबर था। वहीं, चायल के होटलों में तो दस प्रतिशत से भी कम ऑक्यूपेंसी थी। बर्फबारी के बाद कारोबार बढ़ा था, वहीं इस सीजन नववर्ष के मौके पर होटलों में अच्छा कारोबार हुआ था, लेकिन क्रिसमस व नववर्ष पर बर्फबारी न होने से पर्यटक यहां से मायूस होकर लौटे।

## न्यूज ब्रीफ

### अशोका पैलेस में त्रैवार्षिक चुनाव 28 को

**डाडासीबा।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ ब्लॉक परागपुर का त्रैवार्षिक चुनाव बुधवार 28 फरवरी को आरा चौक (नंगल चौक) के अशोका पैलेस में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रधान जगजीत सिंह पाल ने सभी पेंशनर्स से अधिक से अधिक संख्या में चुनाव में भाग लेने की अपील की है।

### जनजातीय क्षेत्र के छात्रों की परीक्षा भी लेगा बोर्ड

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि बहुत से परीक्षार्थी जो कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र से संबंध रखते हैं। वहीं, किन्ही कारणों से अपने गृह क्षेत्र में वापस नहीं आ पाए हैं और उनका अपने आवंटित परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने में समस्या आ रही है। बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे परीक्षार्थी बोर्ड को संपर्क कर सकते हैं तथा वे जिस स्थान पर फंसे हैं उनकी परीक्षा लेने का प्रबंध वहीं के नजदीकी परीक्षा केंद्र में किया जाएगा। ऐसे परीक्षार्थियों का विवरण यदि केंद्र समन्वयक, अधीक्षक तथा उपाअधीक्षक के संज्ञान में आता है तो वह बोर्ड कार्यालय में संपर्क कर ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा देने की अनुमति प्रदान करें।

### राकेश शर्मा को प्रेस प्रभारी की जिम्मेदारी

**नूरपुर।** नूरपुर भाजपा किसान मोर्चा की एक बैठक शनिवार को चमन डढवाल, उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के कुशल नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक में ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान और बीजेपी संगठन को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की गई। नूरपुर भाजपा किसान मोर्चा में कुछ और पदाधिकारियों को शामिल किया गया। इसमें राकेश शर्मा को प्रेस प्रभारी, भान सिंह को महामंत्री, प्रीतम सिंह को उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार को सचिव, हरदयाल सिंह, राकेश कुमार और मोहिंद्र सिंह को सदस्य का कार्यभार सौंपा गया।

### रागी जत्थे ने किया गुरु की महिमा का गुणगान

**डाडासीबा।** श्री गुरु रविदास महाराज का 647 वां प्रकाशोत्सव नंगल चौक में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरु रविदास जयंती पर मंदिर कमेटी द्वारा पवित्र झंडा रस्म अदा की गई। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और रागी जत्थे ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। गुरु रविदास महासभा के प्रधान गुरदास राम व उपप्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु रविदास महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में पवित्र झंडा रस्म संगतों द्वारा गुरु का गुणगान करते हुए अदा की गई।

### गुरु रविदास के मार्ग पर चलना सीखो : इंदु गोस्वामी



गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य पर सत्संग सुनती इंदु गोस्वामी व अन्य नेता।

**बैजनाथ।** गुरु रविदास जी ने जहां अपनी शिक्षाओं से समाज को मार्गदर्शन दिया। वहीं, समाज के विभिन्न वर्गों, पंथ को एकजुट कर समरसता की भावना पैदा की। उक्त शब्द राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने संत गुरु रविदास की जयंती पर आयोजित समारोह में पपरोला (ठारु) में कहे। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने अपने संबोधन में कहा कि संत गुरु रविदास की शिक्षाएं उनके जन्म के बाद आज भी सार्थक हैं। अतः हम सभी को उनके दिखाए आदर्शों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक गुरु रविदास संस्था पपरोला के अध्यक्ष रामतिलक ने इस अवसर पर राज्यसभा सांसद का सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए पांच लाख की राशि स्वीकृत करने पर उनका धन्यवाद किया।

### कबाड़ी में श्रद्धालुओं ने छका भंडारा

**नगरोटा बगवां।** श्री गुरु रविदास जयंती के अवसर पर गांव कबाड़ी के मंदिर में भरी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की तथा विशाल भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गुरु रविदास महाराज सभा कबाड़ी के अध्यक्ष देवराज, सचिव रवि कुमार, उपाध्यक्ष चंद, बुद्धि सिंह, राकेश कुमार, अशोक कुमार, ब्रह्म दास, सुखबीर राजू, मंदिर पुजारी, करतार चंद, प्रधान ग्राम पंचायत कबाड़ी कुलदीप व समस्त गांववासी मौजूद रहे।

### श्री गुरु रविदास जी की 647वीं जयंती मनाई

**डरोह।** हर बार की तरह इस बार भी श्री गुरु रविदास महाराज विकास एवं कल्याण समिति सन्हूं की ओर से संत परंपरा के महान योगी व अपने विचारों से सामाजिक एकता, न्याय व अध्यात्म का ज्ञान रूपी प्रकाश बिखरने वाले गुरु शिरोमणि श्री रविदास जी की गांव सन्हूं में 647वीं जयंती मनाई गई। समिति के प्रधान मोतीराम ने प्यारी संगत को श्री गुरु रविदास जी महाराज के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने हक का लेना चाहिए। हमें सबके साथ आदर से पेश आना चाहिए। यही गुरु जी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान भाई ओंकार सिंह एंड पार्टी पालमपुर वालों ने सत्संग, भजन व शबद सुनाकर जनता का मन मोह लिया। लंगर भी अटूट लगाया गया।

### विनोद कालू का डीजे मैशअप सांग रिलीज,

**नगरोटा बगवां।** पहाड़ी संस्कृति को सहेजने के लिए कई लोक गायक आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में अब लोक गायक विनोद कालू का डीजे मैशअप सांग रिलीज हुआ है। इस गीत को संगीत प्रेमियों की खूब सराहना मिल रही है। इस गीत के बोल विनय पहाड़िया ने लिखे हैं। विनोद पहाड़िया ने बताया कि इसको म्यूजिक शुभम शर्मा ने दिया है। विनय पहाड़िया ने बताया कि उनके फेवरेट सिंगर करनैल राणा हैं। विनोद, विनय ने बताया कि पहाड़ी संस्कृति का संरक्षण उनका ध्येय है। उधर, एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, सद्दू के नंबरदार व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने इस गीत की सारी टीम को बधाई दी है।

## मच्छकुंड मंदिर के पास सड़क किनारे मिला एक्सपायरी दवाओं का जखीरा



गिरी पड़ी दवाइयां।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा समीपवर्ती पड़ती ग्राम पंचायत बीहण और घियोरी की सीमा पर स्थित मच्छकुंड महादेव मंदिर के पास एक्स्पायर्ड दवाओं और इस्तेमाल की सिरेंज का जखीरा मिला है। किसी ने सड़क किनारे डंगे के साथ इसका ढेर लगाया है। इतनी बड़ी मात्रा में दवाएं मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई।

बहरहाल प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर दवाएं और अन्य सामान जब्त कर लिया है। मच्छकुंड महादेव मंदिर के मुख्य गेट से करीब 20 मीटर दूर सड़क किनारे दवाओं का ढेर लगा देखा। डाडासीबा स्थित बीएमओ कार्यालय से टीम वहां आ पहुंची। साथ ही ड्रग इंस्पेक्टर पारुल भी मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि इनमें से ज्यादातर दवाएं एक्सपायर्ड हो चुकी हैं, जबकि कुछ सही हैं। ड्रग इंस्पेक्टर पारुल का कहना है कि प्राथमिक दृष्टि से लग रहा है कि ये दवाएं क्लीनिकल हैं। विभाग के आलाअधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है। आगे की कार्रवाई सीएमओ कांगड़ा करेंगे। घियोरी पंचायत निवासी पूर्व सैनिक राज ठाकुर ने दवाओं का ढेर देख संबंधित अधिकारियों को सूचना दी। वह समाजसेवा के कामों में भी सदैव आगे रहते हैं। मच्छकुंड महादेव चरण सेवक दल से जुड़े राज ने बताया कि वह रोज की तरह पैदल मंदिर की तरफ जा रहे थे। इसी बीच उनकी नजर सड़क किनारे पड़े दवाओं के ढेर पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी। उन्होंने अपने दल की तरफ से लोगों से अपील की है कि उन्हें दवाओं का निष्पादन सही तरीके से करना चाहिए। वहीं, सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि मामला ध्यान में आते ही उन्होंने टीम को मौके पर भेज दिया है। जांच की जा रही है। अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### कुलपति डॉक्टर डीके वत्स ने दी जानकारी, इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में अर्जित किया 12वां स्थान

# कृषि विवि को मिली 2028 तक 'ए' ग्रेड मान्यता

**अमर सिंह, पालमपुर**

चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने ए ग्रेड के साथ पांच साल के लिए मान्यता दी है।

कुलपति डाक्टर डीके वत्स ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने जानकारी दी है कि विश्वविद्यालय को मार्च 2028 तक मान्यता दी गई है और 'ए' ग्रेड प्रदान है। उन्होंने बताया कि एक उच्च स्तरीय आईसीएआर पीयर रिव्यू टीम ने लगभग छह महीने पहले विश्वविद्यालय का दौरा किया था। टीम ने इस दौरान शैक्षणिक, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा के लिए सभी सुविधाओं का गहन निरीक्षण और अध्ययन किया था। इतना ही नहीं टीम ने स्वतंत्र रूप से सभी हितधारकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करते हुए किसानों, छात्रों और कर्मचारियों से बातचीत की थी। 'ए' ग्रेड के साथ मान्यता प्रदान करने के लिए आईसीएआर के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, डाक्टर वत्स ने इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के लिए निकट सामंजस्य और समर्पण के साथ काम करने के लिएविश्वविद्यालय समुदाय को धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी को सौंपे गए आदेश में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए उच्च गति बनाए रखने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि लगभग सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों को भी मान्यता दी गई है और विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर घटक कॉलेजों की स्व-अध्ययन रिपोर्ट अपलोड करने के लिए कहा गया है। (अनंत ज्ञान)




#### अनुमति के बिना छात्रों का प्रवेश न बढ़ाएं

**उन्होंने** कहा कि विश्वविद्यालय की एक मध्यावधि समीक्षा की जाएगी और वह राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड की अनुमति के बिना छात्रों का प्रवेश न बढ़ाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पूरी लगन से सभी शर्तों का पालन करेगा। वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क ने विश्वविद्यालय को सभी कृषि और संबद्ध विज्ञान संस्थानों में 12वां स्थान दिया है और देश के सभी राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में इसे 8वां स्थान दिया है।

### सकोह में कल होगी हड्डियों की जांच

**धर्मशाला।** एसडीएच अमृतसर के सौजन्य से धर्मशाला सकोह में 26 फरवरी को हड्डियों की जांच हेतु एक शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में पीठ दर्द जोड़ों का दर्द घुटनों के दर्द ऑस्टोपीनिया आसिटयोअर्थराइटिस आदि का इलाज किया जाएगा । इस शिविर में डॉक्टर बबीता गौतम से सुबह 9:30 से लेकर 4:30 बजे तक मरीज अपने रोगों की जांच करवा सकेंगे । इस शिविर इन्नर व्हील क्लब सिविल लाइन धर्मशाला अपनी विशेष रूप से सेवाएं प्रदान करेंगा। यह जानकारी क्लब की अध्यक्ष नीलू महाजन ने दी। उन्होंने लोगों से अपील की है की बह अधिक से अधिक संख्या में आकर इस निशुल्क कैंप में अपने अपने रोगों की जांच करवा कर स्वास्थ्य लाभ पाए।



डरोह। शनिवार को ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी की बैठक कमेटी के प्रधान कुलबीर सिंह राणा (ढूडी) की अध्यक्षता में मेला ग्राउंड में हुई। इसमें 10 से 12 अप्रैल तक होने वाले ढाटी सांबा छिंज मेले के प्रबंधन के बारे में विचार-विमर्श किया गया। आयोजित की गई बैठक में मेले के प्रबंधन की उपसमितियों का गठन किया गया। इस बैठक में समिति के प्रधान कुलबीर सिंह राणा, सचिव अमर सिंह राणा तथा 34 कमेटी सदस्यों ने भाग लिया।

### प्रदेश में तेजी से गिर रहा भाजपा का ग्राफ : वीरेंद्र ठाकुर



**रक्कड़।** ईको टूरिज्म सोसायटी गवर्निंग बाडी के सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस मंडल जसवां परागपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नीतियां पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष व आम जनता को खुश व भला करने वाली है तथा इन नीतियों से जनता के चेहरों पर खुशी झलकती नजर आ रही है। वीरेंद्र ठाकुर ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा का ग्राफ तेजी से गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा के नेताओं ने जनता को भटकाने का काम किया है। वीरेंद्र ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सबसे मजबूत मुख्यमंत्री के रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं। जनता के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा के नेताओं में बौखलाहट का दौर चला हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने डबल इंजन की सरकार के नाम पर पांच सालों तक लोगों को गुमराह किया। पूर्व भाजपा की सरकार केंद्र से बेरोजगारों के लिए कोई योजना नहीं ला सकी।

## खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना से जुड़ेंगी अचार-चटनी बनाने वाली महिलाएं

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान स्पैशल

हिमाचल प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना महिलाओं के लिए खासी लाभकारी साबित हो रही है। इस योजना से जुड़ कर जिला कांगड़ा की सैकड़ों महिलाएं लाभांवित हुई हैं और उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

प्रदेश की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना को लागू किया गया है। इसके माध्यम से महिलाओं के आर्थिक पक्ष में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि इन महिलाओं को रोजगार प्राप्त करने में मदद मिल सके। महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना को शुरू किया गया है। स्वयं सहायता समूह के जरिए अचार, चटनी, मुरब्बा बनाने वाली महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना से जोड़ा जा रहा है। इस योजना से एक तरफ तो बागवानों व किसानों द्वारा उगाए फलों से आचार, चटनी और मुरब्बा बनेगा।

इस योजना से जुड़ने से पात्र महिलाओं को 40-40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ने के लिए दो विभागों उद्योग और ग्रामीण विकास विभाग को मिल कर कार्य करने का जिम्मा दिया गया है। महा प्रबंधक उद्योग विभाग कांगड़ा राजेश कुमार ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है, ताकि उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए इन प्रशिक्षत महिलाओं को आर्थिक मदद की जाती है। इसमें से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दस हजार रुपए रिवाल्विंग फंड दिया जाता है। (अनंत ज्ञान)

#### बेरोजगार लोगों को भी मिलेगा रोजगार

महा प्रबंधक ने बताया कि इन महिलाओं की सालाना आय को एक लाख रुपए तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत उन्हें प्रशिक्षण की प्रदान किया जाता है। इसमें से आर्थिक मदद मिलने से ये महिलाएं मशीनें व अन्य उपकरण खरीद सकेंगी और वे बेरोजगार लोगों को भी रोजगार से जोड़गी।

## इंदौरा में जिला स्तरीय शिवरात्रि उत्सव के लिए बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

उपमंडल अधिकारी इंदौरा डॉ. सुरिंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में बैठक संपन्न हुई। इसमें विभिन्न विभागाध्यक्षों ने भाग लिया गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी शिवरात्रि पर्व पर भक्तों को दर्शन करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।

इसमें उद्घाटन व समापन समारोह पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी और सफाई व्यवस्था, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस के साथ-साथ स्पेशल बटालियन के पुलिस जवान भी तैनात रहेंगे मेले में निगरानी रखने के लिए सादे कपड़ों में भी पुलिस जवान तैनात रहेंगे। लोक निर्माण विभाग द्वारा इंदौरा से काठगढ़ मंदिर व पंजाब क्षेत्र की सड़क को भी दरुस्त करने के निर्देश दिए गए। भक्तों की सुविधा के लिए दिन रात स्वास्थ विभाग की टीम सभा द्वारा चलाई गई डिस्पेंसरी अपनी सेवाएं देंगी। लंगर लगाने वाले दानी सज्जनों को बीएमओ इंदौरा व फूड इंस्पेक्टर से गुणवत्ता की एनओसी लेनी होगी। सभा द्वारा विकलांग श्रद्धालु को भी दर्शन करवाने का प्रावधान किया जाएगा। जलशक्ति विभाग द्वारा मेले के दौरान पानी कि उचित व्यवस्था की जाएगी, हिमाचल परिवहन निगम द्वारा भी मेले पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएगी, बिजली बोर्ड द्वारा भी मेले के दौरान बिजली कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मंदिर सभा के प्रधान ओम प्रकाश कटोच ने बताया कि मेले का उद्घाटन समारोह सात मार्च को विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन व समापन समारोह मुख्यातिथि मंत्री यादविंद्र गोमा करेंगे।

## अंद्रेटा में गुरु रवि दास मंदिर पर खर्च होंगे अढ़ाई लाख रुपए: यादविंद्र गोमा

**टीम, पंचरुखी, जयसिंहपुर**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री, यादविंद्र गोमा ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास की जयंती पर जयसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र के मझेरनु, लदोह, सलियाणा, अंद्रेटा, लंबागांव और गंदड़ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने प्रदेशवासियों को गुरु रविदास की पावन जयंती की बधाई दी। गोमा ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास सामाजिक एकता और समानता के प्रतीक रहे हैं।

जिन्होंने समाज को आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत और महान लोग किसी एक समाज, जाति या धर्म के नहीं बल्कि सर्वसमाज के होते हैं और पूरी मानवता उनके दर्शाय रास्तों एवं शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं। उन्होंने जाति और लिंग के सामाजिक विभाजन को दूर करना सिखाया।

#### मंत्री गोमा ने ये-ये की घोषणाएं



गुरु रविदास जयंती के अवसर पर मंदिर में पूजा करते मंत्री यादविंद्र गोमा।

**वहीं,** मंत्री ने अंदरेटा में गुरु रवि दास मंदिर प्रांगण टाइल कार्य के लिए अढ़ाई लाख, मंदिर के शेड पर टीन कार्य के एक लाख, अंदरेटा चौक और प्राइमरी स्कूल में सोलर हाई मास्ट लाइट्स, मुख्य सड़क से मंदिर तक रास्ते में टाइल डालने, युवक मंडल के लिए भवन, बास्केटबॉल ग्राउंड, खेल किट और आठ सोलर लाइट्स देने की घोषणा की। उन्होंने गंदड़ में गुरु रविदास भवन के लिए अतिरिक्त पांच लाख देने की घोषणा की और हर वर्ष भवन पूर्ण होने तक पांच-पांच लाख देने की घोषणा की। उन्होंने मंदिर और मैदान के भी धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की। गोमा ने लंबागांव में गुरु रवि दास भवन निर्माण के लिए धनराशि देने की घोषणा की और कहा कि एक वर्ष में यह तैयार होगा।

### अन्नपूर्णा वेलफेयर सोसायटी का स्थापना दिवस तीन को

**पपरोला।** अन्नपूर्णा वेलफेयर सोसायटी बैजनाथ-पपरोला अपने कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने पर तीन मार्च रविवार को स्थापना दिवस मनाएगी। इस दिन से आयुर्वेदिक चिकित्सालय पपरोला में अस्पताल में दाखिल मरीजों के तीमारदारों को प्रत्येक रविवार को दोपहर के भोजन की व्यवस्था की जाएगी। उक्त जानकारी अन्नपूर्णा वेलफेयर सोसायटी बैजनाथ-पपरोला के अध्यक्ष संजय सोनी ने दी। उन्होंने कहा की करोना काल में जब पूरे विश्व में मानवीय जिंदगियों को बचाने के लिए प्रयास जारी थे। वहीं, हर कोई अपने घरों में कैद था तो ऐसे में संस्था के सभी सदस्यों व स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए बैजनाथ व पपरोला में स्थापित कोविड केंद्रों में दाखिल मरीजों व उनके इलाज में जुटे चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को प्रतिदिन तीनों समय भोजन की व्यवस्था की थी।

## बनखंडी में कुर्सियों से भरा ट्राला पलटा

### बेसहारा गोवंश के आगे आने से हुआ हादसा, बाल-बाल बचा चालक

**अनंत ज्ञान, देहरा**

बनखंडी में शुक्रवार रात तीन बजे के करीब एक ट्राला बीच सड़क पर पलट गया।

यह हादसा बेसहारा गोवंश को बचाते समय हुआ है। हादसे में चालक व परिचालक को मामूली चोटें आई हैं। ट्राला के चालक ने बताया कि ट्राला चंडीगढ़ से कुर्सियां को लेकर कांगड़ा जा रहा था तो रात के समय बनखंडी में गाड़ी के आगे अचानक पशु आ गए। इनको बचाते समय गाड़ी क्रैश बैरियर से टकराकर सड़क पर ही पलट गई। बनखंडी के दो युवाओं काका और लक्की जो कि आपस मे भाई हैं। उन्होंने मौके पर पहुंचकर ट्राले में फंसे दोनों व्यक्तियों को ट्राले से बाहर निकाला। चालक के अनुसार इस हादसे में उनका ड़ेढ लाख के करीब नुकसान हुआ है।



सड़क के बीच पलटा ट्राला।



गगल। शहीद भगत सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल बगली में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नवमीं के बच्चे ने दसवीं के बच्चों को प्रीति भोज देकर विदाई पार्टी दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि विदाई समारोह के दौरान स्कूल में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता भी करवाई गई। अंत में स्कूल के प्रबंधक अशोक कुमार और समस्त स्कूल स्टाफ ने बच्चों को विदाई दी।

**परेशानी** खोदाई कर रोड बनाना भूला प्रशासन, दोपहिया वाहन सवार हो रहे चोटिल

## सड़क खस्ताहाल, खतरे में चालकों की जान

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ के साथ नागनी माता मंदिर के पास खस्ताहाल सड़क वाहन चालकों की परेशानी का सबब बनी हुई है। लोगों का कहना है सड़क निर्माण हेतु खोदाई करके प्रशासन भूल गया है।

आलम यह है कि यहां पर हर रोज दोपहिया वाहन चालक खस्ताहाल सड़क में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वीरवार रात भी दोपहिया वाहन स्किट हो गए, जिससे चालक को चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन ने इस मार्ग की सुध लेना गवारा नहीं समझा है। अब पर्यटकों की आमद में भी इजाफा हो रहा है। ऐसे में बदहाल सड़क से पर्यटक क्या संदेश लेकर जा रहे होंगे, इस बारे में प्रशासन को सोचना चाहिए।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शायद प्रशासन यहां किसी हादसे का इंतजार कर रहा है। आरोप है कि कई बार प्रशासन को समस्या बारे अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि अब उनकी परेशानियां बढ़ने लगी हैं, ऐसे में प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



खस्ताहालत रोड से गुजरते वाहन

#### मामले पर लिया जाएगा कड़ा संज्ञान : नीनू शर्मा

**उधर,** नगर निगम की मेयर नीनू शर्मा ने कहा कि उखाड़ी गई सड़क की वजह से लोगों को हो रही परेशानी पर संज्ञान लिया जाएगा। लोगों को कोई समस्या न आए, इस का ध्यान रखा जाएगा। वहीं, टैक्सी चालकों का कहना है कि इस मार्ग को बड़े वाहनों के लिए बंद किया जाना चाहिए।

## इच्छी पंचायत की प्रधान ने आर एंड आर मीटिंग से किया किनारा

**अनंत ज्ञान, गगल**



शनिवार को धर्मशाला में एयरपोर्ट विस्तारीकरण के सिलसिले में जिला प्रशासन द्वारा बुलाई गई आर एंड आर की बैठक में ग्राम पंचायत इच्छी की प्रधान कुसुम लता ने भाग नहीं लिया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जब हमने भूमि ही नहीं देनी है तो ऐसी बैठकों का क्या लाभ।

इच्छी के ग्रामीण अपना एक सूत्री मांग पर आज भी डटे हुए हैं। उन्हें न तो मुआवजा चाहिए और न ही चार गुना अधिक और न ही पुनर्वास के लिए जगह। क्योंकि वह अपनी जगह किसी भी सूरत में देने को तैयार नहीं है। भले ही उन्हें इसके लिए कोई भी कीमत चुकानी क्यों न पड़े। प्रधान ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि सरकार ने अपनी ही मनमानी से हवाई अड्डे का विस्तार करने पर तुली हुई हैं। सरकार ने जनता की भावना से खिलवाड़ करके अच्छा नहीं कर रही है क्योंकि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू या कोई मंत्री एक बार भी जनता के बीच नहीं मिला। अगर वह जनता के बीच आते तो उन्हें जनता का दुख दर्द का एहसास होता।

## कोर्ट में किया पेश, मिला तीन दिन का पुलिस रिमांड

# युवती के खुदकुशी मामले में बेटे के बाद मां भी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, हरिपुर

अनंत ज्ञान फॉलोअप

देहरा की हरिपुर तहसील की झकलेड़ पंचायत के छब्बड़ गांव में 19 साल की युवती के खुदकुशी मामले में बेटे के बाद अब मां भी गिरफ्तार कर ली गई है। दोनों मां और बेटे को आज देहरा में जज के सामने पेश किया गया। कोर्ट से उन्हें तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। सोमवार को दोनों को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। बाकी लोगों की अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, युवती के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आनी शेष है।

युवती के पिता ने युवक अर्जित कुमार, उसके पिता, माता, बुआ और दादी पर आरोप लगाए हैं। एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। बता दें कि झकलेड़ पंचायत के छब्बड़ गांव में 19 वर्षीय युवती ने 23 फरवरी को खुदकुशी कर ली थी। 19 साल की युवती और 29 साल के युवक का प्रेम शुरू हुआ था। 31 जनवरी के आसपास युवती अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने एक फरवरी को पुलिस स्टेशन हरिपुर में गुमशुदगी की शिकायत की, लेकिन उसी दिन परिजनों ने युवती को ढूंढ भी लिया। युवती की माता ने उक्त युवक पर बेटी के शारीरिक शोषण का आरोप लगाया और शिकायत पुलिस स्टेशन हरिपुर में दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने युवती का मेडिकल करवाकर 376 आदि धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। इससे पहले कि पुलिस मामले में आगे बढ़ पाती दो फरवरी को केस में नया मोड़ आ गया। जिस युवक पर युवती की मां ने आरोप लगाए थे, उस युवक ने युवती से शादी करने की हामी भर दी। शादी का कोई सही तरीका नहीं अपनाया गया, बल्कि नोटरी हस्ताक्षर एफिडेविट बनाया गया। युवक के माता-पिता ने कोई अच्छा मुहूर्त देखकर शादी करवाने की बात कही। इसके बाद युवती के देहरा कोर्ट में बयान हुए। युवती ने बयान में कहा कि वह युवक के साथ शादी का फैसला लिया है। अब वह केस वापस लेना चाहते हैं। युवती के बयान के बाद केस बंद हो गया और युवक पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार भी हट गई। इसके बाद युवक के माता-पिता ने युवती को बहू के रूप में अपनाने से मना कर दिया था।

## नगर निगम की महापौर नीनू शर्मा ने किया खुलासा; कहा- गाड़ियों का जमावड़ा लगेगा और बढ़ेंगे हादसे

# बिना एनओसी के किया सेल्फी प्वाइंट का शिलान्यास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला के चरान कैंची मोड़ पर सेल्फी प्वाइंट का शिलान्यास बिना नगर निगम और वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र के कर दिया गया है। इस बात का खुलासा धर्मशाला नगर निगम की महापौर नीनू शर्मा ने किया है।

उक्त सेल्फी का प्वाइंट का शिलान्यास एसडीएम धर्मशाला धर्मेश रमोत्रा ने शनिवार को किया। हालांकि शिलान्यास विधायक सुधीर शर्मा ने करना था। नीनू शर्मा ने बताया कि सेल्फी प्वाइंट बनने से यहां गाड़ियों का जमावड़ा लगेगा और हादसों का अंदेशा बढ़ जाएगा। पूर्व में इस मोड़ पर दो टूरिस्ट बसें हादसे का शिकार हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग, पुलिस विभाग एवं नगर निगम सहित विभिन्न विभागों की अनुमति के बाद ही कोई विकास कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी सेल्फी प्वाइंट का कार्य शुरू करने की योजना थी। लेकिन वन विभाग से एनओसी न मिलने के कारण इस कार्य को पूरा नहीं किया जा सका था। नगर निगम के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले इस सेल्फी प्वाइंट की जानकारी नगर निगम के पास ही न होना बेहद हैरानी भरा है। इसके अतिरिक्त वन विभाग सहित अन्य विभागों की भी एनओसी न होना कई सवाल खड़े करता है। बिना नगर निगम की परमिशन से हुए सेल्फी प्वाइंट के शिलान्यास पर महापौर नीनू शर्मा ने नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यदि उक्त सेल्फी प्वाइंट के शिलान्यास में नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का कोई अधिकारी या कर्मचारी संलिप्त पाया गया तो उन पर जांच बिठाई जाएगी।



सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन करते एसडीएम धर्मेश रमोत्रा।

### सुधीर शर्मा की अनुपस्थिति में एसडीएम ने किया उद्घाटन

**गौलतलब** है कि विधायक सुधीर शर्मा उपमुख्यमंत्री की धर्मपत्नी स्व. सिमी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। इसके चलते उनकी अनुपस्थिति में उनके द्वारा आयोजित कुछ कार्यक्रमों में एसडीएम धर्मेश रमोत्रा ने शिरकत की।

## धर्मशाला में 26 को बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-एक, रमन भरमौरिया ने बताया कि 11 के.वी. कोतवाली फीडर की विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग और स्मार्ट सिटी कार्यों के चलते कोतवाली बाजार, खनियारा रोड, टीसीवी, रामनगर, शिव विहार, गमरू, खजांची मोहल्ला, तिब्बतन लाइब्रेरी, तिब्बतन चिकित्सालय पुराना चड़ी मार्ग, डीसी आवास, दाड़नू के कुछ क्षेत्र तथा साथ लगते इलाकों में 26 फरवरी को प्रातः दस से सायं पांच बजे तक अथवा कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की वजह से पूर्व में 19 फरवरी को निर्धारित यह कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका था।

# सुधीर शर्मा बोले- राज्यसभा सीट कांग्रेस की

## कई राजनीतिक मायने रखता है एमएलए का बयान, चर्चा जोरों पर

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

गाहे-बगाहे अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा करने वाले विधायक सुधीर शर्मा ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर डिफेंसिव नजर आए। कांग्रेस का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायकों की संख्या ज्यादा होने के चलते कांग्रेस के प्रत्याशी की ही जीत होगी।

अपनी ही सरकार के खिलाफ अकसर आक्रामक तेवर दिखाने तथा अपने ब्यानों से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को हवा देने वाले पूर्व मंत्री तथा धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा के ऐसे बयान के राजनीतिक मायने भी अहम हैं।



यहां बताते चलें कि इससे पूर्व प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के विधायक सुधीर शर्मा को जल्द ही मंत्री बनाए जाने के संकेत देने के बाद पत्रकारों से शिमला में बात करते हुए सुधीर अब मंत्री बनने में दिलचस्पी न होने की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा था कि अब लोकसभा चुनावों के बाद ही देखेंगे। इस बयान से प्रदेश की सियासत में हलचल मची तो वहीं, सुधीर ने लोकसभा चुनावों का जिक्र कर एक तरह से कांग्रेस सरकार को अप्रत्यक्ष रूप से चुनौती दी थी। वहीं, अब इसके बाद राज्यसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी की जीत के बयान से उन्होंने कांग्रेस का एक तरह से बचाव किया है। सुधीर शर्मा के इस रूख को देखते हुए जाहिर है कि उनके तेवर कुछ नरम हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### कम से कम वह कांग्रेस के ही साथ खड़े हैं

**वहीं,** अब सुधीर शर्मा के इस बयान से साफ हो गया है कि कम से कम वो कांग्रेस के ही साथ खड़े हैं। एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव में अगर क्रॉस वोटिंग होती है तो एक ओर तो इससे आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर पार्टी के लिए गलत संदेश जाएगा तो दूसरी ओर प्रदेश सरकार की भी पार्टी हाई कमान में किरकिरी होगी।

# किशोरी लाल ने किया 4.33 करोड़ रुपए की जल परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

मुख्य संसदीय सचिव कृषि एवं पशुपालन किशोरी लाल ने आज शनिवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग की लगभग चार करोड़ 33 लाख रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन तथा भूमिपूजन किया। सीपीएस ने बैजनाथ के गणेश बाजार में लगभग 75 लाख की लागत से बनने वाले जलशक्ति विभाग के मंडल कार्यालय भवन का भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ करवाया।

इससे पूर्व उन्होंने दो करोड़ 90 लाख की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना धानग, बोलू, लंघू, गदियाड़ा एवं रैनावाड़ी का लोकार्पण किया। साथ ही झिकली बेठ पपरोला और जंडपुर में 68 लाख की लागत से तैयार हुए दो विद्युतीकृत नलकूपों का उद्घाटन कर इन परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया।

इन परियोजनाओं के लोकार्पण से बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के 15 गांवों की लगभग दस हजार आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। (अनंत ज्ञान)


कार्यक्रम में पहुंचने पर सीपीएस व विधायक किशोरी लाल का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**कार्यक्रम** में प्रदेश एससी सेल उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव, एसडीएम बैजनाथ डीसी ठाकुर, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग राहुल धीमान, एसडीओ शरती शर्मा, प्रधान बबीता कटोच, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, शहरी कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सचिन शर्मा, कुलदीप सोनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पयासु गांव में निकाली परिक्रमा यात्रा

**नगरोटा बगवां।** गांव परिक्रमा यात्रा की शुरुआत शनिवार को किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिनय भाटिया की अध्यक्षता में पयासु गांव से की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा राम नरेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष धर्मशाला विशाल, किसान मोर्चा के वाइस प्रधान अश्वनी, सचिव राजेश राण आदि उपस्थित रहे।

### सीयू की छात्राएं कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी चयनित



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर में चल रहे पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल की दो छात्राओं का चयन राज्य सरकार में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में बतौर कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर हुआ है। इनमें से एक शोधार्थी सोनिया कुमारी हैं और दूसरी बैच 2014-16 की छात्रा शबनम हैं। केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल और अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### नहीं बढ़ा पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर का मानदेय

**कांगड़ा।** पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर खंड रैत के अध्यक्ष विपिन ठाकुर ने कहा कि शिक्षा विभाग में मल्टी टास्क वर्कर को लगे दो वर्ष हो गए हैं। दो बजट होने के बावजूद भी हमारा मानदेय अभी तक नहीं बढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि इस बजट में सरकार ने खुद बोला था कि मानदेय बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में सरकार ने सभी विभागों को कुछ न कुछ दिया है पर जो शिक्षा विभाग में 6717 मल्टी टास्क वर्कर सुबह आठ से शाम 3:30 तक अपनी ड्यूटी दे रहे हैं सरकार ने उन्हें अनदेखा किया है। उन्होंने कहा कि हमारे साथ सौतेला व्यवहार न किया जाए।

### रविदास जैसे संत सदियों में ही जन्म लेते हैं: चौहान

**पालमपुर।** भारत की धरती पर कई महान संतों ने जन्म लिया, जिसमें संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का भी नाम शामिल है। संत गुरु रविदास जी महान संत थे, जिन्होंने सदैव प्रेम और सहनशीलता का पाठ पढ़ाया। गुरु जी ने अपना पूर्ण जीवन समाज से जातिवाद और धर्मवाद को दूर करने और समाज सुधार व समाज कल्याण कार्यों में समर्पित कर दिया ऐसे महापुरुष सदियों में ही पैदा होते हैं। यह बात संजय सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए रविदास मंदिर भवारना में रविदास जयंती के अवसर पर बोले।

### नगरोटा बगवां कॉलेज में लगा सेमिनार

**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन (आईएससीए) शिमला चैप्टर के सहयोग से रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 23 फरवरी को विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियों विषय पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने सेमिनार के मुख्यातिथि और अन्य सभी दर्शकों का स्वागत किया। प्रोफेसर अरुण कुमार पूर्व महासचिव शैक्षणिक गतिविधियां आईएससीए कोलकाता ने इस सेमिनार के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने आईएससीए द्वारा अतीत में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों का वर्णन किया और सतत विकास पर जोर दिया।

### निधन पर शोक जताया

**गरली।** ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बस्सी के पूर्व प्रधान एवं 92 वर्षीय भाजपा बूथ अध्यक्ष बसंत सिंह का गत देर रात अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार शनिवार को गांव बस्सी के मोक्ष धाम मे हजारों लोगों द्वारा नम आखो से किया गया। वहीं निधन की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री बिक्रम सिह ठाकुर, पूर्व जसवां परागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, हंसराज धीमान, रुपेंद्र सिंह डैनी आदि तमाम पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शातिं के लिए दो मिनट का मौन रखा।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर देहरा में करेंगे बैठक



**देहरा।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर रविवार सुबह साढ़े नौ बजे बीजेपी जिला कार्यालय देहरा में मंडल की बैठक में भाग लेंगे। बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि साढ़े नौ बजे से साढ़े 12 बजे तक केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ग्राम केंद्र प्रमुख और त्रिदेवों के साथ बैठक करेंगे। इसमें बीजेपी मंडल देहरा के 100 बूथों से कार्यकर्ता जुड़ेंगे। उसके बाद पीएम मोदी का कार्यक्रम मन की बात भी सुनेंगे। संजीव शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए बीजेपी तैयार है। संगठनात्मक जिला देहरा की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से लोकसभा चुनावों में लीड मिलेगी। संजीव शर्मा ने कहा कि हमारा गांव चलो अभियान चला हुआ है। इसमें प्रवासी कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। आचार संहिता लागू होते ही बीजेपी चुनावी मोड में आ जाएगी। कांग्रेस सरकार के बजट पर बोलते हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि इन्होंने लोक लुभावना बजट दिया है। लोग जानते हैं कि यह सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई है।

## जनहितों और सुझावों को रखा जाएगा सर्वोपरि: हेमराम बैरवा



**धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण की प्रक्रिया में लोगों के हितों को सर्वोपरि रखा जाएगा ताकि प्रभावितों का बेहतर तरीके से पुनर्वास तथा पुनर्स्थापन बेहतर तरीके से हो सके। शनिवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में एयरपोर्ट विस्तारीकरण की पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन प्रारूप कमेटी की बैठक की।अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से संबंधित पंचायतों के पटवारघरों में पांच, छह तथा सात फरवरी को जनसुनवाई आयोजित की गई थी। इसमें संबंधित प्रतिनिधियों तथा लोगों के सुझावों को प्रमुखता से लिया गया था तथा उसी के आधार पर पुनर्वास तथा पुनर्स्थापन का प्रारूप तैयार किया जा रहा है तथा इसे अंतिम रूप देने से दृष्टि से कमेटी की यह अहम बैठक रखी गई थी। उन्होंने बताया कि भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया के लिए मंडलायुक्त कांगड़ा को आयुक्त, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को प्रशासक तथा एसडीएम कांगड़ा को समाहर्ता नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में आठ पंचायतों के 14 राजस्व गांवों की भूमि अधिग्रहित करना प्रस्तावित है इसमें राजस्व गांव रच्छियालु, जुगेहड़, भड़ोल, कयोड़िया, बाग, बल्ला, बरसवालकड़, भेड़ी, ढुगियारी खास, गगल खास, झिकली इच्छी, मुगरहाद, सहौड़ा, सनौरा शामिल हैं।

## कृषि सेवा सहकारी सभा कस्बा स्यूल के चुनाव 27 फरवरी को होंगे

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली दी कस्बा स्यूल कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव 27 फरवरी को होने सुनिश्चित हुए हैं। यह जानकारी सभा के सचिव दिलबाग सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 12 फरवरी को भरे जाएंगे। सभी सभा सदस्यों से निवेदन है कि वह चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# विधायक सुधीर शर्मा ने धर्मशाला हलके में की तोहफों की बारिश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने शनिवार को धर्मशाला हलके पर फिर से तोहफों की बारिश कर दी। सुधीर शर्मा ने शनिवार को धर्मशाला के शहरी व देहाती इलाकों में उद्घाटन-शिलान्यासों की झड़ी लगा दी। सुधीर शर्मा ने धर्मशाला के दाड़ी मेला मैदान के पास रियल टाइम वॉटर मानीटरिंग सिस्टम जनता के नाम कर दिया।



धर्मशाला में उद्घाटन करते एमएलए सुधीर शर्मा।

धर्मशाला शहर में यह दूसरा सिस्टम है। इससे लोगों को पता चल जाएगा कि वे कितनी गुणवत्ता वाला पानी पी रहे हैं। मेट्रो सिटी की तर्ज पर यह सिस्टम लगाने वाला धर्मशाला पूरे प्रदेश के कुछ चुनिंदा शहरों में से एक है। सुधीर शर्मा ने कहा कि उन्होंने जनता से किया वादा पूरा किया है।

शहर से लेकर गांव तक यह सिस्टम लगाए जाएंगे। इस बारे में उन्होंने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसी बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने रक्कड़ मौहली चैक के सौंदर्यीकरण की नींव रखी। साथ ही सेक्रड हार्ट व मस्जिद चैक के विकास का शिलान्यास किया। तदोपरांत अंदराड़ में चिल्ड्रन पार्क व कम्युनिटी हाल का फाउंडेशन स्टोन रखा। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने अंदराड़ और रसेहड़ में नए पंचायत घरों की भी नींव रखी। उन्होंने सिद्धबाड़ी में शहीद अमित थापा गेट शिलान्यास किया। बाद में सुकड़ पंचायत में दो खेल मैदानों की नींव रखी। कार्यक्रम के बीच में सुधीर शर्मा को जाना पड़ा। उनकी ओर से एसडीएम धर्मशाला धर्मेश रामोत्रा ने अन्य कार्यक्रमों में औपचारिकता को निभाया। शनिवार को पास्सू में सराय व शीला भटेड़ में कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास भी हुआ। दाड़ी में दुर्गामल दल बहादुर स्मृति वाटिका की नींव व बड़ोल में महिला मंडल व फव्वारा चैक के सौंदर्यीकरण का रास्ता भी साफ हुआ। शाम के समय मंदल व चैतड़ू पंचायतों में नए पटवार भवनों की नींव रखी गई।

## नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। बहरहाल, कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

# पौंग झील में प्रतिबंधित खेती के बाद अब वोटों की खेती शुरू

अनिल छांगू, जवाली


मिल्खी राम शर्मा।

पौंग झील किनारे खाली पड़ी वन्य प्राणी विभाग की जमीन पर प्रतिबंध के बावजूद हो रही गेहूं की खेती के बाद अब सरकार ने वोटों की खेती करनी भी शुरू कर दी है। पौंग झील किनारे खाली जमीन पर खेती करने की अनुमति देने का बयान देकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने साधन संपन्न लोगों का हितैषी होने का प्रमाण दिया है। क्योंकि झील किनारे गरीब लोग नहीं अपितु साधन संपन्न लोग ही खेती करते हैं और लाखों रुपए कमाते हैं। गरीब व्यक्ति को तो एक खेत तक बीजाई नहीं करने दी जाती है।

खेती करने की अनुमति देने से अब प्रवासी परिंदों की जान को भी खतरा हो गया है। क्योंकि खेतों में जाल लगाकर या कीटनाशक दवाइयां डालकर इनका शिकार कर लिया जाएगा। जाहिर है कि प्रवासी पक्षियों से खेती को बचाने के लिए साधन संपन्न लोग कुछ न कुछ जुगाड़ करेंगे। पर्यावरण प्रेमी मिल्खी राम शर्मा ने आरोप लगाया कि जब वर्ड सेंक्चुरी एरिया में खेती सहित अन्य गतिविधि करना प्रतिबंधित है तो फिर प्रदेश सरकार खेती करने की अनुमति कैसे दे रही है। एक तरफ तो ईको सेंसिटिव जोन की बात सीएम कर रहे हैं तो दूसरी तरफ खेती करने की अनुमति दी जा रही है। उच्च न्यायालय के आदेशों को धत्ता बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती करने के बाद कंबाइन से कटाई करवाई जाएगी तथा बाकी अवशेष को आग लगाकर जलाया जाएगा। इससे पक्षियों के अंडे व बच्चे सहित अन्य जीव-जंतु जलकर राख हो जाएंगे। पौंग झील किनारे इको सेंसिटिव जोन की नोटिफिकेशन को लेकर मंत्री चंद्र कुमार व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आमने-सामने आ गए हैं। मंत्री चंद्र कुमार ने विधानसभा में प्रश्न पूछते हुए कहा कि इको सेंसिटिव जोन की नोटिफिकेशन हो चुकी है और इस जोन में आने वाले लोगों को वन्य प्राणी विभाग की परमिशन लेकर मकान बनाना अनिवार्य कर दिया है, तो क्या सरकार इस नोटिफिकेशन को वापिस लेगी। जबाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अभी तक ईको सेंसिटिव जोन की नोटिफिकेशन ही नहीं हुई है, तो वापिस लेने का सवाल ही नहीं उठता है। अब लोगों में असमंजस पैदा हो गई है कि आखिरकार सच क्या है। (अनंत ज्ञान)

# राजपालवां में सिंचाई सुविधा न मिलने पर शाहनहर विभाग के खिलाफ लगे नारे

अनंत ज्ञान, जवाली

उपमंडल फतेहपुर के अंतर्गत पंचायत ढ़हण के कस्बा राजपालवां में सिंचाई का पानी न मिलने से किसानों को चिंता सताने लगी है। क्योंकि बारिश न होने पर फसलें सुखना शुरू हो गई है।

किसान अब सिंचाई की व्यवस्था को तरफ ध्यान जाने लगा है। बता दें कि सिंचाई के लिए शाहनहर विभाग द्वारा ऊपरी क्षेत्र की सिंचाई के लिए पंप हाउस का जगह-जगह पर निर्माण करवाया हुआ है। जो कि खासकर ऊपरी क्षेत्रों की सिंचाई के लिए इस्तेमाल होता है। इसी प्रकार से राजपालवां में भी शाह नहर विभाग की तरफ से पंप हाउस नंबर-चार फेस है। जो कि पिछले लंबे समय से बंद चल रहा है। पंप हाउस बंद होने के कारण ऊंचाई वाले क्षेत्रों को पानी पहुंचाने के लिए मोटर लगाई गई है। वह काफी लंबे समय से बंद चल रही है या यूं कहें की मोटर खराब हो गई है। इसके चलते लोगों के खेतों में लगी फसलें गेहूं, प्याज, लहसुन, धनिया, सरसों, पशुओं का चारा आदि लग पड़ा है वहीं लोगों का कहना है। हमने विभाग से कई बार अनुरोध किया है कि हमारे पंप हाउस मोटर को रिपेयर करवा कर हमारे खेतों की सिंचाई के लिए तैयार करवाया जाए। लेकिन विभाग टस से मस नहीं हुआ पिछले लगभग तीन महीने से मोटर बंद पड़ी है और खेतों में पानी की सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो पाई है। वहीं, स्थनीय लोगों ने एकत्रित होकर शाह नहर के पंप हाउस में जाकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि हमारी समस्या का समाधान अगर सात दिन के भीतर नहीं हुआ तो शाहनहर विभाग के कार्यालय संसारपुर टैरस में धरना पर बैठेंगे।

उधर, सहायक अभियंता हरजिंद्र सिंह का कहना है कि ग्रामीणों के समस्या जायज है जिसका समाधान दो दिन के भीतर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खराब हुई मोटर को रिपेयर के लिए भेजा गया है जैसे ही मोटर रिपेयर होकर आ जाती है लोगों की सिंचाई सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

25 फरवरी 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :** प्रतिपदा (8:39): **नक्षत्र :** पूर्वा फाल्गुनी (01:25), **पक्ष :** कृष्ण, योग सुकर्मा (02:27) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11)-(12:57), राहुकाल 04:52 - 06:18।

### विशेष दिन

25 फरवरी 2011 को भारतीय सेना ने झारखंड में 62 स्वर्ण पदकों के साथ तालिका में पहला स्थान बनाए रखा

**मेष :** आज व्यवसाय में सफलता के द्वार खुलेंगे। धर्म में आस्था बढ़ेगी। महत्व के सिद्ध होंगे। व्यर्थ के आडंबरों से दूर रहें।

**वृषभ :** अनजाने में हुई गलती से नुकसान संभव है। नौकरी में स्थानांतरण व पदोन्नति के योग बन रहे हैं। सोच-समझकर काम करें।

**मिथुन :** पारिवारिक विवादों के कारण तनाव बढ़ेगा। व्यापार में जीवनसाथी से सहयोग व समर्थन मिलेगा। व्यवसाय में उन्नति होगी।

**कर्क :** कारोबार में आपके द्वारा गए निर्णय सही होंगे। कार्यसिद्धि होने से साहस, पराक्रम बढ़ेगा। व्यापार, व्यवसाय में लाभ होगा।

**सिंह :** परिवार में उत्साह और उमंग का वातावरण रहेगा। परिवार में कोई शुभ कार्य की योजना बनेगी।

**कन्या :** दिन की महत्वता को समझते हुए कार्य करें। कार्यस्थल पर हर किसी पर विश्वास न करें। धैर्य, संयम रखकर काम करें।

**तुला :** अपने मनमर्जी तरीके न करें। दोस्तों के साथ मोज-मस्ती में समय बीतेगा। व्यावसाय में काम का बोझ बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** कार्य की व्यस्तता के कारण थकान महसूस करेंगे। अपनों से मन मुटाव होने की स्थिति बनेगी।

**धनु :** आप की मेहनत और ईमानदारी के बलबूते पर नौकरी में इच्छित पदोन्नति की संभावना है। बचत में वृद्धि होगी।

**मकर :** समय पर संभल जाएं और परिवार की समस्या को अनदेखा न करें। व्यापार में प्रतिकूलता रह सकती है।

**कुंभ :** दिन शुभ है हर कामना पूरी होगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। कामकाज में सुधार होगा। सद्भावनाएं जागृत होंगी।

**मीन :** अपनी मर्यादा में रहें। जीवनसाथी की भावनाओं का अपमान न करें। कानूनी विवाद पक्ष में हल होंगे।


ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

**ग्राम पंचायत भलाड**

जिला कांगड़ा पिन 176023 (हि.प्र.)

प्रस्ताव सख्या :- 08 दिनांक :- 23/02/2024

आज दिनांक 23/02/2024 को ग्राम पंचायत भलाड की बैठक प्रधान श्री मंगल जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित कार्यवाही अम्ल में लायी गई।

**विषय :-** वर्ष 2024-25 हेतु मनरेगा व अन्य मदों हेतु मेटीरियल की निविदाएं आमंत्रित करने बारे।

बैठक में प्रधान ग्राम पंचायत भलाड ने प्रस्ताव रखा और समस्त उपस्थित सदस्यों को इस बारे अवगत करवाया गया कि पंचायत में मनरेगा व अन्य मदों के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य करवाए जाने है अतः इनके लिए मैटीरियल क्रय करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएं। कोटेशनर के पास GST नंबर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। कोटेशने दिनांक 02/03/2024 तक सीलबंद लिफाफे डाक के माध्यम द्वारा पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए, सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | इकाई जिसमें निविदा चाही है | क्र. सं. | सामग्री का विवरण | इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रेशर रेत | प्रति घन मीटर | 9 | कंक्रीट मिक्सचर किराया | प्रति दिन |
| 2 | क्रेशर बजरी 10/20mm | प्रति घन मीटर | 10 | पानी के टैंकर का किराया | प्रति टैंकर |
| 3 | क्रेशर बजरी 40mm | प्रति घन मीटर | 11 | कंक्रीट का बैंच | प्रति यूनिट |
| 4 | क्रेशर 63/90 mm | प्रति घन मीटर | 12 | लोहे का बैंच | प्रति यूनिट |
| 5 | पत्थर (बोल्डर) ढुलवाई पहुंच सहित | प्रति घन मीटर | 13 | खेल सामग्री व व्यायाम हेतु इक्विपमेंट | प्रति यूनिट |
| 6 | सीमेंट बैग ढुलवाई पहुंच सहित सिविल सप्लाई से कार्यस्थल तक (लोडिंग व अनलोडिंग सहित) | प्रति बैग | 14 | जे.सी.बी. मशीन किराया | प्रति घंटा |
| | | | 15 | कार्य स्थल बोर्ड लिखवाई | प्रति यूनिट |
| | | | 16 | पक्की ईंट ढुलवाई पहुंच सहित ग्रेड A, B, C | प्रति यूनिट |
| | | | 17 | आर.सी.सी. ह्युम पाइप व्यास 250 mm (पहुंच सहित) | प्रति यूनिट |
| | | | 18 | आर. सी. सी. ह्युम पाइप व्यास 300mm (पहुंच सहित) | प्रति यूनिट |
| | | | 19 | आर.सी.सी. ह्युम पाइप व्यास 400mm (पहुंच सहित) | प्रति यूनिट |
| 7 | शटरिंग किराया (स्टील) | प्रति स्केयर मीटर | 20 | आर. सी.सी. ह्युम पाइप व्यास 600mm (पहुंच सहित) | प्रति यूनिट |
| 8 | शटरिंग किराया (लकड़ी) | प्रति स्केयर मीटर | 21 | गल्वेनाईजड शीट Diiffrent Sizes (पहुंच सहित) | प्रति शीट |

निविदाएं इसके लिए गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 04/03/2024 को खोली जाएंगी न्यूनतम रेट वाले निविदादाता की कोटेशन स्वीकृत की जाएंगी। निविदाएं वर्ष 2024-25 केलिए मान्य होंगी। मेटीरिअल सप्लाई ना करने की दशा में, घटिया मटेरियल सप्लाई करने की दशा, विलम्ब से सप्लाई करने की दशा अन्य किसी कारण से पंचायत के पास निविदाएं रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

सचिव
ग्राम पंचायत भलाड, विकास खण्ड नगरोटा सूरियां
तह. ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

आओ हाथ से हाथ मिलाएं अपनी सुंदर पंचायत को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाएं

कोई भी जन्म से बुद्धिमान नहीं होता, क्योंकि ज्ञान अपने प्रयासों से ही प्राप्त होता है।
-टी. कृष्णामाचार्य

# अब डोनर की मदद से सेरोगेसी के जरिए बन सकेंगे मां-बाप

**सेरोगेसी** के जरिए संतान की चाह पूरी करना अब आसान हो गया है। केंद्र सरकार ने सरोगेसी के नियमों में बदलाव कर डोनर के एग और स्पर्म लेने की इजाजत दे दी है। सरकार के इस फैसले से निसंतान दंपतियों की बांछें खिल गई हैं। उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा है। बच्चे की चाह रखने वाले मां-बाप अगर किसी मेडिकल कंडीशन के कारण खुद के एग और स्पर्म का यूज करने में अक्षम हैं, तो वे डोनर की मदद ले सकते हैं।

इस बदलाव के बाद अब मां-बाप बनने में असमर्थ लाखों दंपतियों को संतान सुख मिल सकेगा। पूर्व के नियम के मुताबिक, सरोगेसी की मदद लेने वाले कपल के पास दोनों गैमेट (एग और स्पर्म) होने चाहिएं, लेकिन कई कपल में से एक साथी किसी मेडिकल कंडीशन के जरिए एग या स्पर्म देने में नाकाम होता है और इसी वजह से कपल के लिए पेरेंट्स बनना मुश्किल हो जाता है। अब नए नियम में अगर एग या स्पर्म उपलब्ध नहीं है, तो भी आप डोनर की मदद लेकर मां-बाप बनने का सपना पूरा कर सकते हैं।

नए नियम में कहा गया है कि सरोगेसी के लिए डोनर की मदद लेने से पहले डिस्ट्रिक मेडिकल बोर्ड से ये सर्टिफाइड करवाना होगा कि कपल में से कोई एक किसी मेडिकल कंडीशन के चलते अपने एग या स्पर्म देने में असमर्थ है। इसके साथ ही यह भी शर्त है कि डोनर का यूज तभी किया जा सकेगा, जब कपल में से कोई एक अपने गैमेट जरूर दे। अगर कोई अकेली महिला, डिवोर्सी महिला या विधवा महिला सरोगेसी के जरिए मां बनना चाहती है तो उसे अपना एग और डोनर का स्पर्म यूज करने की इजाजत है।

केंद्र सरकार ने पिछले साल सरोगेसी में डोनर गैमेट पर रोक लगा दी थी। इसके बाद इसमें बदलाव के लिए अदालतों में ढेरों पुनर्विचार याचिकाएं दायर की गईं। इन याचिकाओं पर गौर करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस संशोधन पर फिर से विचार करने की सलाह दी थी। दरअसल, किसी दूसरी महिला की कोख में अपने बच्चों को पालना सरोगेसी कहलाता है। स्वास्थ्य जटिलता की वजह से जो दंपती माता-पिता नहीं बन पाते हैं, वे सेरोगेसी का सहारा लेते हैं। सरोगेसी के तहत दंपती बच्चा पैदा करने के लिए किसी महिला की कोख किराए पर ले सकता है। इसमें महिला अपने या फिर दाता के अंडाणु के जरिए किसी दूसरे दंपती के लिए गर्भाधारण करती है।

बच्चे को जन्म देने वाली महिला और सरोगेसी करवाने वाले दंपती के बीच एक समझौता होता है। इस समझौते के तहत जन्म लेने वाले बच्चों के कानूनी माता-पिता सरोगेसी करवाने वाले दंपती ही होते हैं। भारत में व्यावसायिक सरोगेसी पर प्रतिबंध लगा हुआ है। एक अनुमान के अनुसार, भारत में सरोगेसी का कारोबार 31000 करोड़ रुपए का हो गया था और देश भर में करीब 3000 क्लीनिकों में सरोगेसी कराई जाती थी। पहले दूसरे देशों के नागरिक सेरोगेसी के लिए भारत आते थे, क्योंकि यहां सरोगेसी दूसरे देशों के तुलना में सस्ती थी।

# अब अयोध्या के आसमान में सप्तऋषि भी चमकेंगे



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

**अयोध्या** अंतरराष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्तऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्तऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंत:करण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया- ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं, लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं।

वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण-कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधु कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है, लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्मऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं। भारत की प्रज्ञा में बहुत गहरे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्ययंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराणकाल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया।

वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं, लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्तऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्तऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।

भारत का मन ऊध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे हैं। सौ स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर हैं, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है, लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं, अब तक सिद्ध नहीं, लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों- आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया हैं। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार, रचनाएं या कविताएं 'परम व्योम' में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं। सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाई-वे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की-वे' कहा जाता है।

यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है, लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती हैं, लेकिन गंगाजल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकांड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ईस्वी के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चंद्र ने इसकी व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्तऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्तऋषियों को आकाश में देखा, प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, 'सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है। बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है। ये सप्तऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गए हैं। तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भरतीय भावबोध ने उन्हें आकश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मंडल या खंड हैं। दूसरे से लेकर सातवें मंडल तक छह मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। छह मंडलों में छह ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद् वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवां अत्रि का, छठा भारद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का।

बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था, इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मंडल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और भारद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश विफल कर देंगे।

## नजरिया
# आत्मिक मानसिक हिंसा कभी भी सहन मत कीजिए



मुमुक्षु के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

**असहाय**, निर्धन, बेचारे, लाचार, मासूम व्यक्ति को परेशान, दुखी, तंग करना सर्वथा अनुचित, असंवैधानिक, अनैतिक और अधार्मिक कृत्य है। ऐसे लोगों की दुआएं तथा बददुआएं भी दोनों काम करती हैं। संवेदनशील, अंतर्मुखी मनुष्य का हरसंभव आदर-सम्मान करना भी अनिवार्य है। विश्व के सार्वसामयिक और सर्वश्रेष्ठ रचनाकारों में से एक फ्रांस के लेखक गी द मोपासां की एक बहुत ही हृदयस्पर्शी कहानी याद आती है।

कहानी का नायक एक लगभग वृद्ध, निर्धन व्यक्ति घोड़ागाड़ी चलाता है। उसका एक जवान बेटा मृत्यु को प्राप्त हो गया था। वह व्यक्ति हर घोड़ागाड़ी पर बैठने वाले को बताने का प्रयास करते हुए अपने हृदय की पीड़ा को कम करना चाहता है, लेकिन उसके व्यक्तिगत, दुखद जीवन में किसी को भी कोई रुचि नहीं है। हर कोई उसे घुड़की मारते हुए चुपचाप घोड़ागाड़ी चलाने का आदेश देता है। कुछ लोग तो गुस्से में उस पर चिल्ला भी पड़ते हैं। अंतत: उसे एक विशेष उक्ति सूझती है, वह अस्तबल में अपने घोड़े को बांधकर, अपने हृदय में चुभे शूल की भयंकर पीड़ा और असहनीय वेदना को लंबे समय तक अपने घोड़े को सुनाता रहता है। वह बेजुबान पशु सर्वथा शांत रहकर, चुपचाप उसकी सभी बातें सुनता रहता है। ऐसे मामले में तो हमारा 'वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे' वाला भाव और व्यवहार अवश्य ही रहना चाहिए, लेकिन पशु समान व्यवहार करने वालों लगभग जन्मजात दुष्ट लोगों का मान-सम्मान या किसी भी तरह की कोई लिहाज करने की बिलकुल भी आवश्यकता नहीं है। हम सभी को जिंदगी में अनेक बार कई सारे अमानुष लोगों का भी सामना करना पड़ता है। आप सभी जानते हैं कि कैसे कुछ मक्कार लोग बेशर्म हंसी और निर्लज मुस्कान बिखेरते हुए कहते हैं, बुरा मत मानना और ऐसा कहते-कहते ही वे हम सभी के ऊपर सर्वथा अवांछित कूड़ा-कचरा डालने का कुत्सित प्रयास करते हैं। क्यों नहीं बुरा मानें हम? ऐसे लोगों के प्रति हम घृणा, द्वेष, वैर, शत्रुता का भाव नहीं भी रखें तो भी तुरंत उसी क्षण उन्हें सख्ती से रोकते हुए अवश्य ही बता देना अनिवार्य है कि हमारे साथ कैसे तथा कितनी बात करनी है। इस प्रकार की आत्मिक और मानसिक हिंसा सहन करना केवल बड़ा अपराध ही नहीं, बल्कि घोर पाप भी है।

## अंदाज-ए-बयां
### कैसे बनती है कविता

**कैसे** बनती है कविता
न लिखूं तो भी चैन नहीं
जो लिखूं तो फिर क्या
सोचता हूं मैं कभी कभी
कैसे बनती है कविता
छलक जाता है दर्द आंखों
में कभी
कभी मैं इसको पीता
हजारों गम छुपाए सीने में
इंसान कैसे है जीता
सोचता हूं बड़ी दूर कहीं
गर एकांत में मैं होता
चारों तरफ सन्नाटा पसरा
तो लिखता मैं कविता
निशब्द का, शब्द है यह,
जो समझ नहीं कोई पाता,
पीड़ा की अभिव्यक्ति
कहूं,
या कवि की कोई गाथा।
डरता हूं गहराई से,
शब्दों की चतुराई से,
न 'हंस' जाने सुर,
न 'राज' जाने सरिता,
कैसे बनती है कविता।

हंसराज ठाकुर

# दरकती पहाड़ियों के आगोश में समाता जीवन, बाद में लकीर पीटने से क्या मिलेगा



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

**भौगोलिक** दृष्टि में पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल प्रदेश में सीधे संकरे पहाड़ों के बीच में से जनजीवन को गति देने के उद्देश्य से सड़कें निकालना चुनौतीपूर्ण कार्य है। समतल राज्यों की अपेक्षा इन पहाड़ों में सड़क निर्माण में खरबों रुपए खर्च होते हैं। पहाड़ों का सीना काटकर, नालों के इर्द-गिर्द डंगा लगाकर, पत्थरों से चिनाई कर स्पोर्ट के रूप में सड़कों को बरकरार रखा जाता है। उन्नति के शिखर पर भी पहुंचना जरूरी है, लेकिन प्रकृति के साथ छेड़खानी कर हम इसे और उग्र बना देते हैं।

गत दिनों पूर्व मंडी के नजदीक चलती कार के सामने बीस-पच्चीस किलो का पत्थर पहाड़ी से गिरकर कार के सामने वाले शीशे को चीरता हुआ जा गिरा, जिस कारण महिला सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। अभी मंगलवार को छह मील के पास जेसीबी के ऊपर पहाड़ी दरकने के कारण जेसीबी ऑपरेटर के दब जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मंडी से औट थलोट तक का रास्ता बहुत ही खतरनाक है। भले ही फोरलेन निकल जाने से इस सड़क पर आवाजाही कम हुई है, लेकिन इसके बावजूद इस रास्ते पर सफर करना मृत्यु को न्योता देने से कम नहीं है। पहाड़ियों से लुढ़कते पत्थर व इंसानों की जान को लीलता यह कृत्य सोचनीय विषय है।

मंडी के पुलघराट पर सड़क निर्माता कंपनी के निरीक्षकों की चूक से सड़क पर गिरे मलबे के कारण दोनों ओर सड़क बाधित होने पर रात्रि के समय दो बाइक सवार युवाओं की महज छोटी सी उम्र में ही घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई थी। कितने हृदयविदारक दृश्य हम आए दिन देखते व महसूस करते हैं। प्राकृतिक आपदा बाढ़, बिजली गिरना, बादल का फटना, भारी मात्रा में बारिश इत्यादि में हम इंसानों का वश नहीं चलता, लेकिन सड़क सुरक्षा, आग लगाना, मलबा नहीं हटाना, पहाड़ों की खुदाई करते वक्त एहतियातन कदम व सुरक्षा नहीं बरतना कहीं न कहीं मानवीय चूक ही कहलाती है। लुढ़कते, दरकते पहाड़ों पर बिना सोचे-समझे आगे बढ़ते रहना असंवेदनशीलता ही है।

विदेशों में ऐसी मानवीकृत दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन कम मानवीय क्षति होती है। वहां ऐसे स्पॉट्स पर सुरक्षा की दृष्टि से चेतावनियां, खतरे के निशान, बोर्ड व सुरक्षा कार्मिकों सहित चेतावनी देते हुए नजर आते हैं। गत वर्षों में इसी सड़क पर थलौट के पास दो दर्जन से अधिक हैदराबाद अभियांत्रिकी महाविद्यालय के छात्र घूमने आए थे व इस स्थान पर चेतावनी निर्देश बोर्ड न लगा देख नदी में सीधे उतर कर अठखेलियां लेने में मस्त थे। पानी छोड़े जाने पर ये सभी छात्र चींटियों की भांति बह गए।

घटनाएं घट जाती हैं, बाद में उक्त स्थानों को हम चिन्हित कर बड़े-बड़े चेतावनी बोर्डों को लगाकर सुसज्जित करते हैं। क्या इससे पहले यानी घटनाओं के घटित होने से पूर्व हम सजग होकर चिन्हित स्थानों पर सुरक्षित कदम नहीं उठा सकते। इस बात का सरोकार तभी सफल होगा, जब हम किसी भी इंसान की जान की कीमत को अच्छे से समझेंगे व उसे बचा सकेंगे, अन्यथा ऐसी भूल और चूकों से मौत के आगोश में जीवन को समाने के बाद, उस पर केस अध्ययन कर हमेशा नासमझ नालायक ही कहलाएंगे, चाहे हमने कितनी ऊंची पदवी व औहदा ही हासिल क्यों न किया हो।

# लोकतंत्र में परिवारवादी परंपरा के निहितार्थ



गिरीश्वर मिश्र
वर्धा विवि के पूर्व कुलपति

**पीछे** मुड़ कर देखें तो आधुनिक भारत में स्वतंत्रता संग्राम के चलते राजनीति का रिश्ता देश-सेवा और देश के लिए आत्मदान से जुड़ गया था। इस पृष्ठभूमि के अंतर्गत राजनीति में आने वाले आदमी में निजी हित स्वार्थ से ऊपर उठ कर समाज के लिए समर्पण का भाव प्रमुख था। 'सुराजी' ऐसे ही होते थे। वे अपना खोकर सबका हो जाने की तैयारी से राजनीति में आते थे। स्वतंत्रता मिलने के साथ सरकार में भागीदारी ने राजनीति का चरित्र और उसका चेहरा-मोहरा बदलना शुरू किया। देखते-देखते नेता नामक जीव की वेशभूषा, रहन-सहन आदि में बदलाव शुरू हुआ और जीवन की राह तेजी से आभिजात्य की ओर मुड़ती गई। विधायक या सांसद राजपुरुष होने की ओर बढ़ने लगे। मंत्री होना राजसी ठाट-बाट का पर्याय सा हो गया।

नेताओं का भी दरबार लगने लगा और वे प्रजा की सेवा से दूर होते चले गए। जनसेवक होने की जगह वे खुद अपने लिए जनसेवा कराने लगे और अब इस तरह की व्यवस्था एक स्थायी रूप ले चुकी है। उसका शुद्ध रूप माननीयों के जनता दरबार में दिखता है, जहां लोग अपनी फरियाद के साथ हाजिरी लगाते हैं। राजनीति सेवा की जगह धन उगाही के व्यापार का रूप लेता गया और राजनेताओं की संपत्ति दिन-दुगनी रात चौगुनी बढ़ने लगी। राजनीति और धनार्जन की गठजोड़ के नए आयाम खुलते गए और राजनेताओं की आर्थिक समृद्धि का ग्राफ जिस चमत्कारी ढंग से बनने लगा वह अपने में बहुत कुछ कहता है। नेतृत्व करना या राजनीति का कर्म नेता के लिए धन-संपदा बटोरने का जरिया बनता गया। आज सब नेताओं के पास आय से अधिक संपत्ति होना एक आम बात हो चली है।

इसी के साथ एक पक्ष और प्रबल होने लगा कि राजनेता के परिवार और परिजन भी राजनीति में अवांछित दखल देने लगे। जन-सेवा और लोक संग्रह से कोसों दूर ये नए नवेले अगली पीढ़ी के राजनेता ज्यादातर अपनी कर्मठ जन-सेवा की बदौलत नहीं, बल्कि वंशधर होने के कारण उसमें शामिल होने लगे। राजनीति जिसका आधार जनता के बीच से आया करता था, वह सिमटने लगा। अपने विश्वस्त की तलाश करते वरिष्ठ या 'सीनियर' राजनेताओं की आंखें घूम फिर कर अपने बेटी-बेटे, पत्नी, भाई-भतीजे और नाते-रिश्तेदारों पर टिकने लगीं। सच कहें तो राजनीति में भागीदारी उसके किरदारों को कुछ निजी या पारिवारिक पेशा, खेतीबाड़ी, दुकानदारी या पुश्तैनी व्यापार जैसा लगने लगा। फलत: जब एक राजनेता अपना उत्तराधिकारी खोजने लगा, तो उसे जनता भूल-बिसर गई और वह अकसर जनता की ओर नहीं बल्कि अपने परिवार की ओर देखने लगा। कुछ को इसमें सफलता भी मिलने लगी। आखिर जनता ने जिस नेता पर कभी भरोसा कर समर्थन दिया था, उस नेता के खून में भी तो दम होगा। उसे नेता की संतान में भी उसी नेता की छवि दिखने लगी। अगर उसमें नेतृत्व की वह योग्यता हो तो फिर क्या कहने! पर योग्यता न भी हो तो विरासत में मिला जनाधार से कुछ दिन काम चलता है, पर नए नेता के लिए ऐसे अनार्जित जनाधार ज्यादा दिन के लिए टिकाऊ नहीं हो सकते।

आज के भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में खानदानी नेताओं की जमात बढ़ती ही जा रही है। जैसे स्वतंत्रता मिलने के पहले रियासतें थीं कुछ-कुछ उसी तरह विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक राजवंशों की बढ़त भी दिख रही है। एक बड़ा नेता राजनीति की अपनी रामकहानी भूल कर अपने पुत्र-पुत्री को अपना राजनीतिक उत्तराधिकार सौंपते दिख रहे हैं। राजनीतिक सरोकारों का इस तरह सिमटना देश और समाज के लिए और नए नेता दोनों के लिए अहितकर होता है, पर यह बात भुला कर विचार से परे हटा दी जाती है। राजनीतिक दल पारिवारिक दल में रूपांतरित हो जाता है और सत्ता का बंटवारा किया जाता है। असंतुष्ट होने पर परिवार टूटने के तर्ज पर पार्टी टूटती है। यह एक अजीब बदलाव है, जो जनतंत्र की मूल प्रकृति और चरित्र के उलटा बैठता है। जनतंत्र तो जन से चलता है, प्रजा में ही उसकी आत्मा बसती है और प्रजा-जन एक समान होते हैं, परंतु नेताओं को प्रजा से न उभरना चिंताजनक हो रहा है ।

सारी लाज-हया छोड़ राजनीतिक वंशों का आधिपत्य बनाए रखने की घटनाएं राजनीति और लोकतंत्र दोनों के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं कही जा सकतीं, पर जिस तरह की परिस्थितियां बन रही हैं, उससे लोकतंत्र की मुश्किल बढ़ रही है। खानदानी तौर पर राजवंश सरीखी राजनीति के प्रमुख दावेदारों की सूची बढ़ती जा रही है। स्थानीय और राष्ट्रीय राजनीति में इनके करतब सार्वजनिक रूप से ज्ञात हैं।

इनका विस्तृत विश्लेषण यहां संभव नहीं है, परंतु यह बात किसी से छुपी नहीं है कि स्वतंत्र भारत में विभिन्न दलों से आते ये परिवार और उनके परिजन सालों-साल राज-सत्ता पर आसीन होकर सीधे या परोक्ष नियंत्रण से राजनीति करते हुए हमारे देश की दशा बनाते बिगाड़ते आ रहे हैं। लोकतंत्र के लिए वंशवाद खतरनाक है और राजनेताओं को इस पर विचार करना होगा।

# पास होकर भी अपनों से दूरियां बना रहा बढ़ता स्मार्टफोन का प्रचलन

## ब्लॉगर



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**आधुनिक** के जिस दौर में हम प्रवेश कर चुके हैं और वहीं आज हम नई-नई तकनीक और सुविधाओं का भी लुत्फ और लाभ उठा रहे हैं। तकनीक के जितने लाभ हैं, उतने ही नुकसान भी, इसी परिप्रेक्ष्य में हम आज आप सभी के समक्ष एक ऐसे आधुनिक यंत्र यानी स्मार्टफोन का जिक्र करना चाहेंगे, जिसके बिना मानो हमारा जीवन अधूरा हो गया है। जिस स्मार्टफोन का प्रचलन बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को हो चुका है। स्मार्टफोन के जितने लाभ हैं, उससे कहीं ज्यादा इसका गलत इस्तेमाल और जरूरत से अधिक प्रयोग होने की वजह से नुकसान हो रहे हैं।

इस कारण हम आज इस गंभीर विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करना चाहेंगे। जिस स्मार्टफोन के कारण हम पास होकर भी मानो मीलों दूर बैठे हैं, आज स्थिति यह हो गई है कि अधिकांश क्षेत्रों में खासकर बच्चों और युवाओं में जरूरत से ज्यादा स्मार्टफोन देखने के कारण घरों में किसी अन्य सदस्यों से बात करने तक का समय नहीं है या फिर वह अन्य किसी व्यक्ति के बारे में जानने की इच्छा नहीं करता, क्योंकि उसको फोन देखने से फुर्सत नहीं है, तो वहीं घरों में बुजुर्ग माता-पिता अपने बच्चों और युवाओं से बात करने के लिए मानो तरस रहे होते हैं, परंतु आज के इन युवाओं और बच्चों के पास स्मार्टफोन से निकलने का समय ही नहीं होता है।

इस कारण आज हम पास होकर भी अपनों से मानो मीलों दूर हो चले हैं, जो एक बहुत ही चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है, जिस स्मार्टफोन से हम देश-विदेश की हर छोटी बड़ी खबर से वाकिफ होते हैं और अपनी बात को हर व्यक्ति तक पहुंचा सकते हैं और जिस स्मार्टफोन के लाभ आज के परिप्रेक्ष्य में देश दुनिया उठा रही है, उसी स्मार्टफोन ने कहीं न कहीं हमारे बच्चों और युवाओं को गलत रास्ते की ओर मोड़ दिया है। इसमें बहुत से कारण रहते हैं, आज हम इसी बात पर विश्लेषण और जागरूक करने का प्रयास करेंगे कि हम इस आधुनिकता से बहार निकलकर अपनो के संग भी समय व्यतीत करते रहें, अन्यथा भविष्य में स्मार्टफोन के कारण हम अपने रिश्ते-नातों और अपनों से दूर होते जाएंगे, जैसे कि वर्तमान में देखने और सुनने को मिलता है कि हमारे पास समय ही नहीं है और हर व्यक्ति अपनी व्यस्तता को दोहराता है, परंतु अगर हम इस विषय पर विस्तार से जानकारी जुटाने का प्रयास करें तो सच्चाई इसके विपरीत है क्योंकि जैसे कहा भी जाता है कि समय के साथ परिवर्तन भी देखने को मिलता है तो वहीं, आज के परिप्रेक्ष्य में पहले से ज्यादा आम से खास व्यक्ति कहीं न कहीं अपने दिनचर्या में व्यस्त जरूर है, लेकिन इतने भी व्यस्त नहीं कि उनके पास अपनों से मिलने के लिए भी समय नहीं है क्योंकि काम करने के बाद का समय जो हम सभी को अपने परिवार, माता-पिता, बुजुर्गों और समाज को देना चाहिए था और उनकी तमाम अच्छी शिक्षाएं लेकर और जानकारी जुटाकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए था, आज वे शेष समय स्मार्टफोन में लगा रहे हैं, जो हमारे शरीर और जीवन को कहीं न कहीं भारी नुकसान और गलत दिशा का ओर ले जा रहा है।

इस गंभीर समस्या को आज युवाओं और बच्चों को समझने की परम आवश्यकता है कि हम स्मार्टफोन का प्रयोग अपनी जरूरत के मुताबिक प्रयोग करें, तो वहीं आज दूसरी ओर बच्चों और युवाओं में छोटी उम्र में ही स्मार्टफोन की वजह से मजबूरन चश्मे लगने शुरू हो चुके हैं, जिस समस्या को हम सभी को समझना जरूरी हो गया है, आज आलम यह हो गया है कि स्मार्टफोन की वजह से बच्चों एवं युवाओं में रिश्ते-नातों की भी जानकारी नहीं होती है क्योंकि वे अपनी दुनिया में ही व्यस्त एवं उलझे हुए हैं।

इस प्रकार आज हम सभी अभिभावकों एव युवाओं का भी दायित्व है कि हम अपने बच्चों को कम से कम स्मार्टफोन प्रदान करें या फिर स्मार्टफोन को जरूरत के मुताबिक इसका प्रयोग करवाएं, अन्यथा भविष्य में ये दूरियां बहुत ज्यादा बढ़ जाएंगी और अनेक उम्मीद लगाए बैठे माता-पिता के सपने चकनाचूर हो जाएंगे, जब अपने बच्चे एवं युवा नजदीक होकर भी मानों मीलों दूर विदेशों में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, इसलिए आज हम सभी युवाओं और समाज का भी दायित्व रहता है कि ऐसी गंभीर समस्या पर हम सभी एकजुट होकर अपने अपने बच्चों और युवाओं को जागरूक और सचेत करने का प्रयास करते रहें। संभव है आपका एक छोटी सा प्रयास एवं जागरूकता किसी बच्चे एवं युवा का जीवन बदल दे।

## अपनी बात

**ग्लोबल** वार्मिंग एक गंभीर समस्या बन गई है, जिस पर अविभाजित ध्यान देने की आवश्यकता है। यह किसी एक कारण से नहीं, बल्कि कई कारणों से हो रहा है। ये कारण प्राकृतिक और मानव निर्मित दोनों हैं। प्राकृतिक कारणों में ग्रीनहाउस गैसों की रिहाई शामिल है, जो पृथ्वी से भागने में सक्षम नहीं हैं, जिससे तापमान में वृद्धि होती है।

इसके अलावा ज्वालामुखी विस्फोट भी ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार हैं। यह कहना है कि इन विस्फोटों से कार्बन डाइऑक्साइड के टन निकलते हैं, जो ग्लोबल वार्मिंग में योगदान करते हैं। इसी तरह मीथेन भी ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार एक बड़ा मुद्दा है। इसके बाद, ऑटोमोबाइल और जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक उपयोग से कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त, खनन और पशु पालन जैसी गतिविधियां पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक हैं। सबसे आम मुद्दों में से एक है, जो तेजी से हो रहा है, वनों की कटाई। इसलिए, जब कार्बन डाइऑक्साइड के अवशोषण के सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक ही गायब हो जाएगा, तो गैस को विनियमित करने के लिए कुछ भी नहीं रहेगा। इस प्रकार यह ग्लोबल वार्मिंग में परिणाम देगा। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने और धरती को फिर से बेहतर बनाने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने चाहिएं।

-आस्था (गगल)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### खाई में गिरी कार, दो युवकों की मौत

**चुवाड़ी।** चंबा-जोत मार्ग पर कुटनाला के पास कार अनियंत्रित होकर 300 फुट गहरी खाई में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई। जबकि, हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को चुवाड़ी अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जबकि पुलिस ने शनिवार को दुर्घटना में मारे गए मृतकों की पहचान कर उनका सिविल अस्पताल चुवाड़ी में पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस के मुताबिक चुवाड़ी तलाई गांव के समीप कुटनाला में शुक्रवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस दौरान दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन में मृतकों की पहचान रविंद्र सिंह राणा व साहिल निवासी मलिकपुर पठानकोट के तौर पर हुई है। हादसे में कुलदीप कुमार पुत्र लाल चंद व नरेंद्र शेट्टी पुत्र ओम प्रकाश दोनों निवासी गांव नुरोट मेहरा सारना पठानकोट व रोहित पुत्र प्रकाश चंद निवासी मलकापुर पठानकोट गंभीर रूप से घायल है। वहीं शनिवार को चुवाड़ी पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। वहीं, परिजनों ने प्रशासन की फौरी राहत को लेने से इन्कार कर दिया। मामले की पुष्टि एसपी चंबा अभिषेक यादव ने की है।

### गुरु रविदास भवन चिल्ली में लगा लंगर


गुरु रविदास के प्रकाशोत्सव पर आयोजित लंगर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**तीसा।** गुरु रविदास के प्रकाशोत्सव पर चिल्ली में नव निर्मित गुरु रविदास भवन में जत्थे द्वारा शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें गुरु रविदास की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। जिसमें गुरु रविदास समाज के अलावा अन्य भाईचारे ने भी हाजिरी लगाई। इसके साथ लंगर का भी आयोजन किया गया। सभी ने बड़े प्रेमपूर्वक लंगर का भी आनंद लिया और सभी गांव वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलजुल कर आए मेहमानों की बड़े प्रेम प्यार से सेवा की। इस पुनीत कार्य में सब ने अपनी क्षमता अनुसार सेवा की इसके लिए कमेटी ने सबसे आग्रह किया कि गुरु रविदास के पद चिन्हों पर चलते हुए उनकी बताई शिक्षा पर चलते हुए अपने समाज के साथ अन्य समाज में भी प्रेम, प्यार और भाईचारे की मिसाल कायम करें।

### भरमौर प्रशासन ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

**भरमौर।** अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर ने बताया कि शीत ऋतु में किसी भी आपदा के समय लोगों की सहायता के दृष्टिगत भरमौर प्रशासन द्वारा 23 फरवरी से आगामी आदेश तक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु के दौरान उपमंडल भरमौर में किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा व नागरिक सेवाओं के बाधित होने की सूचना नियंत्रण कक्ष के नंबर 01895-225027 पर दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली आपूर्ति,पेयजल और सड़कें बाधित होने से संबंधित सूचना नियंत्रण कक्ष में सुबह छह से शाम आठ बजे तक दे सकते हैं।

# चंबा के मिस्टिक विलेज 'भलोली' को दिल्ली में मिला सिल्वर अवॉर्ड

**एमएम डैनियल, चंबा**

- आउटलुक ट्रैवलर की ओर से इंडियन रिस्पांसिबल टूरिज्म कैटेगरी में मिला सम्मान
- बिना किसी आर्थिक सहायता के मिस्टिक विलेज के लोगों के प्रयास हुए सफल

हिमाचल प्रदेश के आकांक्षी जिला चंबा के नॉट ऑन मैप मिस्टिक विलेज भलोली नजदीक खजियार को आउटलुक ट्रैवलर की ओर से इंडियन रिस्पांसिबल टूरिज्म कैटेगरी में सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मिस्टिक विलेज को शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान मिला है। दिल्ली में यह सम्मान नॉट ऑन मैप संस्था के सह-संस्थापक मनुज शर्मा, रेणू शर्मा, शंकर, अनूप, मगनदीप, तनविंदर सिंह तथा जिवेश ने प्राप्त किया।

शंकर व अनूप ने खुशी जताते हुए कहा कि पहली बार अवॉर्ड हासिल करके उन्हें खुशी मिली है। इससे पूर्व मिस्टिक विलेज को ट्रिप एडवाइजर द्वारा 2020 में सर्वश्रेष्ठ गांव के रूप में सम्मानित किया जा चुका है। मिस्टिक विलेज गद्दी जनजाति का पहला पर्यटन आधारित सामुदायिक गांव है, जिसका संचालन स्वयं सहायता समूह की ओर से किया जा रहा है। मिस्टिक विलेज जिला चंबा की ग्राम पंचायत सिंगी में स्थित है। गौर हो कि यह गांव मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विश्वविख्यात पर्यटन नगरी खजियार से मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। गांव तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर का सफर ट्रैकिंग करते हुए पूरा होता है। मिस्टिक विलेज में वर्तमान समय में पांच होमस्टे चलाए जा रहे हैं।


आउटलुक ट्रैवलर की ओर से इंडियन रिस्पांसिबल टूरिज्म कैटेगरी सिल्वर अवॉर्ड प्राप्त करते हुए चंबा के नॉट ऑन मैप मिस्टिक विलेज भलोली के सदस्य व अन्य।

इन होमस्टे का संचालन गाबदिका स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। समुद्र तल से करीब 2100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह रमणीय गांव है। इसकी चंबा मुख्यालय से दूरी करीब 25 किलोमीटर और डलहौजी से 20 किलोमीटर है। मिस्टिक विलेज में लोग सामूहिक प्रयासों से इसके सतत विकास में योगदान करते हुए पर्यटकों को एक प्रामाणिक, गहन अनुभव प्रदान करते हैं।

जैसे ही यहां पर पर्यटक पहुंचते हैं तो यहां सांस्कृतिक आदान-प्रदान और जिम्मेदार पर्यटन का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण बनता है। इस गांव की तस्वीर तब बदल गई, जब यहां के लोगों का परिचय नॉट ऑन मैप संस्था से हुआ। नॉट ऑन मैप संस्था समुदाय आधारित जिम्मेदार और टिकाऊ पर्यटन के लिए लगातार कार्य कर रही है। संस्था की ओर से यहां पर पारंपरिक रूप से तैयार किए गए पुश्तैनी मिट्टी-पत्थर के घरों के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को पहचाना गया। ये मकान 65 से 200 साल पुराने थे। संस्था ने इन्हें संभावित होमस्टे के रूप में देखा। नॉट-ऑन-मैप ने इन घरों का नवीनीकरण करके, सेवा वितरण में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करके और अद्वितीय अनुभवों के विकास में सहायता करके समुदाय की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। (अनंत ज्ञान)

### चलो चंबा अभियान को मिलेगा प्रोत्साहन

मनुज शर्मा सह संस्थापक नॉट ऑन मैप का कहना है कि मिस्टिक विलेज पहला गद्दी सामुदायिक आधारित गांव है। यहां के लोगों ने बिना किसी आर्थिक सहायता के अपने प्रयासों से गांव को विकसित किया है। इसका संचालन स्वयं सहायता समूह की ओर से किया जाता है। चलो चंबा अभियान को भी इस तरह की गतिविधियों से प्रोत्साहन मिलेगा।

### संस्था ने पूरे देशभर में चलाया है अभियान

कुमार अनुभव संस्थापक नॉट ऑन मैप संस्था का कहना है कि नॉट ऑन मैप संस्था की ओर से पूरे देशभर में सामुदायिक आधारित जिम्मेदार पर्यटन को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इससे ग्रामीणों की आर्थिकी भी मजबूत हो रही है।

# प्रदेश सरकार के खिलाफ बोला हल्ला

## साहो पंचायत में भाजपाइयों ने अधिवक्ता जय सिंह की अगुआई में किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा की निकटवर्ती पंचायत साहो में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अधिवक्ता जय सिंह की अगुआई में भाजपा चंबा द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर पंचायत साहो की जनता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अधिवक्ता जय सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने चंबा विधानसभा क्षेत्र के साथ हमेशा ही भेदभाव किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आते ही चंबा विधानसभा क्षेत्र के दो पीएचसी सेंटर एक डिवीजन आईपीएस और उप तहसील साहो बंद कर दी। जब कि यह संस्थान कैबिनेट से अप्रूव थे। उन्होंने कहा कि बड़े दुख की बात है कि हमारे सदर विधायक नीरज नैय्यर मुंह देखते रह गए। उन्होंने इन संस्थाओं को पुन खोलने के लिए कोई प्रयत्न नहीं किया और न ही विधानसभा में इसकी आवाज उठाई। इसमें वह पूरी तरह से असफल रहे।


साहो पंचायत में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अधिवक्ता जय सिंह व अन्य।

उन्होंने कहा कि सदर विधायक जिन सड़कों का उद्घाटन कर रहे हैं वे सब सड़के चंबा सदर के पूर्व विधायक पवन नैय्यर की देन हैं। उन्होंने सदर विधायक से सवाल किया है कि विधायक बताएं कि उन्होंने कितनी सड़कों की डीपीआर बनाकर भेजी है और कितनी सड़कों को मंजूरी मिली है। उन्होंने सदर को विधायक को चेतावनी देते हुए कहा कि वह झूठी बयानबाजी करना व जनता को गुमराह करना बंद कर दें। उन्होंने कहा कि वह जनता को यह भी बताना चाहते है कि भटियात के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी संस्थान जो सरकार ने बंद किए थे उन्हें शुरू करवा दिया।

- प्रदेश सरकार ने चंबा विस क्षेत्र के साथ किया भेदभाव

जबकि चंबा सदर विधायक इस दिशा में एक कदम भी नहीं बढ़ा पाए है। जिसके चलते विस अध्यक्ष से सदर विधायक को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी हाल में कुछ दिन पहले सरकार ने 80 ट्राली सभी विधानसभा क्षेत्र को दी और सदर विधायक को कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सरकार पूरी तरह दिवालिया हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार रोजगार छीनने वाली सरकार है। जिसने सत्ता में आते ही सात हजार आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। हिमाचल प्रदेश सरकार का मुखिया अब पलट गया है और विधानसभा में कहता है कि हमने कब कहा था कि हम एक साल में एक लाख नौकरियां देंगे। इस मौके पर भाजपा आईटी संयोजक नेकराज ठाकुर व एसटी मोर्चा मोर्चा संयोजक डॉ.आर ठाकुर सहित कई भाजपा पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### अंगलोट स्कूल की एसएमसी रही फर्स्ट

**डलहौजी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत शिक्षा खंड बनीखेत में प्राथमिक पाठशालाओं में उत्कृष्ट कार्य कर रही विद्यालय प्रबंधन समितियों को सम्मानित करने के लिए खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दो दिवसीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मनी बहादुर थापा ने शिरकत की। खंड के अंतर्गत आने वाले सभी केंद्रों से चुन कर आई विद्यालय प्रबंधन समितियों में राजकीय प्राथमिक पाठशाला अंगलोट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जबकि राजकीय प्राथमिक पाठशाला कैल को द्वितीय व राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बलेरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न पाठशालाओं से आये हुए प्रबंधन समितियों के सदस्यों को जागरूक करने हेतु एक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें देव राज व विनय जसवाल ने स्त्रोत व्यक्तियों के रूप के भूमिका निभाई।

# माध्यमिक वर्ग में बिहारी, उच्च वर्ग में कांडी स्कूल की एसएमसी प्रथम

## सुंडला में सर्वोत्तम स्कूल प्रबंधन समिति सम्मान समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुंडला**

शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत रावमा विद्यालय सुंडला में सर्वोत्तम स्कूल प्रबंधन समिति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता खंड परियोजना अधिकारी व प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंडला धर्म सिंह द्वारा की गई। इसमें माध्यमिक वर्ग के राजकीय माध्यमिक पाठशाला बिहारी की विद्यालय प्रबंधन समिति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


सर्वोत्तम स्कूल प्रबंधन समिति सम्मान समारोह के दौरान मौजूद विभिन्न स्कूलों के एसएमसी सदस्य व अन्य।

उच्च विद्यालय कांडी की प्रबंधन समिति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन समिति में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंडला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल की भूमिका में मदन कुमार कार्यकारी प्रधानाचार्य राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मलाल राजेश बसंत उपप्रधानाचार्य राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंडला तथा पवन कुमार टीजीटी उच्च विद्यालय कांडी उपस्थित रहे।

इस मौके पर स्थानीय विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष अजय कुमार व पंचायत प्रधान दीपराज उपस्थित रहे। जबकि अध्यापकों में राकेश कुमार, संजय कुमारी, अनिता कुमारी, ललित ठाकुर, अंजू बाला रमेश कुमार, रीता कुमारी, महेंद्र कुमार, किरण कुमारी, जगदीश कुमार, संजय कुमार, हेमराज, सोहन सिंह उपस्थित रहे। शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के सीआरसी भी उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस के जिला सचिव बने शिशु कुमार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

यूथ कांग्रेस जिला चंबा का जिला सचिव बनाए जाने पर शिशु कुमार ने पार्टी आलकमान का आभार व्यक्त किया है। अपनी ताजपोश को लेकर नवनियुक्त युकां जिला सचिव शिशु कुमार ने कहा कि वह बेहद गर्व महसूस कर रहे है कि युवाओं के नेतृत्व के लिए पार्टी द्वारा उन्हें इस काबिल समझा गया।

इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, एचपीसीसी की वर्तमान अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, पूर्व वन मंत्री एवं मत्स्य मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अमित भरमौरी, यूथ कांग्रेस प्रभारी विनीत कंबोज, सह प्रभारी योगेश हांडा, वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस यूथ अध्यक्ष निगम भंडारी, जिला चंबा के यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष सुनाभ सिंह पठानिया, जिला



- नियुक्ति पर पार्टी आलाकमान का जताया आभार

प्रभारी जितेंद्र धीमान, युवा कांग्रेस भरमौर पांगी के अध्यक्ष श्याम सिंह सहित यूथ कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी ऑर्गेनाइजेशन व चंबा कांगड़ा लोकसभा के प्रभारी उत्तम ठाकुर का आभार जताया है। जिन्होंने कि मुझे इस जिम्मेदारी को निर्वहन करने योग्य समझा है।जिसके चलते वह समस्त पार्टी पदाधिकारियों को अश्वस्त करते है कि पार्टी व युवाओं के उत्थान के लिए वह हरसंभव कार्य पार्टी निर्देशानुसार करेंगे।

## खुंदेल में रविदास जयंती पर बोले अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सोई

# प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों को घर-घर पहुंचाएं

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भारतीय जनता पार्टी मंडल भरमौर ने संत रविदास जयंती बटोत के खुंदेल बूथ में बड़ी धूमधाम से मनाई। इस दौरान एक बैठक भी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष अश्वनी कुमार सोई ने की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष अश्वनी कुमार सोई ने कहा कि सर्वप्रथम सभी को गुरु रविदास जयंती की हार्दिक शुभाकनाएं। वहीं उन्होंने बैठक की कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए कहा कि लोस चुनाव की उल्टी गिनती लगभग शुरू हो चुकी है। जिसके लिए हर पदाधिकारी व सदस्य को अभी से सक्रिय होना पड़ेगा। जिसमें केंद्र सरकार की जनहित व प्रदेश सरकार की



बैठक के दौरान गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा मंडल भरमौर के पदाधिकारी व सदस्य।

जनविरोधी नीतियों को घर-घर पहुंचाना है। वहीं बूथ स्तर पर हर कार्यकर्ता को पार्टी दायित्व सौंपा जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार लोस चुनाव में पीएम मोदी के नेतृत्व में हैट्रिक अवश्य लगाएगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद ठाकुर, उपाध्यक्ष बालकृष्ण, ओम राज, सुनील कुमार, मीडिया प्रभारी संजय कुमार, दलीप तथा भाजपा कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।

# भाजपा नहीं पड़ती आंकड़ों के चक्कर में : शिशु गुप्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भाजपा की सरकार अबकी बार 400 पार करके ही थमेगी। बीजेपी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के तहत नया नारा तैयार किया है। बीजेपी अबकी बार 400 पार सीटों पर जीत का परचम लहराएगी। यह बात भाजपा जिला मीडिया प्रभारी चंबा शिशु गुप्ता ने कही। गुप्ता ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी देश की बागडोर संभालएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा आंकड़ों के चक्कर में नहीं पड़ती लेकिन देश के मिजाज को देखते हुए हम ये कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बार देश की जनता ने राजग को 400 सीटें दिलवा कर भाजपा को 370 सीटें दिलवाने का मन बना लिया है। वही प्रदेश में कांग्रेस सरकार की नाकामियों से, झूठे वादों से प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है। झूठी गारंटियों झूठे वादों से प्रदेश और देश की जनता एक बात अच्छी



तरह से समझ चुकी है कि देश में सिर्फ एक ही गारंटी चलती है और वो है मोदी की गारंटी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का पिछला कार्यकाल महत्वपूर्ण उपलब्धियों भरा रहा। जिसे देश की जनता जान चुकी है। जिसमें धारा 370 हटाने से लेकर 500 वर्ष पश्चात श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण करवाना अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण रहा। इसी के साथ देश के हर वर्ग के लिए विभिन्न योजनाये शुरू करवाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। अब देश की जनता जान चुकी है अब केवल देश में एक ही सरकार है जो बिना किसी भेदभाव के देश के हर वर्ग का एकसमान विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### जैव उर्वरकों के बारे में जागरूक किए किसान

**चंबा।** हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान द्वारा जैविक खेती में माइकोराइजल जैव उर्वरकों का उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र सरू में किया गया। जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक एवं वैज्ञानिक शिमला डॉ. अश्वनी तपवाल व कंचन देवी महानिदेशक भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून व हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर किसानों को जैविक खेती में माइकोराइजल जैव उर्वरकों का उपयोग पर जागरूक किया गया। डॉ. संदीप शर्मा निदेशक हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान ने खेती में खाद और वर्मी कंपोस्ट तैयार करने की प्रक्रिया को समझाया। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में चंबा जिले के 80 किसानों ने भाग लिया और जानकारी हासिल की।

**बैठक** | चुराह कांग्रेस की बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं से आह्वान

# लोकसभा चुनावों के लिए कस लें कमर: अश्वनी

**अनंत ज्ञान, तीसा**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चुराह की बैठक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह कॉलोनी मोड़ तीसा में आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नव मनोनित कार्यकारी अध्यक्ष जस्सा राम भारद्वाज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी आलाकमान द्वारा अश्वनी ठाकुर को दोबारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष व जस्सा राम भारद्वाज को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किए जाने पर सम्मानित किया।

इसके उपरांत बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए विस्तृत रूप रेखा तैयार की गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर व कार्यकारी अध्यक्ष जस्सा राम भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं से


बैठक से पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी।

आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अभी से पार्टी के प्रचार प्रसार में जुट जाने का आह्वान किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व वाली प्रदेश की कांग्रेस ने अब तक के सवा वर्ष के कार्यकाल के दौरान जन कल्याण की कई योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा की विगत वर्ष बरसात से प्रदेश में हुए भारी नुक्सान के बावजूद प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के विकास को प्रभावित नहीं होने दिया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दिलदार अली, प्रदेश कांग्रेस सचिव नरेंद्र शर्मा, कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष त्रिलोक कुमार, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष परवेज अली, जिला महासचिव महेंद्र पाल, प्रवेश ठाकुर व धारो देवी, चुराह चुनाव क्षेत्र के सेवादल अध्यक्ष पवन ठाकुर, चुराह कांग्रेस के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव जन्म सिंह ठाकुर व धर्म पाल अत्री, चुराह युकां उपाध्यक्ष लेखराज, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता कैप्टन योगराज व ध्यान सिंह सहित व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मौसम ने एक बार फिर बदली करवट, लाहौल-स्पीति व कुल्लू में बर्फबारी शुरू

**कमलेश वर्मा, केलांग**

शनिवार सुबह कुल्लू व लाहौल - स्पीति जिला में हल्की धूप निकली लेकिन दोपहर बाद फिर से रोहतांग सहित शिंकुला व बारालाचा दर्रे सहित लाहौल के निचले क्षेत्रों में बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया।

वहीं, मनाली के पर्यटन स्थल हामटा, सेथन, राहनीनाला, मढ़ी, राहलाफाल, गुलाबा, कोठी, अंजनी महादेव, सोलंगनाला, धुंधी व टनल के दोनों छोर में बर्फबारी हो रही है। लाहौल सहित मनाली प्रचंड शीतलहर की चपेट में आ गई है। शिंकुला व बारालाचा दर्रे सहित लेडी ऑफ केलंग, सेवन सिस्टर पीक, छोटा व बड़ा शीघ्री ग्लेशियर में भी बर्फबारी हुई है।

दूसरी ओर मनाली की ऊंची चोटियों सेवन सिस्टर पीक, मकरवे आदि चोटियां भी बर्फ से सफेद हो गई हैं। डीएसपी मनाली कड़ी शर्मा ने बताया कि मनाली के सभी पर्यटन स्थलों में बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया है।

समय लाहौल घाटी के लिए फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही सुचारू रही ।रविवार को सोलंगनाला की ओर पर्यटकों की आवाजही मौसम पर निर्भर करेगी।

## वीकेंड पर बढ़ी पर्यटकों की चहलकदमी

**सप्ताहांत** के चलते पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ गई है। शुक्रवार व शनिवार को 100 से अधिक लग्जरी बसों सहित 1200 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे हैं। पर्यटन नगरी मनाली के उंचाई वाले पर्यटन स्थलों में हर रोज बर्फ के फाहे गिर रहे हैं। सुहावने मौसम के बीच पर्यटन कारोबार ने भी रफ्तार पकड़ ली है। सप्ताहांत में होटलों में आक्यूपेंसी 65 प्रतिशत के पार हो गई है। पर्यटन कारोबारी मनु शर्मा, मोहन, प्रणव ठाकुर सहित अन्य ने बताया कि इस बार विंटर सीजन के शुरूआती दिनों में मौसम मेहरबान नहीं हुआ लेकिन फरवरी का माह पर्यटन की दृष्टि से बेहतर रहा है।

उन्होंने कहा कि सप्ताहांत के चलते होटलों में आक्यूपेंसी 65 प्रतिशत पहुंच गई है। सभी स्तरीय होटलों में पर्यटन क़ारोबार बेहतर चल रहा है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि सप्ताहंत के चलते मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है और पर्यटन कारोबार भी बेहतर चल रहा है। उन्होंने बताया कि पहाड़ों पर हो रहा बर्फबारी पर्यटक के लिए संजीवनी का काम कर रहा है।



लाहौल की तिनन घाटी में मस्ती करता बच्चा।

## बर्फ के फाहों में झूमे सैलानी

**पर्यटन** नगरी मनाली के पर्यटन स्थल सोलंगनाला में गिरे बर्फ के फाहों के बीच सैलानी झूम उठे। शनिवार दोपहर बाद मौसम फिर से खुशनुमा हो गया। सोलंगनाला में गिरे बर्फ के फाहे गिरते देख पर्यटक उत्साहित हो उठे। कड़ाके की ठंड के बीच सैलानियों ने सेल्फी ली और बर्फ के फाहों में झूमें।

सोलंगनाला में गत दिनों हुए बर्फबारी से तीन फुट बर्फ के ढेर लगे हैं। अधिकतर पर्यटकों ने शनिवार सुबह सोलंगनाला का रुख किया। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार शनिवार को सोलंगनाला गए पर्यटकों को बर्फ के फाहों के दीदार हो गए। पर्यटकों ने सोलंगनाला में बर्फ के बीच खूब मस्ती की।


केलांग में हनुमान मंदिर के पास बिछी बर्फ की चादर।

# प्रधानमंत्री की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : सुनील



शमशी में युवा चौपाल अभियान की बैठक के दौरान पदाधिकारी व अन्य सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो**

युवा चौपाल अभियान की बैठक शमशी में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जनेश ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी सुनील नेगी, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव पृथ्वी राज ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र ठाकुर, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रणवीर,दिनेश राजपूत जिला महामंत्री यान चंद, चिराग ठाकुर सहित जिला पदाधिकारी, सदस्य, चारों मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे।

इस विशेष बैठक में भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा सुनील नेगी ने जिला कुल्लू युवा मोर्चा की तैयारियों के अवलोकन तथा उसमें तेजी लाने के संबंध में विशेष चर्चा की।

सुनील नेगी ने बताया कि इस समय देश में अमृत काल चल रहा है, देश अपनी सांस्कृतिक विरासत को तेज गति से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने 2024 के बाद अपने तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को पहले तीन में लाने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत गौरवमयी पुरातन संस्कृति व वैभव को प्राप्त कर रहा है।

सुनील नेगी ने कहा कि अब बारी हम सब युवाओं की है कि हम ऊर्जा के साथ कमर कस कर जन-जन तक देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व क्षमता व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए ताकि भाजपा इस बार 400 का लक्ष्य पार कर सके। सुनील नेगी ने बताया कि आने वाले लोक सभा चुनावों प्रदेश में भी भाजपा चारों सीटें जीतेंगी ।

### ऊझी घाटी के देवता नाग धुंबल की फागली का आगाज , देउ करूडू रूप में निभाई रस्में, सात दिन चलेगी फागली

# दशहरे में अहम भूमिका निभाते हैं देवता नाग धुंबल

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू में देवता नाग धुंबल की फागली का आगाज हो गया है। ऋषि जमदग्नि ऋषि के देव घरों (वह स्थान जहां जहां ऋषि जमलू विराजमान हैं) सहित 18 नागों के स्थानों पर भी फागली उत्सव मनाया जाता है। वहीं, उझी घाटी के हलाण-दो में मनाई जाने वाली फागली अलग-अलग दिनों में मनाई जाती है।

घाटी के आराध्य देव नाग धुंबल जो दशहरा उत्सव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उनकी हलाण फागली सात दिन तक मनाई जाती है। उधर, देउलु दुर्गम स्थानों का सफर कर बगाणी गांव पहुंच गए हैं। साथ ही हलाण-2 के आराध्य देवता नाग धुंबल फागली उत्सव मनाने के लिए अपने देवलुओं सहित बगाणी गांव के लिए रवाना हुए।

यह गांव उनके मंढार गृह (जहां देवता रथ या सूक्ष्म रूप में विराजमान रहते हैं) से करीब आठ किलोमीटर दूर है। देवता नाग धुंबल अपने करूडू में विराजमान होकर ऊंचाई पर स्थित तराशी, दचाणी, मेहा, डमचीण के दुर्गम रास्तों से होते हुए बगाणी पहुंचे।

बगाणी में देउलुओं को राब (अरबी के पत्ते) पर मक्की, कोदरे की रोटी के साथ नमक और मिर्च का पाउडर के साथ खाने को दी गई। शाम के समय देवता के गुर के माध्यम से जौरे (जौ का घास) को लोगों के भीड़ में फेंका गया, जिसका देव समाज में बहुत महत्व है। रविवार सुबह देवता करूडू रूप में मंढार गृह के लिए प्रस्थान करेंगे तथा वहां पहुंचने के पश्चात करूडू को अगले साल तक के लिए विधि विधान के साथ स्थापित किया जाएगा।

### करूडू का महत्व

कुल्लू दशहरा हो या उझी घाटी का कोई त्योहार देवता नाग धुंबल रथ में ही विराजमान रहते हैं, लेकिन साल में एक बार इस फागली के लिए देवता अपने करूडू में विराजमान होते हैं। बुजुर्गों के अनुसार कुछ समय पूर्व तक क्षेत्र में काफी अधिक बर्फ पड़ती थी और फागली के लिए देवता को हलाण 2 से बगाणी का लंबा व दुर्गम सफर तय करना पड़ता था। जिस कारण देवलुओं को फागली के लिए रथ ले जाने में काफी मुश्किल होती थी, इसलिए इस फागली के लिए करूडू को तैयार किया जाता हैं। क्योंकि रथ को 2 व्यक्तियों द्वारा आगे व पीछे से उठाया जाता है। जबकि करूडू को केवल एक व्यक्ति पीठ पर उठाता है। जिससे चलना आसान रहता है। (अनंत ज्ञान)


देवता नाग धुंबल करडू रूप में विराजमान।

### दो बार फेंका जाता है जौरा

**उझी** घाटी के अधिष्ठाता देवता नाग धुंबल की फागली मनाने का तरीका अलग है। देवता आदेशानुसार जौ के बीजों को नगाल (लकड़ी) के टोकरे में उत्पन्न किया जाता है। जिसका रंग पीला होता है, पीले होने का कारण बोए हुए बीजों को धूप की किरणों से दूर रखा जाता है। जिला के अन्य स्थानों पर जौरा एक बार फेंका जाता है। वहीं, देवता नाग धुंबल की फागली में जौरा दो बार फेंका जाता है। बगाणी में पूजा के बाद जौरा देवता की सौह (प्रांगण) में शाम के समय फैंका जाता है। जिसे देवता के गुर फेंकते हैं। जिसे पकड़ने के लिए सैकड़ों ग्रामीण व देउलू पकड़ने की कोशिश करते हैं। जिसके हाथ जौरा आता है, उसके लिए साल बहुत शुभ माना जाता है।

### रथ में विराजमान शक्तियों का पूजन

**सातवां** दिन फागली का महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन सायंकाल में नाग धुंबल के गुर के द्वारा पहले देव खेल की जाती है। इस दौरान उपस्थित सभी देवताओं के गुरों के साथ नाग धुंबल के गुर रथ में विराजमान सभी शक्तियों का पूजन करते हैं तथा गुर के माध्यम से जौरे को देवलुओं के मध्य फेंका जाता है। हमने जैसा आपको पहले बताया कि जौरे का देव समाज में अत्यधिक महत्व है की अगर कोई श्रद्धालु इसे पकड़ता है तो उसके लिए आने वाला साल शुभ रहता है और अगर यह जमीन पर गिरता है तो उस साल फसल आदि अच्छे होने के संकेत होते है।

### मंगल या शनि को होती है फागली की शुरुआत

**यहां** फागली देवता नाग धुंबल के स्थान हलाण-दो से शुरू न होकर बगाणी से शुरू होती है, लेकिन इसका समापन हलाण-दो में होता है। नाग धुंबल अपनी फागली का जौरा फेंकने के लिए बगाणी जाते हैं और उसके बाद हलाण-दो में देवता जड़ीनान का जौरा फेंका जाता है। नाग देवता की फागली की एक विशेषता यह है कि यहां फागली मंगलवार या शनिवार को ही शुरू होती है।

### देवी-देवता भी होते हैं शामिल

छठे दिन घाटी के देवी-देवताओं का आगमन होता है और देव परंपराओं के अनुसार सभी देवी-देवताओं का मिलन होता हैं। देवताओं के मिलन की प्रतीक देव खेल का आयोजन होता हैं। जिसमें देवता के गुर मुख्य भूमिका निभाते हैं। देवता के कारदार जवाहर लाल ने बताया कि देवता के करूडू को विशेष तौर पर तैयार किया जाता है और यह करूडू साल में सिर्फ इस उत्सव को मनाने के लिए तैयार किया जाता है। फागली का आगाज बगाणी तथा समापन हलाण-दो में होता है।

### जौरा जमीन पर गिरे तो फसल होती है अच्छी

यदि जौरा जमीन पर गिर जाए तो फसल अच्छी होती है। मान्यतानुसार जब सृष्टि की रचना हुई उस समय जौ का दाना सबसे पहले पृथ्वी पर गिर था। उसके अगले दिन देवता करूडू रूप में वापस अपने मंढार गृह की ओर प्रस्थान करते हैं।

### जगतसुख में खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

# वॉलीबॉल में गांव नसोगी प्रथम

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली की जगतसुख पंचायत में ऋषि युवक मंडल जगतसुख ने नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के सौजन्य से जगतसुख में खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रस्सा कसी व बालीबॉल आदि प्रतियोगिता करवाई गई। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गांव नसोगी, द्वितीय

ऋषि बॉयज जगतसुख की टीमें रहीं। रस्साकसी प्रतियोगिता मे वैष्णवी स्वयं सहायता समूह जगतसुख रही। सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन मे मुख्यातिथि ग्राम पंचायत प्रधान जगतसुख बुध राम, वार्ड पंच प्रकाश शर्मा, महेंद्र पाल उपस्थित रहे और युवाओं को पुरस्कृत व मार्गदर्शन दिया। युवक मंडल प्रधान कमलेश, सचिव नवीन कायस्था, कोषाध्यक्ष देवेंद्र व सभी युवक मंडल के सभी सदस्यों ने आयोजन में भाग लेने पर सभी का हार्दिक आभार जताया व भविष्य में ऐसे आयोजनों में भाग लेने का आग्रह किया।


जगतसुख में खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता के दौरान विजेता टीम।

# जस्पा ने नाकामियां छुपाने के लिए दिया इस्तीफा : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति कांग्रेस कमेटी के महासचिव संजय कटोच ने कहा है कि सुदर्शन जस्पा ने अपनी नाकामियां छुपाने के लिए लाहौल पोटेटो सोसायटी के चेयरमैन पद से इस्तीफा दिया है।



जस्पा द्वारा अपने इस्तीफे को लेकर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए संजय कटोच ने कहा है कि जस्पा द्वारा यह कहा जाना बिल्कुल गलत है कि उनको पद से हटाए जाने के लिए विधायक रवि ठाकुर ने दबाव बनाया था। विधायक की ओर से किसी भी तरह का कोई दबाव नही, बल्कि सच्चाई यह है कि अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए उन्होंने इस्तीफा दिया है।

कटोच ने कहा कि जस्पा अपनी नाकामियों का ठिकरा विधायक के सिर पर फोड़ना चाहते हैं जबकि सच्चाई यह है कि विधायक रवि ठाकुर ने कभी किसी के साथ आज तक कभी कोई पक्षपात नहीं किया है क्योंकि सोसायटी में दूसरे दलों के भी डायरेक्टर हैं।

# कुल्लवी संस्कृति को गीतों के संग्रह से बचाने का प्रयास : डॉ. विद्यासागर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के लोक कलाकार जीवन बुडाल की कुल्लवी नाटी वॉल्यूम जीरो-एक एलबम का शनिवार को शास्त्रीय संगीत गुरु एवं गोल्ड मेडलिस्ट हारमोनियम वादन डॉ. विद्या सागर ने विमोचन किया।

इस मौके पर डॉ. विद्या सागर ने बताया कि इस नाटी एलबम में 12 पुरानी नाटियों का संग्रह है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक कुल्लवी संस्कृति को गीतों के संग्रह से बचाने का प्रयास किया गया है और इस प्रयास से युवा समृद्ध कुल्लवी नाटी के तौर-तरीकों से अवगत होंगे। युवा जितने पारंपरिक कुल्लवी संस्कृति को जानेंगे उतना ही इसके संरक्षण में मदद मिलेगी। उन्होंने इसके लिए लोक कलाकार जीवन बुडाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं, इस मौके पर जीवन बुडाल ने कहा कि वे पारंपरिक कुल्लवी नाटी के संरक्षण पर काम कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कुल्लवी नाटी वोल्यूम जीरो एक एलबम बनाई है। इसमें पारंपरिक 12 गीतों का संग्रह है। उन्होंने कहा कि एलबम में पारंपरिक कुल्लवी गीत भेड़े ता चौडू ठूलडू, भाउआ रुपिये, धारी बी ता धारी शैता चेलुआ, देश शोभला हिमाचल म्हारा, लाल चिडिये सेरी बे जाना, ठंडे हिउये रा पाणी, ऐजे म्हारी मनाली, थिंपू चित्रा पौटू, शामिल किए गए हैं।



कुल्लवी नाटी वॉल्यूम जीरो-एक एलबम का विमोचन करते हुए।

# एनटीपीसी ने पावरग्रिड को हराकर जीता टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (पीएससीबी) के तत्वावधान में एनएचपीसी ने गुरुग्राम में 19-24 फरवरी 2024 तक आयोजित 23वें अंतर-सीपीएसयू टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलतापूर्वक मेजबानी की। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 24 फरवरी को पावरग्रिड और एनटीपीसी के बीच खेला गया। एक रोमांचक फाइनल मैच में एनटीपीसी ने पावरग्रिड को 3 रन से हराया और 23वें अंतर-सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 के चैंपियन के रूप में विजयी हुई। टूर्नामेंट में पावरग्रिड की टीम पहले तथा बीबीएमबी टीम दूसरे रनर अप स्थान पर रही। उत्तम लाल निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। उत्तम लाल ने अपने संबोधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल भावना का प्रदर्शन करने के लिए सभी टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां स्वस्थ दिमाग और शरीर के विकास के लिए आवश्यक हैं। उत्तम लाल ने सभी टीमों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए एनएचपीसी अधिकारियों की भी सराहना की। टूर्नामेंट में विद्युत मंत्रालय, एनएचपीसी, टीएचडीसी, नीपको, बीईई, डीवीसी, सीईए, एनटीपीसी, पावरग्रिड, पीएफसी, एसजेवीएनएल, बीबीएमबी और आरईसी सहित कुल 14 टीमों ने भाग लिया। सीईए के मनीष शर्मा और बीबीएमबी के संजीव परमार को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया।


सीपीएसयू टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता एनटीपीसी टीम के साथ।

# एचआईवी और एड्स अलग-अलग, जागरूकता जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

नेहरू युवा केन्द्र के सौजन्य से जेकेएम युवा मंडल शिरढ़ द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर शिक्षा एवं सम्प्रेषण अधिकारी निर्मला महन्त विशेष अतिथि रही।

उन्होंने जानकारी देते हुए यह कहा कि एचआईवी एड्स एक ऐसा संक्रमण है जो विभिन्न तरह से एक दूसरे तक फैलता है। उन्होंने गांव वासियों को इसके अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एचआईवी एड्स से होने वाले हानिकारक रोग, संक्रमण और इसके इलाज के बारे में अवगत करवाया और इसके फैलने वाले कारकों के बारे में लोगों को जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एचआईवी और एड्स अलग - अलग है। उन्होंने इससे बचने की जानकारी दी कहा कि सभी लोगों को ऐसे जागरूकता में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व ग्रामीण।

### शिरढ़ में लगाया जागरूकता शिविर

इसी बीच जेएमके युवा मंडल के प्रधान गणेश ने जानकारी देते हुए कहा कि इस एचआईवी-एड्स जागरूकता का सफल आयोजन जिला नेहरू युवा केन्द्र कुल्लू के द्वारा गांव शिरढ़ से किया गया। जिसने गांव के विभिन्न लोगों, महिला मंडल, बुजुर्ग, युवक मंडल के सदस्य, दिवान, मुकुल, मोहित, अनुज अभिषेक के साथ साथ मोहित, तेज राम, विष्णु, जोगिन्द्र, चेत पादित्य, कृष्ण गोपाल, दीपक उपस्थित रहे।

### टूर्नामेंट | खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

# गुलमर्ग में छाई हिमाचल की टीम, आठ पदक पर कब्जा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

खेलों इंडिया शीतकालीन खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। दूसरे दिन जहां महिला वर्ग के ज्वाइंट सलालम में सभी तीनों पदक हिमाचल की खिलाड़ियों ने अपने नाम किए। वहीं, तीसरे दिन महिला वर्ग के स्नो बोर्ड में हिमाचल ने तीनों पदक पर कब्जा किया है।

प्रीति ठाकुर ने स्वर्ण, प्रकृति ठाकुर ने रजत व दीपिका ठाकुर ने कांस्य पदक जीता है। इसके अलावा पुरुष वर्ग में जाइंट सलालम में प्रणव ठाकुर ने सिल्वर पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। पहले दिन हालांकि शुरूआत में हिमाचल को सफलता नहीं मिली लेकिन दूसरे व तीसरे दिन महिला वर्ग के जाइंट सलालम में हिमाचल के खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आंचल ठाकुर का दबदबा गुलमर्ग में भी कायम है। आंचल ने स्वर्ण पदक जीता है जबकि तनुजा ठाकुर ने रजत व प्रोमिला ठाकुर ने कांस्य पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। हिमाचल की टीम ने रिले स्की माउंटनेरिंग में स्वर्ण पदक जीता है। इस टीम में नताशा, महिमा, साक्षी व शबनम शामिल हैं। गौर रहे कि 21 से 25 फरवरी तक आयोजित हो रहे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2024 के चौथा संस्करण के दूसरे चरण में हिमाचल प्रदेश के 51 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के जौहर दिखा रहे हैं।


अल्पाइन स्कीइंग में पदक जीतने वाली हिमाचल की तीन महिला खिलाड़ी।

### आंचल ठाकुर गुलमर्ग में भी छाई रहीं

### गुलमर्ग में विभिन्न शीतकालीन खेलों का हो रहा आयोजन : लुदर ठाकुर

**हिमाचल** प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने बताया कि गुलमर्ग में विभिन्न शीतकालीन खेलों का आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि गुलमर्ग में विभिन्न खेलों स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, नॉर्डिक स्की और गंडोला जैसे खेलों का आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि हिमाचल की टीम ने अब तक आठ पदक अपने नाम कर लिए हैं।

# नशाला में अवैध शराब बरामद

**मनाली।** नशाला में एक ढाबे से तीन लीटर अवैध शराब बरामद हुई है। पुलिस थाना मनाली के अंतर्गत आते नशाला गांव में पुलिस गस्त के दौरान नेपाल मूल की महिला हीरा देवी पत्नी लोकेंद्र वाठा जो नशाला में किराए के मकान में रहती है, ढाबा चलती है उसके ढाबे से 3 लीटर नाजायज शराब (लाहण ) बरामद हुई।

पुलिस ने इस मामले में आबकारी एवं कराधान अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी न्यायलय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायालय द्वारा रिहा कर दिया गया। डीएसपी मनाली ने नशे को खत्म करने के लिए लोगों के सहयोग की अपील की है ताकि नशे को खत्म किया जा सके।

# महिलाओं को दी केंद्र की योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा द्वारा पूरे देश में आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जन जन तक केंद्र सरकार की नीतियों व योजनाओं को पहुंचाने के लिए विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। इस दौरान लारजी में भारतीय जनता महिला मोर्चा मंडल बंजार द्वारा शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 के करीब महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूहों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को विधायक द्वारा सम्मानित भी किया गया।


कार्यक्रम के दौरान विधायक सुरेंद्र शौरी संबोधित करते हुए।

# रंगस-जोलसप्पड़ पंचायतों में पेयजल सप्लाई बंद

## कुनाह खड्ड में गंदगी फेंकने से पानी हुआ प्रदूषित, जांच को भेजे सैंपल

**अनंत ज्ञान, रंगस**

जोलसप्पड़ इलाके की कुनाह खड्ड में गंदगी फेंक कर खड्ड में बह रहे पानी को प्रदूषित करने के चलते शनिवार को रंगस और जोलसप्पड़ पंचायतों में पेयजल आपूर्ति बंद रही, जिस कारण लोगों को पेयजल की दिक्कत झेलनी पड़ी। वहीं पुलिस की टीम ने जलशक्ति विभाग के साथ मिल कर पानी के सैंपल भी एकत्र किए और लैब में भिजवाए। वहीं जलशक्ति विभाग पहले ही सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भिजवा चुका है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को शाम 6.30 बजे के करीब कुनाह खड्ड का पानी गंदा बहने लगा, जिस पर शाम की ड्यूटी करने पहुंचे पंप हाउस कर्मचारियों को पानी में कुछ समस्या लगी, तो उन्होंने इसकी जानकारी जलशक्ति विभाग के सुपरवाइजर जोगिंद्र कुमार को दी और उन्होंने इसकी सूचना जेई और आला अधिकारियों को दी।

उच्चाधिकारियों ने तुरंत इस पर कार्रवाई करते हुए फिलहाल पंप हाउस को न चलाने के निर्देश जारी कर दिए और इसकी सूचना पुलिस को दी। जलशक्ति विभाग और पुलिस विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची और रात को ही पानी गंदा होने की जांच शुरू कर दी, हालांकि पेयजल स्कीम पानी गंदा होने के समय बंद थी, जो कि रात को नौ बजे चलाई जानी थी। गत वर्ष पूर्व इसी खड्ड का पानी प्रदूषित होने के चलते इलाके के करीब 1300 से ऊपर लोग इसकी चपेट में आए थे।



जोलसप्पड़ इलाके की कुनाह खड्ड में बहता गंदला पानी।

> तेलकड़ गांव के पास फोरलेन का काम चलने के कारण एक नाला बंद हो गया था, जिसमें काफी दिनों से सड़ा पानी रुका हुआ था। निर्माण में लगी कंपनी द्वारा इसे देर शाम को खोल दिया गया, जिस कारण यह समस्या पेश आई। पानी के प्रदूषित होने का पता चलते ही रंगस और जोलसप्पड़ पेयजल स्कीमों को बंद कर दिया गया। पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेजे गए हैं, कुछेक सैंपलों की रिपोर्ट शाम तक आ जाएगी और कुछेक की 24 घंटे बाद। पानी के सैंपलों की जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही पेयजल आपूर्ति को बहाल किया जाएगा।
>
> -अमित चौधरी, एसडीओ, जलशक्ति विभाग, नादौन

## प्रदेश में विधायक ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनमानस का क्या होगा : राजेंद्र राणा

**सुजानपुर।** हिमाचल जैसे शांति प्रिय प्रदेश में गुंडागर्दी मारपीट करने वाले कौन लोग हैं, कौन ऐसे लोग हैं जो विधायकों को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। कौन लोग हैं जो इस तरह का काम करवा रहे हैं। तमाम विषयों को हिमाचल विधानसभा में सोमवार को उठाया जाएगा। सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश के लिए शर्मनाक बात है कि हिमाचल जैसे शांति प्रिय प्रदेश में इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने इन दोनों घटनाओं की निंदा करते हुए इसमें संलिप्त लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि विधायक सुधीर शर्मा को जान से मारने की धमकी मिल रही हैं। बिलासपुर के पूर्व विधायक के साथ मारपीट की गई है। बीते दो दिनों में यह दो घटनाएं सामने आई हैं। हिमाचल प्रदेश में अराजकता का माहौल क्यों बन रहा है। ऐसे लोगों के ऊपर पुलिस सख्त कार्रवाई करे और उनके चेहरे सामने लाए। विधायक ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज प्रदेश में विधायक और पूर्व विधायक ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनमानस का क्या होगा, यह गहन चिंता की बात है।

## राम-सीता की रंगोली बनाकर मुस्कान व कनिका प्रथम



प्रथम स्थान पाने वाली मुस्कान व कनिका प्रधानाचार्य के साथ।

**भरेड़ी।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में अप्पर प्राइमरी के बच्चों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छठी से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान व कनिका ने भगवान राम और सीता की सुंदर रंगोली बनाकर प्रथम व राधिका और आकांक्षा ने मधुबनी पेंटिंग कर द्वितीय स्थान हासिल किया। समृद्धि और कृतिका ने पृथ्वी बचाओ पर रंगोली बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य डॉ. ओंकार सिंह भाटिया ने कहा कि सरकार व शिक्षा विभाग बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए अनेक प्रतियोगिताएं करवा रहा है। इससे बच्चों की प्रतिभा को परखने का अच्छा अवसर प्राप्त हो रहा है।

## कांग्रेस अपनों को, भाजपा देश को मजबूत करती है : अनुराग



पहाड़ी महिला संगीत कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर व अन्य।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बड़सर विधानसभा के हारमा मंदिर में पहाड़ी महिला संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडलों द्वारा पहाड़ी लोक नृत्य के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान किया। महिला मंडलों ने पहाड़ी संगीत के माध्यम से केंद्रीय योजना का संदेश आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को देशहित की जगह अपने लोगों के उत्थान के लिए कार्य करती है, जबकि भाजपा देश को मजबूत करने के लिए कार्य करती है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा हिमाचल की चारों सीटों पर परचम लहराएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री द्वारा पहाड़ी संगीत कार्यक्रम में भाग लेने वाले महिला मंडलों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## अब सुधरेंगे खास गलोड़ गांव के रास्ते और गलियां

**गलोड़।** गलोड़ तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत खास गलोड़ के गांव के रास्ते व गलियों को सुधारने के लिए पंचायत ने अभियान शुरू कर दिया है। पंचायत प्रधान संजीव शर्मा और इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चार लाख रुपए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा व दो लाख रुपए 14वें वित्त आयोग से पंचायत में आ चुके हैं और अब कागजी कार्रवाई शुरू की जा रही है। इस अभियान को शुरू करने से पहले इंटक फेडरेशन के राज्य उपाध्यक्ष संतोष कुमार जो कि इसी पंचायत के निवासी हैं उनके साथ पंचायत प्रधान ने गांव वासियों को साथ लेकर गांव के मुख्य रास्तों का सर्वे किया जो रास्ते ज्यादा खराब है। इन रास्तों पर पेवर टाइल बिछाने के लिए शीघ्र कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पूरे गांव के मुख्य रास्ते व गलियों को सुधारा जाएगा। लोगों के गंदे पानी की निकासी के लिए भी अंडर-ग्राउंड नालियों का प्रबंध किया जाएगा। ग्रामीण ठाकुर प्रमोद सिंह, अवतार सिंह, अजय सिंह, देशराज, गुरदास राम, बलवीर चौधरी, रणबीर सिंह व अन्य ने पंचायत प्रधान संजीव शर्मा, इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार का धन्यवाद किया।



पंचायत प्रधान ग्रामीणों के साथ रास्तों का सर्वे करते हुए।

## हाइब्रिड सब्जियों की 'पनीरी' की मांग ज्यादा

### कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा में तैयार हो रही हाइब्रिड सब्जियों की पौध

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा में हाइब्रिड सब्जियों की पौध तैयार हो रही है। किसानों की डिमांड पर इस बार सब्जियों की 45 हजार पौध तैयार की जा रही है। सब्जियों की पौध वैज्ञानिकों की देख-रेख में पॉलीट्यूब में जैविक तरीके से तैयार की रही है। जैविक तरीके से तैयार की गई पौधों की काफी डिमांड रहती है। किसानों को सब्जियों की पौध 15 रुपए के हिसाब से मुहैया करवाई जा रही है। कृषि विज्ञान केंद्र में किसान अपनी डिमांड के मुताबिक सब्जियों की पौध खरीद रहे हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा में कद्दू जैसी सब्जियों की आधा दर्जन पौध तैयार की गई है। सर्दियों व गर्मियों के मौसम में उगाए जाने वाले सब्जियों की पौध जैविक तरीके से तैयार हो रही है जो कि एक माह तक खराब नहीं होगी। इसमें करेला, खीरा, घीया, डानी, रामतोरी और कद्दू का प्रति पौधा 15-15 रुपए में दिया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र में एक-एक सब्जियों की 600-600 पौध पॉलीट्यूब में तैयार हो रही है। उसे बाद अगले 600-600 पॉलीट्यूब की पौध को तैयार किया जा रहा है, ताकि कोई भी पौध खराब न हो सके। कि सान हाइब्रिड बीज की पौध से अश्छी कमाई कर सकते हैं। किसान कृषि विज्ञान केंद्र में जाकर अपनी डिमांड के मुताबिक सब्जियों की पौध खरीदकर अपने खाली पड़े खेतों में लगा सकते हैं।

बताया जा रहा है कि हमीरपुर, कांगड़ा व मंडी जिला के कई मेहनतकश किसान यहां से सब्जियों की पौध ले जाते हैं और इनसे हर वर्ष मोटी कमाई कमा रहे हैं, क्योंकि कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक तरीके से सब्जियों की पौध तैयार होती है, जो कि नष्ट नहीं होती है। उन्हें रोगमुक्त करके ही किसानों को वितरित किया जाता है। कई बार देखने में आया है कि लोग बाजार से सब्जियों की पौध ले जाते हैं, तो वे खेतों या फिर कीचन गाडन में नहीं चल पाती हैं और नष्ट हो जाती हैं। इसके चलते किसानों को काफी नुकसान भी झेलना पड़ता है। यही नहीं अब शहरों में भी सब्जियों की पौध हाइब्रिड के नाम से बिक रही है। जिन्हें दुकानदार मनमर्जी के रेटों से बेच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



> कृषि विज्ञान केंद्र में सर्दियों व गर्मियों के मौसम में उगाए जाने वाले सब्जियों हाइब्रिड पौध तैयार हो रही है। किसानों की डिमांड को देखते हुए 45 हजार सब्जियों की पौधा तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। किसान सब्जियों की पौध की डीमांड और बढ़ेगी तो सब्जियों की और पौध तैयार की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को हाइब्रिड पौध करवाई जाएगी।
>
> -डा. नवनीत जरयाल, मृदा विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा

## शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही प्रदेश सरकार : रामचंद्र

**भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगवाड़ा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार को मनाया गया, जिसमें कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षकों, स्टूडेंट्स और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार शुरू किए हैं। पठानिया ने कहा कि बगवाड़ा स्कूल में बास्केटबाल कोर्ट और सुरक्षा दीवार के लिए शीघ्र ही बजट का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने स्कूल को 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की तथा शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत भी किया। प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की, जबकि स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## डूंगी में ग्रामीणों को दिए डिजिटल बैंकिंग के टिप्स




वित्तीय जागरूकता शिविर में उपस्थित लोग।

**टौणीदेवी।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा टिक्कर खतरियां ने नाबार्ड के सहयोग से वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन डूंगी में किया गया। शिविर में शाखा प्रबंधक मोहिंद्र चौहान ने सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न सुरक्षा योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि के अलावा ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग के बारे में जानकारी दी। लोगों को बताया कि किसी को भी फोन पर अपने ओटीपी की जानकारी न दें। कैंप में स्टाफ सदस्य दिनेश कुमार, अश्विनी कुमार, सुरेंद्र, स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल और अन्य लोगों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### एजेंसी मालिक समय पर नहीं कर रहे गैस सप्लाई

**हमीरपुर।** दि हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके कौड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोहर लाल कानूनगो ने की और निर्णय लिया कि विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च को जिला के किसी गांव में संगठन व जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के सौजन्य से मनाया जाएगा। विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर संगठन के सदस्य व डीएफएससी अपने विभाग की गतिविधियों बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक करेंगे। बैठक में सदस्यों ने खेद प्रकट किया की कोहली के पास पीने के पानी की पाइप पिछले एक माह से टूटी हुई है विभाग जल्द ठीक करे। बैठक में इस बात पर भी चिंता प्रकट की कि गैस एजेंसी के मालिक निर्धारित समय पर उपभोक्ताओं को गैस की सप्लाई नहीं कर रहे हैं जिससे उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं, इसलिए हर स्थान के लिए समय निर्धारित किया जाए। इस अवसर पर युद्ध वीर पठानियाहेमराज शर्मा, अनिरुद्ध डोगरा व संगठन के अन्य उपस्थित रहे।

### पंडोला छिंज मेला आज, माली में सुनहरी गुर्ज

**हमीरपुर।** डुगली डबरेड़ा छिंज कमेटी के सदस्य मनोज कुमार ने बताया कि कमेटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंडोला छिंज 25 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस छिंज मेले में दो माली करवाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें पहलवानों को सुनहरी गुर्ज और नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

### विधायक राणा ने किया सड़क का शिलान्यास



सड़क का शिलान्यास करते हुए विधायक राजेंद्र राणा।

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने नाबार्ड योजना के अंतर्गत दूरदराज की ग्राम पंचायत पुरली में लगभग सात करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली पुरली से रांगडियां-दी-धार सड़क व छह करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाली गांव सीढ़ी-कक्कड़ सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन सड़कों की ग्रामीणों की बहुत ही पुरानी मांग थी। सड़क न होने के कारण क्षेत्र की जनता को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इन क्षेत्रों को काला पानी के नाम से भी छुटकारा मिल गया है। उन्होंने कहा कि हर गांव को सड़क सुविधा मुहैया करवाना उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि सड़कों से होकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के रास्ते खुलते हैं। इस मौके पर विधायक राजेंद्र राणा ने विभागीय अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं को भी सुना तथा अधिकतर का मौके पर निपटारा करने के बाद शेष का शीघ्र समाधान करने के संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# लोगों को संत रविदास के मार्ग पर चलने की जरूरत

### बड़ैहर में धूमधाम के साथ मनाई श्री गुरु रविदास की जयंती



संत रविदास जयंती पर उपस्थित लोग।

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के बड़ैहर में श्री गुरु रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बड़ैहर गांव के लोगों ने झंडा रस्म अदा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर गांव निवासी संजीव ने बताया कि शनिवार को गुरु रविदास मंदिर परिसर में पवित्र झंडा रस्म संगतों द्वारा गुरु का गुणगान करते हुए अदा की गई। उन्होंने कहा कि संत रविदास दयालु और दानवीर थे। संत रविदास ने दोहों और पदों से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। उन्होंने कहा कि जो संदेश उन्होंने समाज को दिया है, आज हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत हैं। इस मौके पर अमर सिंह, ज्ञान चंद, जीतो देवी, संजीव कुमार, रमेश चंद, हेमंत सिंह, भगवान दास, लेख राज, मनीष भारद्वाज, रंजीत सिंह व पुरुषोत्तम मौजूद थे।

### रविदास जयंती पर किया कीर्तन

**नादौन।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती नादौन के रविनगर बटराण में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कीर्तन व सत्संग का भी आयोजन किया, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजकों ने जलेबियों का लंगर लगाया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ गुरु महाराज की आरती से किया गया। जय भीम युवा मंडल समिति तथा सावित्रीबाई फुले महिला मंडल बटराण ने बताया कि संत गुरु रविदास जी महाराज महान संत थे, जिन्होंने प्रेम और सौहार्द का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर गांववासियों द्वारा भजन-कीर्तन तथा कथा का आयोजन किया गया।



संत गुरु रविदास जी को पुष्पांजलि भेंट करते आयोजक।

### गुरु रविदास जयंती पर झंडा रस्म की अदा

**भरेड़ी।** भोरंज के पपलाह में श्री गुरु रविदास की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव वासियों ने झंडा की रस्म भी अदा की और श्रद्धालुओं ने गुरु महिमा का गुणगान किया।

संत रविदास ने दोहों और पदों से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी।



गुरु रविदास जयंती पर झंडा रस्म अदा करते गांववासी।

### बगलामुखी मंदिर बुढाणा कांगू में दंगल 28 को

**नादौन।** नादौन उपमंडल के कांगू कस्बा में स्थित मां बगलामुखी मंदिर के परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 फरवरी को छिंज मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर आदि प्रदेशों के नामी पहलवान हिस्सा लेंगे। यह जानकारी उपप्रधान अश्वनी कटोच ने दी। उन्होंने बताया कि विजेता व उपविजेता पहलवानों को आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।

## गरीब बच्चों के लिए वरदान है मिशन वात्सलय : सुनील कुमार



सुलगवान में महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देते हुए।

**भरेड़ी।** महिला एवं बाल विकास विभाग वृत्त जाहू के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र सुलगवान में पर्यवेक्षक सुनील कुमार नड्डा अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बच्चों के स्वास्थ्य और संरक्षण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान से मिशन वात्सलय योजना शुरू की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बाल कल्याण और उनको सहायता सुनिश्चित करना है। इसके तहत बच्चों का कल्याण और पुर्नवास के साथ स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के अवासियों को कोचिंग, छात्रावास शुल्क, शिक्षण शुल्क आदि के लिए प्रतिमाह एक लाख प्रदान किए जा रहे हैं। इस दौरान सरला देवी, सावित्री रांगड़ा, वीना देवी, प्रोमिला देवी व अन्य उपस्थित रहे।

### एपीएमसी हमीरपुर ने पारित किया वित्त वर्ष 2024-25 का बजट

## सब्जी मंडियों पर खर्च होंगे 1.46 करोड़ : अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

नवगठित कृषि उपज मंडी समिति हमीरपुर की बैठक शुक्रवार शाम को अजय शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मंडी समिति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। इस बैठक में विशेष रूप से कृषि उपज मंडी समिति के वार्षिक बजट वर्ष 2023-24 के पुनर्विनियोजित बजट और वित्त 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट पर चर्चा की गई। वित्त वर्ष 2024-25 में 3,81,77,500 रुपए की आय तथा 3,74,80,800 रुपए व्यय प्रस्तावित किया गया। समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि जिला हमीरपुर में विभिन्न मंडियों के निर्माण कार्यों के लिए कुल 1,46,41,600 रुपए की राशि रखी गई है।

अजय शर्मा ने कहा कि मुख्य सब्जी मंडी हमीरपुर के लिए लाहड़ में लगभग 20 कनाल भूमि का चयन कर लिया गया है। इस भूमि के हस्तांतरण के संबंध में भी बैठक में व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

सब्जी मंडी जाहू, सुजानपुर और हमीरपुर में खाली पड़ी दुकानों के आवंटन के लिए भी बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया, ताकि संबंधित क्षेत्रों के किसानों-बागवानों को उनकी उपज के उचित दाम मिल सकें। बैठक में समिति के अध्यक्ष विजय बन्याल, दीप चंद, रमेश पराशर, केवल कृष्ण शर्मा, सुनील कुमार, अशोक कुमार, संतोष कुमार, उत्पादक सदस्य नीलम कुमार, व्यापारी सदस्य, सरकारी सदस्य के रूप में कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेश धीमान, उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश्वर परमार, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. देवेंद्र कतना, नायब तहसीलदार जगदीश कुमार, समिति की सचिव अरुणा शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



नवगठित कृषि उपज मंडी समिति हमीरपुर की बैठक में उपस्थित अजय शर्मा व अन्य।

**पीड़ा** | तीन माह से खराब है दूरबीन, मरीजों को जाना पड़ रहा टांडा

# मेडिकल कॉलेज में नहीं हो रहे पथरी के ऑपरेशन

### कब होगी नई मशीन की खरीद, 12 साल पहले खरीदी थी फिलहाल पुरानी की मरम्मत से भी चल सकता है काम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान स्पैशल

राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में पथरी का ऑपरेशन करने वाली दूरबीन मशीन तीन महीने से खराब है और मरीज प्राइवेट में ऑपरेशन करवाने पर मजबूर हैं या फिर टांडा या शिमला रेफर होना पड़ रहा। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है। बेवजह की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है।

मेडिकल कॉलेज में रोजाना पथरी से पीड़ित मरीजों की तादाद कम नहीं हो रही। दो-तीन मरीज यहां रोजाना पहुंचते हैं। दूरबीन विधि से इन्हें निकालने के लिए ऑपरेशन-डे रखे गए हैं, लेकिन मशीन खराब है तो ऑपरेशन-डे के कोई मायने नहीं।

अस्पताल की मौजूदा खराब हुई मशीन तकरीबन 12 साल पुरानी बताई जा रही है। अधिकारियों की मानें तो नई मशीन खरीदने का प्रोसेस शुरू हो गया है। रोगी कल्याण समिति की बैठक में इसे मंजूरी भी मिल गई है, लेकिन जिस चैनल से इसकी खरीद होगी, उसमें अभी वक्त लगेगा। नई मशीन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी और इसकी कीमत एक करोड़ के आसपास बताई जा रही है। बजट में समिति ने इसका प्रावधान भी कर दिया है। (अनंत ज्ञान)





> फिलहाल समस्या तो है लेकिन रोगी कल्याण समिति ने नई मशीन खरीदने के लिए मंजूरी दे दी है। फाइल स्वीकृति के लिए भेजी है, प्रक्रिया में थोड़ा वक्त लगेगा। एक बैंक आईसीआईसीआई ने भी छोटी क्षमता वाली मशीन डोनेट करने का इजहार किया है, उसका प्रोसेस भी चल रहा है। उम्मीद है यह चैनल पहले सुविधा प्रदान कर देगा।
>
> -डॉ. रमेश भारती, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज हमीरपुर

## न्यूज ब्रीफ

### राजपुरा में लगाया निशुल्क प्रशिक्षण शिविर

**बिलासपुर।** यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर द्वारा बिलासपुर खंड के अंतर्गत राजपुरा पंचायत में मशरूम उत्पादन का 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण समाप्त हो गया। इस शिविर में राजपुरा पंचायत की महिलाओं ने उन्नति प्रोजेक्ट के अंतर्गत मशरूम उत्पादन की ट्रेनिंग प्राप्त की। इस प्रशिक्षण की समाप्ति पर मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी बिलासपुर सुनील कुमार ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिए। इस अवसर पर पंचायत प्रधान हेमा देवी, पंचायत सचिव सुरेश कुमार, एफएलसीसी बीडी सांख्यान, संकाय सदस्य लीना शर्मा व ऑफिस असिस्टेंट अजय चंदेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पॉजिटिव थिंकिंग पर कार्यक्रम आयोजित

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में प्रजापति ब्रह्माकुमारी बिलासपुर सेवा केंद्र की ओर से आर्ट ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया, इसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हिप्नोथेरेपिस्ट कॉर्पोरेट काउंसलर और प्रेरक प्राध्यापक डॉ. सचिन पर्व ने स्मार्ट स्ट्रेस मैनेजमैंट एवं राइट थिंकिंग विषय पर व्याख्यान दिया। इस विषय पर डॉक्टर सतीश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्राएं और अस्पताल के कर्मचारियों ने भाग लिया।

### 'वो दिन कार्यक्रम' के तहत लगाया शिविर



**दधोल।** बाल विकास परियोजना घुमारवीं के वृत लेठवी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पध्याण में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन 'वो दिन कार्यक्रम' के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन वृत्त पर्यवेक्षक विक्रांत चौहान की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में पंचायत प्रधान तारा चंद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत की। इस अवसर पर वृत पर्यवेक्षक विक्रांत चौहान ने महिलाओं को जागरूक किया।

### विजय बने चालक-परिचालक महासंघ के अध्यक्ष

**हमीरपुर।** राजकीय-अर्द्धराजकीय चालक-परिचालक महासंघ जिला हमीरपुर के चुनाव जिला पंचायत संसाधन केंद्र सलासी हमीरपुर में प्रदेशाध्यक्ष अनिल गौतम, राज्य कार्यकारिणी हिमाचल प्रदेश के चुनाव अधिकारी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से विजय रमन को राजकीय-अर्द्धराजकीय चालक परिचालक संघ हमीरपुर का अध्यक्ष, मधुसूदन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, यशपाल सिंह उपाध्यक्ष, जसवीर सिंह महासचिव, मंगल सिंह अतिरिक्त सचिव, राज कुमार कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार मुख्य सलाहकार, प्रेस सचिव इंद्र सिंह, मुख्य कानूनी सलाहकार नरेंद्र कुमार, शिवजी कुमार संयुक्त सचिव, राजकुमार मुख्य संरक्षक, राज कुमार कार्यालय सचिव व सुभाष चंद, प्रकाश चंद आदि को कार्यकारी सदस्य बनाया गया।

### स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन एक राष्ट्रव्यापी पहल : डॉ. राहुल

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में एकदिवसीय हैकथॉन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ. राहुल शर्मा ने बताया कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जो स्टूडेंट्स को हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करता है और इस प्रकार उत्पाद नवाचार की एक संस्कृति और समस्या को हल करने की मानसिकता विकसित करता है। स्टूडेंट्स को निजी क्षेत्र के संगठनों के भीतर आने वाली चुनौतियों पर काम करने और दुनिया की कुछ शीर्ष कंपनियों के लिए विश्व स्तरीय समाधान बनाने का अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम में 15 टीमों में 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें उन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने आइडिया प्रस्तुत किए। विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

### सरकार की योजनाओं से किया जागरूक



**बिलासपुर।** महासंगम थिएटर ग्रुप द्वारा श्री नैना देवी विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत री व ग्राम पंचायत गवांणडल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें गीत संगीत और कर्नाटक के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी नीतियों को योजनाओं के बारे में बताया गया। महासंगम के कलाकारों में विकास कुमार, शिवांगी रघु, नीलम शर्मा, आकाश चैधरी, ऋषभ कृष्णा, राजीव कुमार, नरेश सोनी, अनमोल आदि मौजूद रहे।

# बंबर ठाकुर पर हमले के विरोध में प्रदर्शन



कांग्रेस के कार्यकर्ता शहर में रोष रैली के बाद भाजपा का पुतला फूंकते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- शहर में निकाली रोष रैली, फूंका भाजपा का पुतला
- कहा- आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर किया जाएगा बड़ा आंदोलन

बिलासपुर में सदर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए जानलेवा हमले ने एक बड़ा आंदोलन का रूख अपना लिया है। इसी कड़ी में शनिवार को बिलासपुर मुख्यालय पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर रोष रैली निकाली।

इस रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के चंपा पार्क पर भाजपा का पुतला भी फूंका। क्योंकि इस मामले में जुड़े आरोपी भाजपा कार्यकर्ता है और इससे इस मामले में आरोप लगाए जा रहे हैं कि यह हमला भाजपा की सोची समझी साजिश थी, पूरे शहर में निकाली गई रोष रैली व पुतला फूंकने के बाद चेतना चौक पर संबोधन भी किया गया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर इस सारे मामले की कड़ी निंदा भी की है। अगर इस मामले में जुड़े सभी आरोपियों को बिलासपुर पुलिस द्वारा पकड़ा नहीं जाता है तो यह आंदोलन और भी गंभीर रूप ले सकता है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**इस** अवसर पर नगर परिषद बिलासपुर अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुभाष ठाकुर, जिला कांग्रेस सचिव रणवीर चंदेल के अलावा अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाजपा पर आरोप लगाए कि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के खिलाफ षड्यंत्र रचा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से इस मामले को लेकर कार्रवाई की गई है, वह सराहनीय है। साथ ही पुलिस प्रशासन से मांग उठाई कि मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की मिलीभगत से यह जानलेवा हमला हुआ है। उन्होंने कहा कि किसी की मनमानी सहन नहीं की जाए।

## पूर्व विधायक पर 1988 में भी हुआ था हमला

**शुभम राही, बिलासपुर**

सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर 38 साल बाद फिर से जानलेवा हमला हुआ है। वर्ष 1988 में पहली बार बंबर ठाकुर पर जानलेवा हमला हुआ था और उन्हें गंभीर रूप से घायल करके गोबिंदसागर झील किनारे फैंक दिया था। जिसके अगले दिन ही बंबर ठाकुर ने जबरन बिलासपुर कॉलेज में बतौर एनएसयूआई की ओर से कॉलेज प्रेजिडेंट का चुनाव लड़ा था और उसके बाद वह कॉलेज प्रेजिडेंट चुने गए थे।



घायल बंबर ठाकुर।

वहीं, अब एक बार फिर से बंबर ठाकुर पर जानलेवा हमला होने पर ठाकुर को वही हादसा याद आया है। ठाकुर ने आरोप लगाए हैं कि उस समय भी उनपर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा हमला किया गया था और अब भी भाजपा की ओर से ही उन्हें मारने का प्रयास किया गया है।

### बंबर ठाकुर हैं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव

बंबर ठाकुर मौजूदा समय में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हैं। वो साल 2012 में कांग्रेस की टिकट पर बिलासपुर सदर से विधायक बने थे। इसके बाद उन्होंने साल 2017 और 2022 में हुए विधानसभा चुनाव भी लड़ा लेकिन दोनों बार उन्हें हार मिली थी। वहीं, ठाकुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रह चुके है।

### पकड़े गए आरोपियों पर है दर्जनों मामले

हमले में पकड़े गए कुछ आरोपियों पर पुलिस द्वारा पहले से ही नशे और लड़ाई झगड़ों के दर्जनों मामले दर्ज किए गए हैं। ऐसे में साफ जाहिर हो रहा है कि हमले करने वाले लड़के पहले से ही ब्लैकलिस्टिड हैं।

### कद्दावर नेताओं में रहा बंबर ठाकुर का नाम

**अपने** दंबग अंदाज से प्रचलित बंबर ठाकुर का अंदाज अन्य नेताओं से अलग रहा है। बंबर ठाकुर हमेशा सुर्खियों में रहे हैं, चाहे फिर वह चुनावों की बात हो या फिर यह जानलेवा हमला। बंबर ठाकुर हमेशा जिला की राजनीति में चर्म सीमा पर रहे है। बंबर ठाकुर ने चुनावों के समय में सीधे तौर पर कहा था कि उनको चुनाव भाजपा के प्रत्याशी से नहीं बल्कि सीधे जेपी नड्डा से है। यह सवाल अभी भी हैं जिंदा

- ठाकुर ने कहा-पहली बार कॉलेज प्रेजिडेंट बनने पर भाजपा ने करवाया था हमला

बंबर ठाकुर ने कहा कि 1988 में वह पहली बार कॉलेज के प्रेसिडेंट बने थे। तब भी उन्हें हमेशा भाजपा की ओर से जान से मारने की धमकियां दी जाती थी।(अनंत ज्ञान)

### उठे ये सवाल

1. बंबर ठाकुर पर जेपी नड्डा के दौरे के दौरान ही क्यों हुआ हमला?
2. बंबर ठाकुर पर भाजपा के ही कार्यकर्ताओं ने क्यों किया हमला।
3. क्या बंबर ठाकुर को मारने का किया था पूरा प्लान तैयार?
4. क्या पुलिस अभी भी मुख्य आरोपियों को पकड़ने में हैं नाकाम?

## नई सारली में मनाई रविदास जयंती

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

भाजपा अनुसूचित मोर्चा अप्पर मंडल श्री नयना देवी जी द्वारा गुरु रविदास की जयंती नई सारली में मनाई गई। जिस में श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा संत गुरु रविदास का जन्म 1377 ई. में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुआ था।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार गुरु रविदास जी का जन्म माघ मास की पूर्णिमा तिथि को हुआ था। इसलिए हर साल माघ पूर्णिमा के दिन उनकी जयंती मनाई जाती है। भक्ति आंदोलन में संत रविदास की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, यह भारत का इतिहास है कि संत, ऋषि या महान व्यक्तित्व के रूप में एक उद्धारकर्ता जरूरत के समय सामने आता है। श्री शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि संत रविदास जी ने विभाजित और खंडित भारत को फिर से ऊर्जावान बनाया है। उन्होंने कहा, श्रविदास जी सबके हैं और सभी रविदास जी के हैं।



गुरु रविदास की जयंती मनाने के दौरान मौजूद लोग।

## नई पीढ़ी को लगाई जा रही चिट्टे की लत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

ग्राम पंचायत औहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की कड़ी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत औहर की प्रधान प्रेम लता ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एसएचओ घुमारवीं कर्म सिंह व अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति की अध्यक्षा बिजली महंत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

औहर पंचायत के उपप्रधान रणजीत सिंह ने बताया कि जानलेवा नशा चिट्टा के खिलाफ औहर पंचायत ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुए इस नशे को पंचायत से बाहर करने की ठानी है तथा जो बच्चे गलती से इस ओर जा चुके हैंए उन्हें सही राह पर लाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।





- नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

ग्राम पंचायत औहर की प्रधान प्रेम लता ठाकुर ने अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति की अध्यक्षा बिजली महंत, सचिव पवन कुमार, राकेश चैधरी कोषाध्यक्ष व एसएचओ कर्म सिंह को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

प्रधान प्रेम लता ठाकुर ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। लेकिन कुछ अपराधिक प्रवृति के लोग बच्चों को अपना शिकार बना रहे हैं। चिट्टे की लत लगाकर इस पीढ़ी को अपना शिकार बना रहे हैं।

## बांस उत्पादकों के लिए बनेगी सोसायटी : राजेश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश में बांस उत्पादकों के लिए प्रदेश सरकार एक सहकारी सभा बनाएगी, ताकि उनके द्वारा निर्मित प्रोडक्ट्स को मार्केट में पहचान मिल सके और उनकी आर्थिकी में भी बेहतर सुधार हो सके। यह बात शनिवार को घुमारवीं में जाइका वानिकी परियोजना द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कही।

मंत्री ने कहा कि जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया के साथ एक साल से चर्चा कर रहा था कि ऐसे समुदायों को आजीविका कमाने के बेहतर अवसर प्राप्त हो इसके लिए उन्हें नई योजना बनाने के जरूरत है।

राजेश धर्माणी ने कहा कि बांस उत्पादकों के लिए जो सहकारी सभा बनेगी उसके मालिक आप ही होंगे। उनके उत्पादों को बेचने के लिए प्रदेश के नेशनल हाईवे के समीप स्वयं सहायता समूहों के लिए स्थान चिंहित कर देंगे। जाइका वानिकी परियोजना की ओर से इस प्रोजेक्ट के लिए अभी एक करोड़ का बजट प्रस्तावित है जिसे और बढ़ाया जाएगा।





एकदिवसीय कार्यशाला के दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी व अन्य।

### जाइका परियोजना देगी मशीनें : नागेश

जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने कहा कि बांस पर निर्भर उत्पादकों के लिए यह परियोजना हर संभव प्रयास करेगी। नागेश कुमार गुलेरिया ने कहा कि टीसीपी, हाउसिंग एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का विजन था कि बांस का कारोबार करने वाले समुदायों की आर्थिकी में सुधार कर सकते हैं। इसी दिशा में जाइका वानिकी परियोजना इन समुदायों के साथ खड़ी है। नागेश कुमार गुलेरिया ने कहा कि बांस के कार्यों में सुधार के लिए मशीनें भी दी जाएगी।

## गुरु रविदास जी के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए



रविदास मंदिर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने कहा कि गुरु रविदास की शिक्षाएं हमेशा प्रासंगिक रहेंगी। महान गुरु होने के साथ ही वह महान समाज सुधारक भी थे। शनिवार को संत शिरोमणी गुरु रविदास जी महाराज की 647वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहर के रौड़ा सेक्टर स्थित रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में त्रिलोक जमवाल ने कहा किउनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए और उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए।

## घुमारवीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने मनाई गुरु रविदास जयंती

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने शनिवार को गुरू रविदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई। भाजपा ने पट्टा पंचायत के पट्टा तथा लेहरी सरेल पंचायत के बलड़ा में समारोह का आयोजन किया। समारोह में भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग तथा उपस्थित लोगों ने गुरू रवि दास के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

गर्ग ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज संत रविदास जी के स्वप्न को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं चला रखी है। उन्होंने कहा कि संत रविवास जी बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। रविदास भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्त्तव्यों का भी बखूबी निभाया। इन्होंने बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी, और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। उनके उपदेशों और शिक्षाओं से आज भी समाज को मार्गदर्शन मिलता है।15वीं शताब्दी में रविदास जी ने समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

भक्ति और ज्ञान के लिए ही उनका जीवन समपिर्त रहा है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, मोर्चा के अध्यक्ष लेखराम कौल, महामंत्री हेमराज व अजय, एसटी मोर्चा अध्यक्ष प्रताप राव, बिशन दास, जैसी राम, सुरेंद्र व रक्षा कपिल सहित अन्य उपस्थित थे।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि लोगों को संबोधित करते हुए।

### श्री गुरु रविदास जयंती



श्री गुरू रविदास जयंती पर लोग रविदास के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए।

## उद्योग व्यापार की हालत खराब : डॉ. पांडेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।**

- आर्थिक हालत में सुधार के लिए सरकार को करना होगा विचार

विश्व मानव कल्याण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने कहा है कि सरकार द्वारा बाहर से इन्वेस्टर लाने का निर्णय बहुत स्वागत योग्य है। लेकिन इससे पहले अगर वर्तमान में चल रहे उद्योगों और व्यापारियों की दशा पर भी मनन किया जाता तो ज्यादा बेहतर होता वह बिलासपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 मे तथाकथित कोरोना के कारण उद्योग व्यापार करीब ठप से हो गए। कुछ भय से बंद हुए तो कुछ कुछ सरकारी आदेश पर।

इस दौरान व्यापार बन्द होने के कारण कुछ दुकाने बन्द हो गयी। दिया गया उधार मर गया जिससे व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ।

करीब यही हाल उद्योगों का भी रहा। यातायात के साधन बंद। सामान का लाना भेजना बंद। उधार की वसूली, सप्लाई बंद। एकतरफ मार्केट में उधार डूबा, दूसरी तरफ लेबर को सहयोग, बैंक का ब्याज, अन्य खर्च होने से भारी भरकम कर्ज की वापसी रुक गई। कर्ज दाताओं से तंग आकर बहुत से लोगों ने आत्महत्या करली। जो कर्जदार बचे है तंगी की हालत मे है। उन्होंने कहा कि सरकार नए इनवेस्टर लाकर उद्योग लगाने की बात करती है उनको अनुदान व छूट की बात करती है। यदि छूट व अनुदान की राशि पूर्व स्थापित उद्योगों को सहायतार्थ सरकार द्वारा दे दी जाए तो उद्योगों की हालत सुधर जाएगी। उद्योगों की हालत सुधरने से सरकार को टेक्स मजदूर को कामए बेरोजगारी पर भी लगाम लगेगी।

यह ठीक है कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री योजनाओं के माध्यम से उद्योगए व्यापार के लिए कर्ज देने का प्रचार किया जा रहा है जो कई विसंगतियों के कारण असफल होता नजर आ रहा है। आर्थिक हालत बेरोजगारी समाप्त करना है तो सरकार और बैंक दोनों को खुले रुप से विचार करना होगा।

**मुहिम** चिट्टे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान, सतर्क और सावधान होने की आवश्यकता

## चिट्टे के खिलाफ सहयोग देकर समाज को बनाएं नशा मुक्त

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पढ़ाई के साथ-साथ चिट्टे के खिलाफ लड़ाई में अपना सहयोग व समर्थन देकर समाज को नशा मुक्ति बनाने में सहयोग करें। यह आह्वान संस्कार सोसायटी घुमारवीं के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने प्रांजल आईटीआई पट्टा में छात्र-छात्राओं से घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा के अंतर्गत जागरूकता अभियान में किया। महेंद्र धर्मानी जी ने छात्र-छात्राओं तथा आईटीआई के अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज चित्ता का नशा हमारे घर-गांव आंगन-द्वारा पहुंच गया और हम सभी का नुकसान कर रहा है जिसके विरुद्ध हमें सतर्क और सावधान होने की आवश्यकता है।

महेंद्र धर्माणी ने कहा कि आज प्रशासन व पुलिस के साथ-साथ छात्रों और युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने आसपास घूमने वाले अनजान लोगों की जानकारी पुलिस वह गांव के बड़े बुजुर्गों तथा पंचायत प्रतिनिधियों को देखकर अपनी सामाजिक जिम्मेवारी को निभाने का काम युवा करें। उन्होंने कहा आज बड़ी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के अंतर्गत कुछ पथ-भ्रमित लोग आर्थिक लाभ के लिए चिट्टा बेचने का काम हमारे आसपास कर रहे हैं उनसे सतर्क रहकर उसकी जानकारी प्रशासन तक पहुंचने की आवश्यकता है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि पढ़ाई करते समय किसी भी प्रकार के दबाव में आकर नशे का प्रयोग ना करें तथा माता-पिता और अपने अध्यापकों के साथ अपनी समस्याओं और रुचि को साझा करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें।



छात्रों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए सोसायटी के सदस्य व अन्य।

### छात्र बनें जागरूकता अभियान में भागीदार

महेंद्र धर्माणी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने गांव में इस सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता पैदा करने में संस्कार सोसायटी का सहयोग करें तथा नशा या चिट्टा के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए पुलिस व प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए जागरूकता अभियान में भागीदार बने। जिससे छात्रों में भी नशे के खिलाफ लड़ने की जागरूकता आएगी और हमारे सामाज से भी नशा खत्म होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गोबिंद सागर झील किनारे आज होगी सफाई

**बंगाणा।** संत निरंकारी मिशन द्वारा 25 फरवर को 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत जागरूकता रैली और स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर लठियानी में गोबिंद सागर झील के किनारे के तट की सफाई संत निरंकारी मिशन के लगभग 200 स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही है। इस बात की जानकारी संत निरंकारी मिशन के सदस्यों ने दी।

### डॉ. रामनाथ के निधन पर शोक व्यक्त

**गोंदपुर बनेहड़ा।** भंजाल गांव के निवासी मुबारकपुर में वर्षों बतौर डॉक्टर कार्य करने वाले डॉक्टर रामनाथ शर्मा के निधन पर इलाके की जनता ने शोक व्यक्त किया है। डॉ. रामनाथ के पास इलाके के दौलतपुर मुबारकपुर अंब और आसपास के काफी लोग दवाई लेने जाते थे। डॉ. रामनाथ की इलाके में अनूठी पहचान थी, उनके निधन पर विधायक चैतन्य शर्मा, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, इलाके के लोगों, एसडीओ राजकुमार, जसवाल, चैन सिंह ठाकुर, राजन शर्मा, जगमोहन ठाकुर, संजीव पाराशर, दीपक जसवाल, विनोद ठाकुर, सुनील ठाकुर और इलाके की पंचायत के विभिन्न प्रतिनिधियों आम जनमानस ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### हरिद्वार के लिए ट्रेन चलाने पर जताया आभार

**अंब।** जिला ऊना भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चिंतपूर्णी बलवीर सिंह चौधरी ने जिला ऊना के दौलतपुर से जो ट्रेन सहारनपुर के लिए चली थी उसे केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से अब दौलतपुर से सीधा हरिद्वार कर दिया है। उसके लिए जिला ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा के हजारों परिवारों को सीधा लाभ होगा। इस बड़ी उपलब्धि के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का आभार प्रकट करते हैं। बलवीर सिंह ने कहा कि देश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक हरिद्वार धार्मिक स्थल पर जनता की बड़ी आस्था है। हर दिन हिमाचल के हजारों परिवार हरिद्वार के लिए रवाना होते हैं। ऐसे में लोगों को ऊना मुख्यालय से सहारनपुर तक रेल सुविधा मिलती थी आगे बस से सफर करना पड़ता था। लेकिन जनता की सुविधा के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अब ट्रेन द्वारा जिला ऊना को सीधा हरिद्वार से जोड़ कर जनता को सुविधा प्रदान की है।

### गुरु रविदास जी 647वीं जयंती मनाई

**दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के गांव नकडोह में संत गुरु रविदास जी महाराज की 647वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सात स्थानीय लोगों व सभा के पदाधिकारियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ पवित्र निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की गई 7 इस धार्मिक अनुष्ठान में गुरदीप सिंह एंड पार्टी तलवाड़ा वालो ने गुरु रविदास जी महाराज की अमृतवाणी का गुणगान किया 7 कार्यक्रम में दूर दूर से आए श्रद्धालुओं ने गुरु रविदास जी महाराज की अमृतवाणी का श्रवण किया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर गुरु रविदास सभा नकडोह के प्रधान राजिन्द्र संधू, उपप्रधान हंसराज, सचिव रमेश संधू, कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार, जोगिन्द्र पाल संधू आदि उपस्थित रहे।



गुरु रविदास की महिमा का गुणगान करते हुए महापुरुष।

### विधायक चैतन्य ने गुरु रविदास मंदिर में नवाया शीश

**दौलतपुर चौक।** श्री गुरु रविदास महाराज जी का 647वां प्रकाश उत्सव शनिवार को गुरु रविदास मंदिर गोंदपुर बनेहडा अप्पर में बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में गगरेट क्षेत्र के विधायक चैतन्य शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। श्री गुरु रविदास सभा गोंदपुर बनेहडा के पदाधिकारियों द्वारा विधायक को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने मंदिर निर्माण के लिए डेड लाख रूपए देने की घोषणा की। संत महापुरुषों द्वारा गुरु रविदास की जीवनी पर आधारित अमृतवाणी का गुणगान किया गया तथा मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री असाधारण शिक्षाविद् थीं : सुक्खू

## डिप्टी सीएम की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी भीड़, मुख्यमंत्री समेत शामिल हुए कई गणमान्य

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में हरोली और प्रदेश भर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। इसमें महिलाओं की संख्या से साफ पता चल रहा था कि उनकी इस वर्ग के साथ कितना भावनात्मक जुड़ाव था। प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री न केवल अपने परिवार पति व बेटी को चहेती थी बल्कि समस्त हरोली की जनता से उनका बेहतर कनेक्ट था। क्षेत्र के जो लोग श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में शामिल होने पहुंच रहे थे वे अभी तक सदमे में हैं।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू शनिवार को ऊना जिले के हरोली उपमंडल के गांव गोंदपुर जयचंद में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उनका 9 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री का आकस्मिक निधन परिवार विशेषकर मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में उन्हें एक-दूसरे का भावनात्मक सहारा बनना होगा। प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री परिवार के लिए एक बड़ी ताकत और सहारा थीं। उनके विचारों और सरल स्वभाव का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में उप-मुख्यमंत्री और उनकी बेटी से मिलते हुए।

उन्होंने कहा कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री एक असाधारण शिक्षाविद होने के साथ-साथ एक कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता भी थीं। शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। महिला उत्थान और सशक्तिकरण के लिए वह प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विश्वविद्यालय के दिनों से ही उनसे परिचित था और उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सादगी और समर्पण से सर्वश्रेष्ठ मुकाम हासिल किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्हें कभी प्रोफेसर सिम्मी से मिलने का अवसर नहीं मिला। इस प्रार्थना सभा में भाग लेकर उन्होंने महसूस किया कि प्रोफेसर सिम्मी एक बहुआयामी प्रतिभाशाली महिला थीं, उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र और सामाजिक कार्यों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सरकार के भिविन्न विभागों के आला अधिकारियों ने भी गोंदपुर जयचंद में प्रो सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में शामिल हुए। स्व. प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री के जीवन और कार्यों पर एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया। कृषि मंत्री चंद्र कुमार, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, विधायक राम कुमार, संजय रतन, भवानी सिंह पठानिया, सुदर्शन बबलू और नीरज नैय्यर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, डीसीसी अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, कांग्रेस के नेता और अन्य गणमान्य लोग भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल को दिया जाए उत्कृष्ट पाठशाला का दर्जा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

इलाके की सबसे पुरानी पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा को उत्कृष्ट पाठशाला का दर्जा दिए जाने की मांग जोरों से की जा रही है। बाबा लाल जी पुरी ने इस पाठशाला की स्थापना उस समय की थी जब इलाके में कोई भी पाठशाला नहीं थी। इस पाठशाला का काफी बड़ा ग्राउंड जहां पर एक समय में कई खेलों का आयोजन हो सकता है। इस पाठशाला से पढ़कर आज काफी छात्र ऊंचे-ऊंचे पदों पर तैनात हैं।

स्थानीय पंचायत की सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा हर तरीके से उत्कृष्ट पाठशाला बनने की योग्यता रखती है। पंचायत सदस्य ने बताया कि विधायक चैतन्य शर्मा अभी स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में आए थे इस दौरान उन्होंने पंचायत के माध्यम विधायक चैतन्य शर्मा को इस बारे में ज्ञापन दिया है।

उन्होंने विधायक से आग्रह किया है कि शीघ्र स्थानीय पाठशाला को उत्कृष्ट पाठशाला का दर्जा दिया जाए। स्कूल वार्ड से निर्वाचित पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने इस पाठशाला का नाम पाठशाला के संस्थापक बाबा लाल की पूरी के नाम पर रखने का भी विधायक चैतन्य शर्मा से आग्रह किया है। उधर इस बारे जब विधायक चैतन्य शर्मा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि इस पाठशाला को उत्कृष्ट पाठशाला का दर्जा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा ।

# वित्तीय कंपनी लाखों का फ्रॉड करके रफू चक्कर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

दर्जनों ठगी के मामले सामने उजागर होने के बाद भी लोग ऐसी फर्जी कंपनियों के झांसे में आ रहे हैं। अब ऊना में ही एक वित्तीय कंपनी लोगों से लाखों का फ्रॉड करके रफू चक्कर हो गई है। इस कंपनी के स्थानीय कार्यालय में भी ताले लटके नजर आ रहे हैं। कुछ समय तक ऑफिस का संचालन करने वाला स्टाफ लोगों को भरोसा दिला रहा था, लेकिन अब ये स्टाफ भी लापता है।

स्थानीय सिटी पुलिस चौकी में एक वित्तीय कंपनी पर वित्तीय लेन देन में लाखों का फ्रॉड करने पर एफआईआर दर्ज हुई हैं। शिकायतकर्ता नरेंद्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह वासी गांव भकरेड़ी तहसील बडसर जिला हमीरपुर, मनीश कुमार पुत्र विजय कुमार वासी गांव भयावीं बंगाणा जिला ऊना व राजेश कुमार पुत्र रतन चन्द वासी गांव जोह घनारी जिला ऊना, पूनम कुमारी पुत्री खेवटा राम वासी जाखल, ठोठा जाखल, सिरमौर, वीना देवी पत्नी सुनील कुमार गांव दियाड़ा तहसील अम्ब जिला ऊना, शिवानी पत्नी अश्वनी कुमार वासी बडसर जिला हमीरपुर, ज्योति वाला पत्नी राजेश कुमार वासी गांव दियाड़ा अम्ब जिला ऊना, अनिल कुमार पुत्र लेख राज वासी दियाड़ा तहसील अम्ब जिला ऊना, प्रकाश चन्द डोगरा वासी मैहरे तहसील बडसर जिला हमीरपुर, दविन्द्र पाल पुत्र राम लाल गांव बरेड़ी चुरूडू तहसील अम्ब जिला ऊना, कमल सिंह पुत्र नाथ राम वासी चराड़ा तहसील बंगाणा जिला ऊना ने वित्तीय कंपनी सेवन एमिरेट्स निधि लिमिटेड की डायरेक्टर चुरडी ऊना निवासी प्रियंका ठाकुर पर आरोप लगाया है कि मोहल्ला गलुआ ऊना में उन्होंने कंपनी का ऑफिस बनाया था। वर्ष 2020 में लॉकडाउन के बाद इस कंपनी द्वारा यहां कारोबार शुरु किया था। इस कंपनी के लोगों द्वारा काफी प्रोलोभन दिया गया जिसके बाद उन्होंने एकमुश्त एफडी डिपॉजिट करा दी। एफडी की निर्धारित अवधि पूर्ण हुए एक साल का अरसा बीत चुका है। इसके साथ ही कंपनी के शेयर में भी हिस्सेदारी की थी। इन लोगों ने बताया कि उनके करीब 11,55,700 रुपए बनते हैं, जो उन्हें इस कथित निधि बैंक से नहीं मिले है। इन लोगों ने बताया कि प्रियंका ठाकुर ने उपरोक्त बैंक को पिछले 10-11 महीने से बंद कर रखा है। जब वे जाते हैं तो बैंक बन्द पड़ा होता है और फोन करते हैं तो आश्वासन दिया जाता है कि कल उनके पैसे मिल जाएंगे। कुछ दिनों तक यह सिलसिला चलता रहा और अब वे सभी बैंक के चक्कर काट-काट कर तंग आ चुके हैं। बैंक में ताला लगाकर वहां कर्मचारी भी भूमिगत हो चुके हैं। कुछ दिनों तक डायरेक्टर फोन रिसीव कर रही थी, लेकिन अब ग्राहकों के मोबाइल नंबर ही ब्लॉक लिस्ट में डाल दिए हैं। इन लोगों ने यह भी बताया कि प्रियंका ठाकुर द्वारा बैंक का आफिस बदलकर अम्ब रोड़ सब्जी मण्डी ऊना के सामने भाड़े पर लिया था। जब जानकारी ली गई तो पता चला कि बिल्डिंग मालिक को बिना किसी नोटिस दिए आरोपी ऑफिस बंद करके फरार हो गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी गई है।

**पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी का दर्ज किया मामला**

# 30 लाख से चकाचक होगी बंगाणा की तुतड़ु भ्यांबी सड़क, कार्य शुरू

## घोषणा के एक माह के भीतर विधायक देवेंद्र भुट्टो ने दी जनता को सौगात

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तुतड़ु से भ्यांबी सड़क का 30 लाख से दोबारा जीर्णोद्वार होकर चकाचक होने जा रही है। और उक्त सड़क के चौड़ाई कर्ण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया हैं। बताते चलें कि एक माह पूर्व ग्राम पंचायत सुकड़ियाल के उपप्रधान अरुण मनकोटिया ने कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो से मुलाकात करके तूतडू भ्यांबी सड़क के चौड़ाई कर्ण करने का आग्रह किया था और बताया कि उक्त सड़के गाड़ियों की आवाजाही ज्यादा होने पर गाड़ियों की क्रॉसिंग करने में परेशानी होती है।

विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो न तत्काल लोनिवि के अधिकारियों को उक्त सड़क का एस्टीमेट तैयार करने के आदेश दिए। एक सप्ताह के भीतर उक्त सड़क के संबंधित विभाग ने एस्टीमेट तैयार कर दिया। और विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने एक सप्ताह के भीतर उक्त सड़क के चौड़ाई एवम सौंदर्यकर्ण के लिए 30 लाख की धनराशि का प्रावधान करवा कर विभाग को टैंडर प्रतिक्रिया पूरी करने के आदेश दिए। और एक माह के भीतर सभी कागजी कार्रवाई पूरा करके कार्य शुरू करवा दिया। और आगामी दो माह के भीतर कार्य पूरा करने के आदेश भी दिए है। अब जनता में यह भी चर्चा हैं। कि कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो की कार्यशैली फैसला ऑन द स्पोर्ट करने की है। क्योंकि उक्त सड़क के जीर्णोद्वार के लिए तत्काल एक माह में पूरी कागजी कार्रवाई करके उक्त सड़क का कार्य भी शुरू करवा दिया है।



तूतडू भ्यांबी सड़क के निर्माण में लगी मशीनरी

बताते चले कि उपमंडल बंगाणा से भ्यांबी नादौन सड़क पर दर्जनों गाड़ियों की आवाजाही रोजाना होती है। वहीं कुछ सरकारी बसें भी बाहरी राज्यों के लिए उक्त सड़क से होकर गुजरती है।। लेकिन उक्त सड़क में तीखे मोड़ होने के कारण सरकारी बसें वाया धनेटा होकर बंगाणा पहुंचती है। लेकिन अब 30 लाख से उक्त सड़क चकाचक होने से दर्जनों गाड़ियों की आवाजाही और ज्यादा बढ़ेगी। कुटलैहड़ विस क्षेत्र के किसी को आर्थिक मदद चाहिए या फिर छात्रों को पढ़ाई के लिए खर्च,बुजुर्गो को दवाई के लिए पैसे या फिर गरीब परिवार की कन्या की शादी के लिए राशन, जैसे ही कोई फरियादी विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के पास पहुंचते हैं।

### स्कूल के बास्केटबाल कोट व जिम के लिए मिले 15 लाख

कुटलैहड़ के लठियानी स्कूल में बनने वाले बास्केटबाल कोट एवं जिम के लिए 15 लाख की धनराशि स्वीकृत हो गई है। इसके अलावा विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो द्वारा कुटलैहड़ के स्कूलों में की गई घोषणाओं में खेल मैदान स्कूल भवनों के निर्माण एवम शौचालय चार दिवारी के लिए धन स्कूलों को मुहैया हो गया है। और अधिकतर स्कूलों में कार्य प्रगति पर किए जा रहे है। जो कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊंचा करने में विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के सपने को साकार करेंगे।

# अनुराग ठाकुर का चिंतपूर्णी के विकास में अहम योगदान : रविंद्र

**अनंत ज्ञान, अंब**



चिंतपूर्णी विधानसभा भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी ने कहा कि हमीरपुर के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का चिंतपूर्णी के विकास में अहम योगदान है। अनुराग ठाकुर ने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विकासात्मक कार्यों के लिए 56 लाख मंजूर किए हैं। इसके अतिरिक्त 32 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तृतीय चरण में स्वीकृत किए हैं, जिसमें चुरुडू से हम्बोली होते हुए धुसाड़ा सड़क का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त भलोन आईटीआई से लेकर भिंडला तक सड़क का निर्माण होगा तथा ग्राम पंचायत टकारला चौक से लेकर बड़ूही पुल तक सड़क का निर्माण होगा तथा नगर पंचायत अम्ब के गुरु रविदास मंदिर से लेकर वाया आठवां ल्यूमिनस इंडस्ट्री तक सड़क का निर्माण होगा। यही नहीं अमृत काल रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के लिए भी 22 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाया गया है, जिसका काम जोरों शोरों से चल रहा है।

द्विवेदी ने कहा कि ग्राम पंचायत धर्मशाला महंता में पटियाल बस्ती में समुदाय भवन के लिए 2 लाख स्वीकृत किए, ग्राम पंचायत रपोह मिसरां के ख्वाडियां पटियां एंबुलेंस रोड के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम पंचायत जवाल मोहल्ला रामपुरिया में सामुदायिक भवन के लिए 2 लाख रुपया, ग्राम पंचायत लोअर भटेड़ अनुसूचित बस्ती में समुद्ध भवन पूर्ण करने तथा नया कमरा निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए स्वीकृत किए है। ग्राम पंचायत भैरा निकट पंचायत घर सामुदायिक भवन के लिए 2 लाख रुपए स्वीकृत किया है।

**जयंती** | जिले में श्री गुरु रविदास के 647वें जन्म महोत्सव पर कार्यक्रमों का आयोजन, जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ शोभायात्रा का स्वागत

# गुरु रविदास ने समाज को अलग पहचान देने के साथ दिया भाईचारे का संदेश : देवेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने श्री गुरु रविदास के जन्म महोत्सव पर कुटलैहड़ विस क्षेत्र में करीब एक दर्जन से ज्यादा धार्मिक समागम में शिरकत करके श्री गुरु रविदास के 647वें जन्म महोत्सव की बधाई दी। विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि 15वीं शताब्दी में श्री गुरु रविदास द्वारा लिखे गए दोहे आज भी लोगों को प्रेरणा देने का काम करते हैं। संत गुरु रविदास ने समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

भक्ति और ज्ञान के लिए ही उनका जीवन समर्पित रहा है। भुट्टो ने कहा कि रविदास जी का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुआ था और संत रविदास के जन्म को लेकर कई मत हैं, लेकिन उनके जन्म को लेकर एक दोहा प्रचलित है जो इस प्रकार है। चौदस सो तैंसीस कि माघ सुदी पन्दरास. दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास, इस दोहे के अनुसार माघ माह की पूर्णिमा तिथि के दिन संत रविदास का जन्म हुआ था। इसलिए प्रत्येक वर्ष इसी तिथि पर गुरु रविदास जयंती मनाई जाती है। ऐसे में 24 फरवरी, 2024 को गुरु रविदास जी की 647वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। भुट्टो ने कहा कि संत श्री गुरु रविदास जी द्वारा 15 वीं शताब्दी में चलाया गया भक्ति आंदोलन उस समय का एक बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन साबित हुआ। इस आंदोलन ने समाज में कई बड़े बदलाव लाने का काम किया। उन्होंने अपने जीवन में कई गीत, दोहे और भजनों की रचना की जो मानव जाति को आत्म निर्भरता, सहिष्णुता और एकता का संदेश देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें समाज से जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक असमानता के भाव को हटाकर भाईचारे और सहिष्णुता का भाव अपनाने के उन्होंने ही संदेश दिया था । गुरु रविदास जी ने शिक्षा के विशेष जोर दिया। प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदास जी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं। भुट्टो ने कहा कि इस धर्म के लोग भी रखते आस्था हैं कि सिर्फ हिंदू धर्म के ही नहीं, बल्कि सिख धर्म को मानने वाले लोग भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं। इस बात का पता इसी से लगाया जा सकता है कि रविदास जी की 41 कविताओं को सिखों के पवित्र ग्रंथ यानी गुरुग्रंथ साहिब में शामिल किया गया है। बही हर जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया था। और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा,महासचिव प्रवीण शर्मा,अजय शर्मा,पूर्व प्रधान सुदर्शन शर्मा,राकेश कुमार, ठाकुर किशोरी के अलावा दर्जनों गणमान्य लोग एवं अन्य मौजूद रहे।



कोटला बंगाणा में श्री गुरु रविदास जयंती पर पुष्प अर्पित करते विधायक देवेंद्र भुट्टो।

### गांव थड़ा लडोली में पवित्र निशान साहिब चढ़ाने की रस्म पूरी

**अंब।** उपमंडल अम्ब के गांव थड़ा लडोली में श्री गुरु रविदास जी महाराज की 647वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। गुरु रविदास सभा थडा लडोली के सदस्यों तथा स्थानीय गांव वासियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ पवित्र निशान साहिब चढाने की रस्म अदा की गई। कार्यक्रम में अजैब सिंह एंड पार्टी तलवाडा वालों ने गुरु रविदास जी महाराज की अमृतवाणी का गुणगान किया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर कमेटी के सदस्य तथा कई गणमान्य नागरिकों ने उपस्थिति दर्ज कराई।



पवित्र निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा करते श्रद्धालु।

## संतोषगढ़ गुरु रविदास नगरी में बदला

**संतोषगढ़।** स्थानीय नगर के ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में जगत गुरु रविदास महाराज जी का 647वां प्रकाश उत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। देर शाम चार बजे गुरु रविदास मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। गुरु जी की पालकी को सजाया गया और नगर परिक्रमा की गई। इस दौरान सन्त ज्ञानानंद जी मौजूद रहे। शहरवासियों ने गुरुजी की पालकी में सुशोभित फोटो के आगे नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया और पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद लिया। विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। इससे पूर्व शनिवार सुबह प्रकाशपर्व के उपलक्षय पर बीते एक सप्ताह से चली आ रही प्रभात फेरियों को विराम दिया गया। युवा श्रद्धालुओं ने मंदिर की भव्य गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा के समक्ष केक काटा। मनोकामना पूरी होने पर कई परिवारों ने झंडे चढ़ाए। भव्य शोभायात्रा शाम सात बजे नगर की परिक्रमा कर वापस मंदिर परिसर में पहुंची यहां युवाओं ने डीजे पर चले गुरु रविदास जी के गानों धुनों पर भांगड़ा भी डाला।

प्रधान एडवोकेट कुलविंद्र सिंह ने बताया रविवार को भी मंदिर परिसर में दूसरे दिन आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में इस बार हर वर्ग के समाज ने शामिल होकर नगर की एकता और सद्भावना का संदेश दिया है। हरोली के दुलैहड़ गांव की सोनू ढोल मंडली ने ढोल की थाप से सबका ध्यान अपनी और आकर्षित किया।



संतोषगढ़ में श्री गुरु रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

### दूध व समोसे का लंगर लगाया

श्री गुरु रविदास समाज ने शोभा यात्रा के लिए विभिन्न प्रकार के लंगर दूध, केक , फ्रूट्स समोसे आदि की सेवा संगत के स्वागत के दौरान वितरित कर की। वहीं सर्वधर्म समभाव की उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रेम अग्निहोत्री, शादी लाल, बिक्रम चब्बा, राजेश प्रभाकर, पवन कौशल सहित कई ने गुरु महाराज की शोभायात्रा में परिक्रमा की और आशीर्वाद लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### त्वेसा ने द. अफ्रीका में पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता

**सन सिटी (दक्षिण अफ्रीका)।** भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक ने सनशाइन लेडीज गोल्फ टूर के शुरुआती टूर्नामेंट सुपरस्पोर्ट लेडीज चैलेंज में तीन शॉट की जीत से अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब हासिल किया। त्वेसा इस तरह दीक्षा डागर के बाद दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय गोल्फर बन गई। दीक्षा ने 2019 में महिला दक्षिण अफ्रीकी ओपन खिताब जीता था। त्वेसा अफ्रीका में दीक्षा और अदिति अशोक के बाद खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय गोल्फर बनीं। अदिति ने 2023 में कीनिया लेडीज ओपन जीता था।



### कुक ने रूट की प्रशंसा की

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने 'बैजबॉल' (टेस्ट क्रिकेट में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करना) शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की जमकर प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा, ''जो रूट ने आज अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं।''

### टैनिस कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

**रियो डी जनेरियो :** गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को 6-1, 3-6, 6-2 से हराया। सेमीफाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया।

### हॉकी : शॉपमैन ने मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने राष्ट्रीय महासंघ द्वारा सम्मान और अहमियत नहीं दिए जाने का दावा करने के कुछ दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। डच कोच ने 2021 में सोर्ड मरीन की जगह ली थी। शॉपमैन का अनुबंध इस साल पेरिस ओलंपिक के बाद अगस्त में समाप्त होना था लेकिन उनकी हालिया आलोचनात्मक टिप्पणियों के बाद उम्मीद की जा रही थी कि वह इस पद पर जारी नहीं रहेंगी। 46 वर्षीय कोच ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण में टीम का अभियान खत्म होने के बाद हॉकी इंडिया के अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया।



### पूर्व कुश्ती कोच को छह लोगों की हत्या के लिए मौत की सजा

**चंडीगढ़।** रोहतक की एक अदालत ने फरवरी 2021 में चार वर्षीय लड़के समेत छह लोगों की हत्या के लिए कुश्ती के पूर्व कोच सुखविंदर को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगन गीत कौर ने सुखविंदर को दोषी करार देते हुए 1.26 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। सोनीपत जिले के बड़ौदा गांव के निवासी सुखविंदर ने 12 फरवरी, 2021 को मनोज मलिक, उनकी प ी साक्षी मलिक और बेटे सरताज, कुश्ती कोच सतीश कुमार तथा प्रदीप मलिक और पहलवान पूजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### भारतीय युद्धपोत ने अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाज की सहायता की

**नई दिल्ली।** अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन या मिसाइल हमले के बाद एक व्यापारिक जहाज में आग लगने पर एक भारतीय युद्धपोत ने उसे सहायता प्रदान की। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि 'एमवी आइलैंडर' पर बृहस्पतिवार को हमला हुआ जिसमें जहाज के चालक दल का एक सदस्य घायल हो गया। नौसेना की एक विस्फोटक आयुध निपटान टीम पोत पर गई और उसे संभावित जोखिम से बचाया। इसके बाद पोत को आगे की यात्रा की मंजूरी दी गई। हमले की यह घटना हूती उग्रवादियों द्वारा लाल सागर में विभिन्न वाणिज्यिक जहाजों पर किए जा रहे हमलों को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच हुई है।

#### इसराइल का अमरीकी मीडिया में विज्ञापन

### हमास ने हथियार डाले तो जंग रुकेगी इसराइल पीछे हटा तो मिट जाएगा

**इसराइल।** इसराइल-हमास जंग शुरू हुए करीब साढ़े 4 महीने बीत चुके हैं। इस बीच इसराइल ने दुनियाभर में जंग को लेकर अपना पक्ष रखने के लिए पब्लिक डिप्लोमैसी कैंपेन की शुरुआत की है। इसके तहत इसराइल के प्रवासी मामलों के मंत्रालय ने अमेरिकी मीडिया 'द वॉशिंगटन पोस्ट' और 'द हिल' में विज्ञापन दिया है। विज्ञापन में लिखा, ''अगर हमास हथियार डाल दे तो युद्ध नहीं होगा लेकिन अगर इसराइल ने हथियार डाल दिए तो इजराइल ही खत्म हो जाएगा।'' इसके अलावा इस ऐड में हमास की स्थापना के वक्त उसके चार्टर के आर्टिकल 7 से भी एक कोटेशन लिखा गया है। इसमें कहा, ''जब तक मुस्लिम यहूदियों से लड़कर उन्हें मिटा नहीं देते, तब तक कयामत का दिन नहीं आएगा। कयामत के वक्त यहूदी पत्थरों और पेड़ों के पीछे छिपने की कोशिश करेंगे लेकिन तब उन्हें कोई नहीं बचा पाएगा।''



### विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर घटकर 617.23 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर घटकर 617.23 अरब डॉलर रहा। इससे एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 622.5 अरब डॉलर रहा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्तूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रम के बीच रुपए को संभालने के लिए रिजर्व बैंक को इस भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल करना पड़ा था। परिणामस्वरूप, रुपया इस वित्त वर्ष में अब तक की सबसे अच्छी एशियाई मुद्रा रही है।

**रांची टेस्ट** — भारत ने 7 विकेट 219 रनों पर गंवाए, इंग्लिस टीम से अभी भी 134 रन पीछे

# इंग्लैंड के स्पिन जाल में फंसी टीम इंडिया

**एजेंसी, रांची**

शोएब बशीर (84 रन देकर चार विकेट) और टॉम हार्टले (47 रन देकर दो विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन जाल में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया।

भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 219 रन बनाए। इस तरह से भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को छोड़कर भारत के युवा बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए अनुकूल पिच से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है।

भारत का स्कोर एक समय सात विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए अभी तक 42 रन की सांझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रवींद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए।

इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पैवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की सांझेदारी की। भारत की तरफ से जडेजा ने 67 रन देकर चार विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया।

अनुभवी जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई।जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की सांझेदारी करके भारतीय पारी को संवारने का बीड़ा उठाया। यह दोनों बल्लेबाज सहज होकर बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन 44 रन के अंदर तीन विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने नैसर्गिक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। भारतीय बल्लेबाज ने डीआरएस का सहारा भी लिया लेकिन इससे भी कोई फायदा नहीं हुआ। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस युवा बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ अपने कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया।

पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। जडेजा ने हार्टले पर लगातार दो छक्केलगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया। बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

### जायसवाल एक सीरीज में 600 रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बने

**रांची।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट सीरीज में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। जायसवाल ने मौजूदा पांच मैच की टेस्ट सीरीज में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट सीरीज में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया।



पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट सीरीज में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई सीरीज में हासिल की थी। एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

## सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्डकार्ड मिला

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशपि के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे।



नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे।

वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गए थे।

**अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता**

## शिमला ने किन्नौर के खिलाफ 7 विकेट पर बनाए 405 रन

**ऊना।** अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़, ऊना में तीन दिवसीय मैच शिमला और किन्नौर के बीच शनिवार को शुरु हुआ। शिमला ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 405 रन बनाए। शिमला के कबीर ने 143 रन बनाकर खेल रहे हैं। वहीं मुकुल नेगी ने 128 रन का योगदान दिया। वहीं ऊना के ग्राउंड में कांगड़ा और सोलन के बीच में मैच खेला गया।

कांगड़ा ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट खोकर 314 रन बनाए। अपूर्व वालिया ने 141 व मणि शर्मा 118 रन बनाकर खेल रहे हैं। सोलन के सौरभ और पारस धनिक ने एक-एक विकेट लिया जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

## सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर ने रणजी ट्रॉफी में लगाया दोहरा शतक

**एजेंसी, मुंबई**

मुशीर खान के नाबाद 203 रन से मुंबई ने रणजी ट्राफी क्वार्टरफाइनल के दूसरे दिन पहली पारी में 383 रन बनाकर स्टंप तक बड़ौदा के 127 रन तक दो विकेट झटक लिए। भार्गव भट्ट ने सात विकेट चटकाए लेकिन मुशीर ने मुंबई को पहली पारी में अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

इसके बाद मेहमान टीम को मुंबई ने शुरूआती झटके देकर सलामी बल्लेबाज और भारत के अंडर-19 विश्व कप खिलाड़ी प्रियांशु मोलिया (01) और ज्योत्सिनल सिंह (32) के विकेट हासिल किए। शार्दुल ठाकुर ने मोलिया और शम्स मुलानी ने ज्योत्सिनल का विकेट लिया। इससे 23वें ओवर तक बड़ौदा का स्कोर दो विकेट पर 65 रन हो गया।



पर शाश्वत रावत और कप्तान विष्णु सोलंकी ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए कोई विकेट नहीं गिरने दिया। रावत 69 और सोलंकी 23 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं लेकिन दिन सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर के नाम रहा जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी शतक को बड़े स्कोर में तब्दील किया और मुंबई को पहली पारी में मजबूत स्कोर बनाने की नींव रखी।

## आम आदमी से रू-ब-रू होने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुंबई लोकल में किया सफर

**एजेंसी, मुंबई**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम आदमी से रू-ब-रू होने का नया तरिका अपनाया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज मुंबई की लोकल ट्रेन सफर किया। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यात्रियों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वित्त मंत्री सीतारमण को यात्रियों के सवालों का जवाब देते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में, सीतारमण को लोकल ट्रेन में यात्रियों से घिरा हुआ दिखाया गया है।



वह मुस्कुरा रही हैं और उनसे बात कर रही हैं। यात्री उनसे बात करते नजर आ रहे हैं। सीतारमण ने धैर्यपूर्वक उनके सवालों का जवाब दिया और सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वह यात्रियों की समस्याओं को समझती हैं और उन्हें दूर करने के लिए काम किया जाएगा।

### सीतारमण की लोग कर रहे सराहना

**इस** वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब सराहा जा रहा है। लोग सीतारमण की इस पहल की सराहना कर रहे हैं और उनका कहना है कि इससे नेताओं और आम जनता के बीच की खाई कम होगी। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि यह कदम दिखाता है कि सीतारमण जमीनी हकीकत से जुड़ी हुई हैं और लोगों की समस्याओं को समझती हैं।

## कर्नाटक में मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में लटका

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को बड़ा झटका लगा है। दरअसल कर्नाटक सरकार द्वारा लाया गया हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक विधान परिषद से पारित नहीं हो सका। विपक्षी पार्टियों भाजपा और जेडीएस ने इसका विरोध किया।

विधान परिषद में विपक्ष के पास बहुमत है, ऐसे में विपक्ष के विरोध के चलते विधान परिषद से यह विधेयक पारित नहीं हो सका। मंदिर विधेयक को बीते हफ्ते ही विधानसभा से पारित किया गया था।

### खजाना भरने की कोशिश कर रही सरकार : विपक्ष

भाजपा और जेडीएस का आरोप है कि सरकार मंदिरों पर टैक्स लगाकर अपने खाली खजाने को भरना चाहती है। विपक्ष के अनुसार, सरकार को कम कमाई वाले मंदिरों के पुजारियों के लिए कल्याण के लिए बजट में अलग से फंड का प्रावधान करना चाहिए।



### क्या हैं विधेयक में प्रावधान

**विधेयक** में प्रावधान है कि राज्य के जिन मंदिरों की सालाना कमाई 10 लाख रुपए से लेकर एक करोड़ रुपए तक है, उन पर पांच प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है। वहीं जिन मंदिरों की कमाई सालाना एक करोड़ रुपए से ज्यादा है, उन पर 10 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है। मंदिरों की कमाई से प्राप्त फंड को एक कॉमन पूल फंड में रखे जाने का प्रावधान है।

### बिहार के अरवल में मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़, 14 काबू

**नई दिल्ली।** बिहार के अरवल जिले में एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और उपकरण बरामद किए हैं। छापेमारी के दौरान नौ हथियार कारीगरों और दो महिलाओं सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हथियार, गोला-बारूद, फिनिशिंग मशीन, एक खराद मशीन और कच्चा माल भी जब्त किया गया। यह फैक्टरी नागेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुकेश पटेल के घर में चल रही थी।

### सुकमा में एक नक्सली किया ढेर

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ और हमले की वारदातें इन दिनों काफी बढ़ गई हैं। सुकमा के बुर्कालंका इलाके में डीआरजी जवानों के साथ नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में डीआरजी जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है। पुलिस ने हथियार भी बरामद किए हैं और सर्च ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है।

## संदेशखाली में स्थापित सरकारी शिविर को 1,250 से अधिक शिकायतें मिली

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के अशांत संदेशखाली क्षेत्र में सरकारी शिविरों में भूमि विवादों से संबंधित 400 शिकायतों सहित कुल 1,250 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जहां प्रशासन स्थानीय लोगों की शिकायतों को दूर करने के लिए एक जनसंपर्क कार्यक्रम चला रहा है। स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं पर भूमि अतिक्रमण और यौन दुर्व्यवहार के आरोपों के कारण हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शन का केंद्र रहे संदेशखालीके ब्लॉक-2 में सबसे अधिक करीब 1,000 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

भाजपा ने टीएमसी और स्थानीय प्रशासन पर महिलाओं के खिलाफ अपराध और ग्रामीणों के शोषण में मिलीभगत का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने दावा किया, ''उनकी निगरानी में ऐसे अत्याचार क्यों हुए? तृणमूल कांग्रेस और स्थानीय प्रशासन ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा को अंजाम देने में मिलीभगत की।'' संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

**रूस-यूक्रेन जंग के दो साल** — यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत जबकि 18,500 लोग घायल

# 65 लाख यूक्रेनी बेघर, युद्ध ने रूस को 15 साल पीछे धकेला

**एजेंसी, कीव/न्यूयॉर्क**

रूस-यूक्रेन जंग को आज दो साल पूरे हो गए। 24 फरवरी 2022 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इसे मिलिट्री ऑपरेशन बताया। इस हमले में अब तक 40 लाख से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को देश छोड़ना पड़ा। ये लोग अन्य देशों में रिफ्यूजी की तरह रह रहे हैं। 65 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश में ही बेघर हो गए हैं। यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत हुई है जबकि 18,500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन का दावा है कि रूस 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है। इस बीच अमरीका ने रूस की 500 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इधर रूस ने भी यूरोपियन यूनियन की कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं।



### 4.30 करोड़ लोग राहत सामग्री के भरोसे



यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के कब्जे वाले 54 प्रतिशत क्षेत्र पर वापस कब्जा हासिल कर लिया है। करीब 4.30 करोड़ की आबादी वाले यूक्रेन के 1.76 करोड़ यूक्रेनी लोगों को राहत सामग्री के भरोसे रह रहे हैं।

### यूक्रेन के 30 हजार से ज्यादा युवा लापता

**यूक्रेन** में 30 हजार से ज्यादा यूक्रेनी अभी भी लापता हैं। उनके परिजन को उनकी रिहाई का इंतजार है। रूसी कब्जे वाले यूक्रेनी शहर दोनेत्स्क में रहने वाली इरिना हमेशा फोन पर निगाह रखती हैं। करीब 19 महीने पहले दोनेत्स्क में रूस से लड़ रहे उसके 25 साल के बेटे व्लादिस्लाव से आखिरी बार बात हुई थी।

### *दोनों देश जूझ रहे सैनिकों की कमी से*

***रूस*** *और यूक्रेन दोनों देश सैनिकों के संकट से जूझ रहे हैं। यूक्रेन सरकार ने सेना में भर्ती होने की उम्र घटाने का प्रस्ताव रखा है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं, पुतिन ने सैनिकों की कमी दूर करने लिए आदेश जारी किया है, जिसमें रूस की तरफ से लड़ने वाले विदेशी लोगों को रूस की नागरिकता देने का प्रस्ताव पेश किया है।*



### *3 लाख 15 हजार रूसी सैनिकों की मौत*

***अमरीकी*** *इंटेलिजेंस के मुताबिक रूस-यूक्रेन जंग में अब तक 3 लाख 15 हजार रूसी सैनिकों की मौत हुई है। 24 फरवरी 2022 को शुरू हुई इस जंग के पहले रूसी सेना में 3 लाख 60 हजार से ज्यादा सैनिक थे। जंग ने रूसी सेना को आधुनिक बनाने के पुतिन की कोशिशों को 15 साल पीछे धकेल दिया है। इस नक्सान से उबरने के लिए रूस अपनी सेना में रिहा हुए कैदियों को भर्ती कर रहा है। साथ ही जंग के मैदान में भी भेज रहा है।*

### 18 प्रतिशत जमीन पर रूसी कब्जा

**रूस** ने ब्लैक सी ट्रेड रूट के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा जंग की शुरुआत से अब तक रूस ने यूक्रेन की 18 प्रतिशत जमीन पर कब्जा किया है। इस जमीन पर यूक्रेन के 6 बड़े शहर (सेवेरोडोनेट्स्क, डोनेट्स्क, लुहांस्क, जपोरिजिया, मारियुपोल और मेलिटोपोल) बसे हैं। ये शहर यूक्रेन की इकोनॉमी को कंट्रोल करते हैं।

### रूस की नेवी का 33 प्रतिशत हिस्सा खत्म

**यूक्रेन** की नेवी का दावा है कि जंग के दौरान रूस की नेवी का 33 प्रतिशत हिस्सा खत्म हो चुका है। उसके तीन वॉरशिप तबाह हो गए हैं। इसके अलावा 24 छोटे शिप और कुछ सबमरीन भी अब इस्तेमाल के लायक नहीं हैं।